माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 21, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6- संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 16

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 15


# मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं: मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया अबू धाबी में पहले मंदिर का लोकार्पण

- 27 एकड़ जमीन में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मैं एक मंदिर के पुजारी की योग्यता रखता हूं या नहीं यह मुझे नहीं पता लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं। मोदी ने यहां निर्मित पहले हिंदू मंदिर का लोकार्पण किया। इस मंदिर को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बाप्स ने बनाया है। मंदिर के निर्माण पर 700 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बने इस मंदिर के लोकार्पण से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए कंक्रीट मिश्रण में 55 फीसदी सीमेंट की जगह फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज संयुक्त अरब अमीरात की धरती ने मानवीय इतिहास का एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। आज अबु धाबी में भव्य और दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है। इस पल के पीछे वर्षों की मेहनत लगी है। इसमें वर्षों पुराना सपना जुड़ा है। इसमें भगवान स्वामी नारायण का आशीर्वाद जुड़ा है। आज प्रमुख स्वामी जी जिस दिव्य लोक में होंगे, उनकी आत्मा जहां होगी, वहां प्रसन्नता का अनुभव कर रही होगी। उन्होंने कहा कि आज बसंत पंचमी का पवित्र त्योहार भी है। यह मां सरस्वती का पर्व है। मां सरस्वती यानी बुद्धि और विवेक की, मानवीय प्रज्ञा और चेतना की देवी है। ये मानवीय प्रज्ञा ही है, जिसने हमें सहयोग, सामंजस्य, समन्वय और सौहार्द जैसे आदर्शों को जीवन में उतारने की समझ प्रदान की है।



अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### यह मंदिर मानवता की सांझी विरासत का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक संयुक्त अरब अमीरात बुर्ज खलीफा, फ्यूचर म्यूजियम, शेख जायद मस्जिद और दूसरी उच्च तकनीक वाली इमारतों के लिए जाना जाता था, अब उसकी पहचान में एक और सांस्कृतिक अध्याय जुड़ गया है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इससे यूएई आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ेगी और लोगों से लोगों का संपर्क भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं पूरे भारत और विश्व भर में रहने वाले करोड़ों भारतवंशियों की ओर से यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को और यूएई सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं यूएई के लोगों के प्रति भी उनके सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि अबू धाबी का यह विशाल मंदिर केवल एक उपासना स्थली नहीं है, बल्कि मानवता की सांझी विरासत का प्रतीक है। ये भारत और अरब के लोगों के आपसी प्रेम का भी प्रतीक है। इसमें भारत और यूएई के रिश्तों का एक आध्यात्मिक प्रतिबिंब है।

### अयोध्या के परम आनंद को अबू धाबी ने बढ़ाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के अमृतकाल का समय है। अभी पिछले महीने ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ है। रामलला अपने भवन में विराजमान हुए हैं। पूरा भारत और हर भारतीय उस प्रेम भाव में अभी तक डूबा हुआ है। अयोध्या के हमारे उस परम आनंद को आज अबू धाबी में मिली खुशी की लहर ने और बढ़ा दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि मैं पहले अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर और फिर अब अबू धाबी में इस मंदिर के लोकार्पण का साक्षी बना हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परमात्मा ने मुझे जितना समय दिया है, उसका हर एक पल और परमात्मा ने जो शरीर दिया है, उसका कण-कण सिर्फ और सिर्फ मां भारती के लिए है। कहा कि एक पुजारी की योग्यता मुझ में है या नहीं, मैं नहीं जानता हूं, लेकिन 140 करोड़ भारतवासियों का पुजारी हूं और 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य देव हैं।

# बेहमई कांड में 43 साल बाद फैसला, एक को उम्र कैद

## 14 फरवरी 1981 की घटना: साक्ष्यों के अभाव में एक आरोपी को कोर्ट ने किया दोष मुक्त

- कतार में खड़ाकर चलाई गई थी गोली, 20 लोगों की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बेहमई कांड के बहुप्रतीक्षित मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 43 साल पहले 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ लूटपाट करते हुए एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ा कर उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। इस नरसंहार में 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस नरसंहार के मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। इस मुकदमे की 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए।


सुनवाई के दौरान अदालत में कई चक्रों में अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस हुई। दोनों पक्षों की ओर से अदालत में लिखित बहस भी दाखिल की गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, वहीं दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।



आत्मसमर्पण के दौरान फूलन देवी। (फाइल फोटो)

## केजरीवाल को ईडी का छठा समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था।



# 11 शहरों में 30 ठिकानों पर आयकर का छापा

- पशु आहार बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका कंपनी के ठिकानों से मिला 2.50 करोड़ रुपये
- कोलकाता, लखनऊ, बहराइच, पटना, आरा व गुवाहाटी में आयकर विभाग ने की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पशु आहार बनाने वाली कंपनी के 11 शहरों के 30 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान टीम को 2.50 करोड़ रुपये मिले। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे है। कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रहने की संभावना है।

पशु आहार (मुर्गी दाना आदि) बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका प्रा. लि. द्वारा टैक्स चोरी करने की जानकारी मिलने पर आयकर विभाग लखनऊ की जांच इकाई ने टीम ने छापा मारा। इसकी शुरुआत बहराइच के एक धर्म कांटा से हुई थी। जिसके बाद अचानक लखनऊ में सर्च शुरू हुई। इसके बाद टीम ने कंपनी ने चार प्रदेशों के 11 शहरों के 30 ठिकानों पर मंगलवार देर रात छापा मारा।

टीम ने लखनऊ, बहराइच, सोनभद्र, चंदौसी, हरदोई, बिहार के आरा, पटना, कोलकाता, सिलीगुड़ी और गुवाहाटी में कंपनी के ठिकानों पर पड़े छापों में बुधवार दोपहर तक करीब 2.50 करोड़ रुपये नकद और तमाम दस्तावेज बरामद हुए हैं। छापे की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रह सकती है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक लखनऊ निवासी नवनीत गीडिया की कंपनी इवा एग्जोटिका के बारे में सूचना मिली थी वह फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी को अंजाम दे रही है। इस सूचना के बाद जब आयकर विभाग ने कंपनी के लेन-देन को खंगाला तो तमाम वित्तीय अनियमितताओं का पता चला। इवा एग्जोटिका कोलकाता में पंजीकृत है। कंपनी के निदेशक नवनीत गीडिया, विजय कुमार गीडिया और विनीत कुमार गीडिया हैं। कंपनी का मुख्य कार्यालय कोलकाता के न्यू टाउन एरिया के डीएलएफ गैलेरिया में है। कंपनी के सभी ठिकानों की जानकारी जुटाने के बाद छापा मारने का निर्णय लिया गया।

# चित्रकूट में आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट से चार की मौत

## बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समापन समारोह से पहले ही आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट हो गया। अफरा-तफरी और भगदड़ के बीच विस्फोट से चार युवकों की मौत हो गई। देर शाम मरने वालों की शिनाख्त हो गई। विस्फोट के बाद महोत्सव स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी के पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जो इतना जबर्दस्त था कि पैनल के पास मौजूद चार लोग लगभग 30 फीट तक उछल गए। एक युवक कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा और उसके चीथड़े उड़ गए। तीन युवक नीचे मैदान पर गिरे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। देर शाम इनकी शिनाख्त कर्वी के मिशन चौराहा निवासी प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, कर्वी माफी के विद्या नगर निवासी यश पुत्र विश्व प्रताप, पारस पुत्र कंशराज और मोहित पुत्र मुकेश के रूप में हुई। ये चारो छात्र थे और महोत्सव में घूमने पहुंचे थे। इनमें से मोहित (15) को छोड़कर तीनों 13-14 साल के थे। विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।

- हादसे में सभी मरने वाले थे छात्र महोत्सव में घूमने को पहुंचे थे

### मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुःख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दु :ख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच- पांच लाख रुपये और घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का नि :शुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

### जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई: डीएम

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत रात में आयोजकों की ओर से आतिशबाजी का शो रखा गया था। अपराह्न 310 बजे विस्फोट हुआ, जिनमें दो की मौके पर ही मौत हो गई है, दो घायलों की प्रयागराज ले जाते समय सांसें थम गईं। कहा कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र सेवानिवृत्त

नई दिल्ली, एजेंसी

अनूप चंद्र पांडे की बुधवार को 65 वर्ष की आयु होने पर निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हो गया, जिससे तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में एक पद रिक्त हो गया। केंद्र सरकार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार में लगभग 37 साल के करियर के बाद पांडे जून 2021 में आयोग में शामिल हुए थे। पांडे की सेवानिवृत्ति ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिनों बाद निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल की अवधि) अधिनियम के अनुसार, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली और दो केंद्रीय सचिवों वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी। सूत्रों ने बताया कि खोज समिति की बैठक सात फरवरी को होनी थी, लेकिन बैठक स्थगित कर दी गई। वर्तमान में राजीव कुमार मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं जबकि अरुण गोयल निर्वाचन आयुक्त हैं।

## जमानत के लिए संजय सिंह पहुंचे शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष कोर्ट का रुख किया है, जिसमें दिल्ली आबकारी नीति ''घोटाले'' से संबंधित धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने सात फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, लेकिन निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया था। सिंह दिल्ली से राज्यसभा के लिए फिर से निर्वाचित हुए हैं। हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका अधिवक्ता विवेक जैन और रजत भारद्वाज के माध्यम से दायर की गई है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि जमानत देने के इस चरण में सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा के बयान की स्वीकार्यता के मुद्दे की पड़ताल नहीं की जा सकती है और इसकी पड़ताल सुनवाई के दौरान की जाएगी।

# मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

**दिल्ली चलो मार्च**

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

### केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

**चंडीगढ़।** तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

### राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।




अमृत विचार
www.amritvichar.com






# नये भारत का नया उत्तर प्रदेश

"उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है"

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट :** 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

**देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट**
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

**सर्वाधिक एक्सप्रेसवे**
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

**सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज**
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

**उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण

"जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है"

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री





**प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** से 2.63 करोड़ किसानों को 64,694 करोड़ रुपये हस्तांतरित

**प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

**पीएम कुसुम योजना** के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन

**आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना** में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

**हर घर जल योजना** के तहत 2.03 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

**पीएम स्वनिधि योजना** के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

**स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी)** के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

**पॉवर फॉर ऑल** के तहत 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन

**24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन** प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

**पीएम मित्र योजना** के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

**सेफ सिटी परियोजना** के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

**स्मार्ट सिटी परियोजना** में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

**मनरेगा** के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण













मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

## करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो

## शहर में आज

- 1090 चौराहा पर लोहिया संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस पर साइकिल रैली- 07:45 बजे।
- एलडीए कार्यालय में जनता अदालत- 10:00 बजे।
- गोमती नगर के पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी टर्फ स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता-01:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में संस्कृत नाटक धूर्तसमागम का मंचन- 06:30 बजे।
- सहकारिता भवन प्रेक्षागृह में संस्था एलायंस सोशल एंड कल्चरल ओस्सैती की ओर से अवार्ड-ए-तिरंगा सम्मान समारोह- 07.00 बजे।

## एक नजर

### छाई रही बदली, बूंदाबांदी के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुधवार को सुबह से मौसम बिगड़ा रहा। बदली छा जाने से हल्की ठंडी हवाएं भी चलीं। ऐसे में रात के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि आने वाले दिन में बारिश की संभावना बनी हुई हैं। वैसे तो बादल सुबह से ही छाए रहे। लेकिन दिन में हल्की धूप निकली। पर वो बेअसर रही। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के करीब दर्ज हुआ। देर शाम चली ठंडी हवाओं से तापमान में मामूली बदलाव आया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि आने वाले दिन में बारिश की संभावना बनी हुई है। उत्तर - मध्य क्षेत्र में कहीं-कहीं आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

### कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में आरडीएसएस योजना के तहत अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है। जिसमें जर्जर तारों को बदलने के साथ खभों को भी बदला जा रहा है। जिसके चलते शहर के अधिकांश इलाकें में घंटों बिजली गुल है। सरोजनीनगर, बंगला बाजार, बीकेटी, चिनहट, जानकीपुरम, गोमतीनगर, मड़ियांव में सबसे अधिक विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेसा अधिकारियों के अनुसार गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए फरवरी माह अनुरक्षण माह घोषित किया गया है।सभी समस्याओं को दूर करने के लिए तेजी से काम कराया जा रहा है। अनुरक्षण कार्य के खत्म होते ही उपभोक्ताओं को बिजली बाधित होने की समस्या से निजात मिल सकेगी।

### चिनहट के कई क्षेत्रों में आज ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती के चिनहट विद्युत उपकेंद्र के लौलाई से पोषित 33 केवी फीडर का अनुरक्षण गुरुवार को किया जायेगा। फीडरों के मेंटीनेंस के साथ एलटी और एबीसी लाइनों को पेड़ों के बीच से निकालने के लिए कटाई-छटाई का भी कार्य होगा।चिनहट के अधिशासी अभियंता ने बताया कि क्षेत्र में अनुरक्षण का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके चलते फीडर हासेमऊ, माधव ग्रीन ,मल्हार देवरिया ,काशीराम में बिजली की आपूर्ति को बंद किया जायेगा। सुबह 10 बजे से 1 बजे तक इन इलाकों में बिजली नही आयेगी ।

# जाम लगवा रहा लोगों को गलियों के चक्कर

## चारबाग से लेकर आलमबाग तक रोडवेज बस चालकों की मनमर्जी लोगों पर पड़ रही भारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



चारबाग की मुख्य सड़क पर सवारी बैठाने के लिए खड़ी की गई बस। अमृत विचार



बुधवार को कैसरबाग चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन और राहगीर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए योजनाओं से लेकर निरीक्षण तक हुए मगर धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं पड़ रहा है। चारबाग और आलमबाग में रोडवेज चालकों की मनमानी लोगों पर भारी पड़ रही है। सड़क पर सवारी भरने के कारण आए दिन जाम लगता है। लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए गलियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

चारबाग में रेलवे के आरक्षण केंद्र से लेकर स्टेशन तक ई रिक्शा और ऑटो चालक दो से तीन कतार में खड़े होकर सवारी भरते हैं। वहीं चारबाग में रेहड़ी, फड़ और खोखे वालों का आधी सड़क पर कब्जा है। सड़क के संकरा होने के कारण दिनभर में कई बार जाम लगता है। चारबाग को जाम से मुक्त कराने के लिए मंडलायुक्त ने तीन बार निरीक्षण किया और नगर निगम से लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों तक को निर्देश दिया मगर नतीजा शून्य रहा।

- मंडलायुक्त ने तीन बार निरीक्षण कर चारबाग में बसें सड़क पर न खड़ी करने की दी है हिदायत

> यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों और रोड पर गाड़ी खड़ी करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी, जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाई जाएगी।
>
> -अजय कुमार, एडीसीपी यातायात

मंडलायुक्त ने सड़क पर रोडवेज बसें खड़ी करके सवारी भरने वाले चालक-परिचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों का किसी के ऊपर कोई असर नहीं पड़ा। चारबाग और आलमबाग में रोडवेज चालक सड़क पर ही वाहन खड़ा करके धड़ल्ले से सवारी भरते हैं। आलमबाग में बसें सड़क पर खड़ी होने के कारण कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती है और मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं। जाम लगाने वालों का न तो पुलिस का डर और न प्रशासन का।

### कैसरबाग में रोज लगता है जाम, परेशान हो रहे हजारों लोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग बस अड्डा के आसपास के करीब एक किलोमीटर के एरिया में दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। एक बाज जो इस जाम में फंस गया। वह दोबारा इस रास्ते का प्रयोग नहीं करना चाहता है। जाम की सबसे बड़ी वजह सड़कों पर मनमाने तरीके से बीच सड़क में वाहन खड़े करना है। इसके कारण रोज केजीएमयू और बलरामपुर अस्पताल मरीजों को लेकर जाने वाली एंबुलेंस भी इसमें फंस जाती है। इसके बाद भी यातायात पुलिसकर्मी इनपर कार्रवाई करने से बचते नजर आते हैं। इसके कारण लगातार हो रहे सारे प्रयास असफल हो गए हैं। कैसरबाग बस अड्डा से रेजीडेंसी रोड, हाईकोर्ट चौराहा और कलेक्ट्रेट के आसपास की सभी सड़कें काफी चौड़ी हैं। ऐसे में इन रास्तों से सैकड़ों वाहन बिना जाम में फंसे आसानी से आवाजाही कर सकते हैं। इन चौड़ी सड़कों पर दोनों साइड से अनचाही पार्किंग दिन भर बनी रहती है, इस दौरान लगभग 500 वाहन खड़े रहते हैं। ऐसे में बीच सड़क तक दोनों तरफ से चार पहिया वाहन खड़े होने से चौड़ी सड़क भी गली में तब्दील हो जाती है। ऐसे में दोनों तरफ से रोडवेज बसों की आवाजाही से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ही दिन ब दिन जाम की समस्या और बढ़ रही है। इसके चलते इस एरिया में रोजाना हजारों वाहन चालक फंस कर परेशान हो रहे हैं।

# 16,660 करोड़ रुपये के 86 निवेश प्रस्ताव रखेगा एलडीए

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

- 11,642 लोगों को प्रत्यक्ष और एक लाख लोगों को मिलेगा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार
- ओमैक्स 1800 करोड़ और अंश डेवलपर करेगा 1500 करोड़ का निवेश
- ओरो इन्फ्रा गोल्फ सिटी में 440 करोड़ का हाउसिंग प्रोजेक्ट बनाएगी

**अमृत विचार :** राजधानी में 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण 16,660 करोड़ रुपये के 86 निवेश प्रस्ताव की आधारशिला रखेगा। निवेशक एलडीए की विभिन्न योजनाओं में टाउनशिप, अपार्टमेंट और होटल आदि में निवेश करेंगे। जिससे लगभग 11,642 लोगों को प्रत्यक्ष और लगभग एक लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इनमें अंश डेवलपर, ओरो इन्फ्रा डेवलपर, रिशिता डेवलपर, अमरावती होम्स प्रालि., ओमैक्स लिमिटेड, एमआईबी होम्स प्रालि. आदि कंपनियां शामिल हैं।

ओमैक्स लिमिटेड 1800 करोड़ रुपये के छह प्रोजेक्ट और अंश डेवलपर प्रालि. लगभग 1,500 करोड़ रुपये के पांच बड़े आवासीय प्रोजेक्ट शुरू करेगा। गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में 495 करोड़ से टाउनशिप, 343 करोड़ से व्यावसायिक बिजनेस सेंटर और अपार्टमेंट विकसित करेगा। इसके अलावा 206 करोड़ से शालीमार गैलेंट, 165 करोड़ से आवासीय प्रोजेक्ट और 144 करोड़ से क्राउन के नाम से आवासीय प्रोजेक्ट शुरू होंगे। ओरो इन्फ्रा डेवलपर लगभग 550 करोड़ रुपये निवेश करेगी। 440 करोड़ रुपये से सुशांत गोल्फ सिटी सुल्तानपुर रोड पर 408 फ्लैट का अपार्टमेंट बनाएगा।

### अतिथियों के लिए 24 होटलों में 500 से अधिक कमरे हुए बुक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अतिथियों के लिए 24 होटलों में 500 से अधिक कमरे बुक कराए गए हैं। जबकि दो से अधिक पीएसओ को सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सेरेमनी में देश के बड़े उद्योगपति आएंगे। सेरेमनी को लेकर तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिथियों के लिए होटलों में कमरे बुक करा दिए गए हैं। कमरे 18 से 21 फरवरी तक के लिए बुक कराए गए हैं। होटलों और एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। हेल्प डेस्क चौबीस घंटे काम करेगी। एयरपोर्ट पर अतिथियों के लिए लाउंज भी बनेगा। डेढ़ सौ से अधिक लाइजनिंग अधिकारी लगाए गए हैं। लाइजनिंग अधिकारी अतिथियों को अगर कोई समस्या होती है तो उसका समाधान करेंगे।

### ट्रांसगोमती के कई क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या

**अमृत विचार :** राजधानी में जैसें-जैसें पारा चढ़ रहा है, बिजली की समस्या बढ़ती जा रही है। कही घंटों बिजली की सप्लाई को बंद किया जा रहा हैं, तो कहीं लो वोल्टज के कारण बिजली उपकरण खराब हो रहें है। इसके चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। ट्रांस गोमती के पुराने महानगर, निशातगंज और जानकीपुरम के कई इलाकों मे दिनभर लोग लो-वोल्टज से परेशान रहे। इस बीच मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती ने सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए कई उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कार्य को तेजी से पूरा कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किये। ट्रांसगोमती के कई इलाकों में बुधवार को लोग लो- वोल्टज की समस्या के चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।जिसके चलते लोगों ने अपने इलेक्ट्रानिक उपकरण बंद करने को मजबूर हो गयें। फ्रिज से लेकर वॉशिंग मशीन का प्रयोग लोग आज दिन भर नहीं कर सके। ओवन और गीजर का भी लोग लोवोल्टेज के चलते उपयोग नहीं कर सके। स्थानीय निवासियों के अनुसार सुबह से ही पुराने महानगर, निशातगंज समेत जानकीपुरम में लोवोल्टज की सुमस्या शुरू हो गई।

# माफिया श्रीप्रकाश शुक्ला के नाम पर चल रहे थे 28 सोशल मीडिया अकाउंट

विनय शुक्ला, लखनऊ




श्री प्रकाश शुक्ला का फर्जी अकाउंट।

- अतीक अहमद के नाम से पांच, बाहुबली मुख्तार अंसारी के नाम से भी सोशल मीडिया पर हैं 18 फर्जी अकाउंट
- सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल मैसेज की साइबर सेल लगातार कर रही निगरानी

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रदेश के कई माफियाओं के नाम से दर्जनों अकाउंट सक्रिय हैं। इसके माध्यम से कई युवक अपना धौंस जमा रहे हैं। साइबर क्राइम सेल के अधिकारी के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की सुपारी लेने वाले माफिया डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 28 अकाउंट हैं। हालांकि उसे 1998 में पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं, लखनऊ के सीरियल किलर भाइयों के नाम से 55 अकाउंट सक्रिय हैं। साइबर सेल की टीम इन अकाउंट को संचालित करने वालों पर लगातार निगरानी रख रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म से अच्छा और बुरा संदेश आसानी से लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इसका कुछ लोग दुरुपयोग भी करने लगे है। खासकर नामी माफियाओं के नाम से अकाउंट बनाकर लोगों को धमकाना, वसूली करने की शिकायतें तो आ ही रही हैं। साथ ही माफियाओं के गिरोह भी इसी प्लेटफार्म से बढ़ाए जा रहे हैं। साइबर क्राइम सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश साहू के मुताबिक, लखनऊ में कई ऐसे नामी अपराधी है। जिनके नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट बने है। इनकी सूची साइबर क्राइम सेल ने तैयार की है। वहीं, माफिया अतीक अहमद के नाम से पांच, बांदा जेल में बंद मऊ के बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के नाम से भी 18 सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बने हैं। सेल के प्रभारी के मुताबिक में ऐसे फर्जी व अराजकता फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट की संख्या एक हजार से अधिक है।

**फरार होने के बावजूद एक्टिव** :साइबर सेल एक्सपर्ट राहुल मिश्रा के मुताबिक, कई ऐसे भी अपराधी होते हैं। जो पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं, लेकिन समय पर वह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। ऐसे में पुलिस को इस तरह के अपराधियों को पकड़ने में तो आसानी होती है, लेकिन कई बार यह पुलिस को चकमा भी दे देते हैं। साथ ही सोशल मीडिया से ही अपने गैंग का ग्रुप बढ़ाते रहते हैं। जिसकी वजह से ये अपराधी पुलिस के लिए सिरदर्द बन जाते हैं।

### भड़काऊ पोस्ट वाले दो सौ अकाउंट बंद

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोशल मीडिया पर भडकाउ बयानबाजी, पोस्ट अपलोड कर माहौल खराब करने, दंगा भड़काने, धमकाने, धार्मिक आस्था का अपमान करना, तमंचा लहराना समेत अन्य गलत कार्यों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाले खुराफातियों की 200 अकाउंट को चिह्नित कर निष्क्रिय किया गया है।

### लाइक व कमेंट करने वालों पर रख रहे नजर

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, शहर की शांति व्यवस्था को बरकरार करने के लिए अधीनस्थों को समय-समय पर निर्देश दिए जाते हैं। खासतौर जेल में बंद कुख्यात अपराधियों के गुर्गे सोशल मीडिया पर उनकी फोटो और नाम से बने अकाउंट को लाइक करने और उन पर कमेंट किए जा रहे हैं। इनके जरिए माफिया अपने गिरोह का विस्तार करने की कोशिश करते हैं। इन अकाउंट को लाइक और कमेंट करने वाले युवकों पर पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। उनकी गतिविधियों का ब्योरा जुटाया जा रहा है।

### ये होती है कार्रवाई

एक्सपर्ट के मुताबिक, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) एक्ट 2000 की धारा 67 में प्रावधान किया गया है। सामाजिक माहौल खराब करने वाले लोग इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट करता है या फिर शेयर करता है, तो उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाता है।

# 113 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 40 सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा 178 स्टेटिक मजिस्ट्रेट किए गए तैनात

**अमृत विचार:** नागरिक पुलिस सिपाही सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए जिले में 113 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में होगी। दो दिन होने वाली इस परीक्षा में 2 ,74,944 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

17 और 18 फरवरी को 60,244 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। असुविधा होने पर अभ्यर्थी हेल्पडेस्क नंबर 044-47749010 पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा के लिए बनाए गए 113 केंद्रों पर 40 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 178 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को समय से दस मिनट पहले पहुंचना पड़ेगा। गेट बंद होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को आधार कार्ड और एडमिट कार्ड की मूल प्रति समेत अन्य दस्तावेज लाने होंगे।

परीक्षा में चार विषयों सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा और मानसिक अभिरुचि, बुद्धिलब्धि एवं तार्किक क्षमता से संबंधित 150 प्रश्न होंगे। ओएमआर आधारित प्रश्न पत्र कुल 300 अंकों का होगा, जिसे दो घंटे में हल करना होगा। बोर्ड ने प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक निर्धारित किए हैं। साथ ही ऋणात्मक अंक का प्रावधान भी किया है।

# डबल डेकर बस पलटी, छह गंभीर

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी



दुर्घटना ग्रस्त डबल डेकर बस।

- 20 यात्री जख्मी, देर रात काकोरी क्षेत्र में हुई दुर्घटना

**अमृत विचार:** काकोरी थानाक्षेत्र अंतर्गत मौंदा गांव में मंगलवार देर रात उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब जयपुर से बिहार जा रही प्राइवेट डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गड्ढे में पलट गई। बस में कुल 55 यात्री सवार थे। जिसमें 20 लोग जख्मी हो गए। हालांकि, ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को फौरन लोकबन्धु अस्पताल में पहुंचाया। जिनमें छह लोगों की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, श्री बालाजी बिहार एक्सप्रेस नाम की डबल डेकर बस जयपुर से यात्रियों को लेकर बिहार जा रही थी। तभी मंगलवार की रात करीब 11 बजे आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट से होकर जैसे ही वह काकोरी के मौंदा गांव के पास पहुंची, तभी अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस के अंदर फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे में 14 यात्री आंशिक रूप से जख्मी हो गए है। जबकि छह लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर घटनास्थल से भाग निकला। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो, बस की रफ्तार काफी तेज थी। जिस वजह से चालक अपना नियंत्रण खो बैठा या फिर उसे झपकी आ गई होगी।

### जिले में 43 केंद्रों पर होगी गेहूं खरीद

**अमृत विचार, लखनऊ :** 15 मार्च से सरकारी गेहूं खरीद शुरू होगी। जिले में किसानों की सुविधा के लिए 43 केंद्र खोले जाएंगे। खरीद करने के लिए संस्थाएं नामित कर दी गई हैं। इस बार प्रदेश में 15 दिन पहले गेहूं खरीद खोले जाएंगे। जिले में 43 क्रय केंद्र चयनित किए गए हैं। जहां, किसानों से ऑनलाइन पंजीयन के आधार पर समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जाएगा। इसमें पीसीएफ 29, एफसीआई तीन व 11 शाखा विपणन केंद्र खोलेगी। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने अपर जिलाधिकारी आपूर्ति साहब लाल को जिला खरीद अधिकारी नामित किया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी निश्चल आनंद ने बताया कि अब तक 297 किसानों ने गेहूं खरीद के लिए पंजीयन कराया है। वहीं, प्रदेश में 61487 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# नगर निगम 68 करोड़ से बनाएगा किला मोहम्मदी नाला

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम 68 करोड़ रुपये से किला मोहम्मदी नाला बनाएगा। इसके लिए शासन ने बजट दे दिया है। लगभग पांच किलोमीटर तक इस नाले को पक्का किया जाएगा। इससे जोन पांच और आठ की लगभग 10 लाख की आबादी को जलभराव से राहत मिलेगी।

54 किलोमीटर लम्बे किला मोहम्मदी नाले से नगर निगम जोन पांच और आठ की जलनिकासी होती है। अतिक्रमण और कच्चा नाला होने से बारिश में ओवरफ्लो हो जाने से आशियाना, रुचि खंड, रजनी खंड सहित एयरपोर्ट और जोन पांच के गीतापल्ली, कृष्णा नगर, विजय नगर, हिन्दनगर आदि इलाकों में जलभराव हो जाता है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह समेत महापौर ने बारिश से पहले जलभराव की समस्या वाले इलाकों का निरीक्षण किया था। जिसमें नाले में अवरोध और जलभराव के कारण चिन्हित किए गए थे। पिछले महीने नगर निगम ने पांच किलोमीटर तक नाले को पक्का करने के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया था।

### नाले से प्रदूषित हो रही है सई नदी

किला मोहम्मदी नाले का गंदा पानी बिना शोधित किए सीधे सईं नदी में मिल रहा है। इससे नदी का पानी दूषित हो रहा है। जिसका दुष्प्रभाव पशु-पक्षियों से लेकर पानी में रहने वाले जीवों पर पड़ रहा है। इस पर एनजीटी ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम को एसटीपी बनाने के निर्देश दिए थे। एनजीटी नगर निगम पर प्रतिमाह पांच लाख रुपये जुर्माना भी लगा रहा है। नाला बनने से जलभराव की समस्या तो दूर हो जाएगी लेकिन नदी को दूषित होने से बचाने के लिए नगर निगम ने कोई योजना नहीं बनाई है।

### बिना डुगडुगी बजाए नहीं होगी भवन सील की कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम गृहकर के बकायेदारों के भवन बिना डुगडुगी बजाए सील नहीं करेगा। जोन छह में भवन स्वामी शीतल का मकान नगर निगम ने 50,000 रुपये बकाये पर सील कर दिया था। इसके बाद उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद अब नगर निगम ने जोनल अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। बकाया गृहकर पर कुर्की और सीलिंग करने से पहले भवन स्वामी के यहां मुनादी और डुगडुगी बजवानी जरूरी होगी।



## एक नजर

### बाल निकुंज में वसंत पंचमी पर कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेस की सभी शाखाओं में बुधवार को वसंत पंचमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज में कॉलेज प्रबंधिका पुष्पा जायसवाल ने पंडित के मंत्रोच्चारण के साथ माता सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बच्चों ने अपनी लेखनी एवं कापी-किताबों पर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी प्रकार अन्य शाखाओं में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधिका के साथ कॉलेज कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, प्रधानाचार्या डॉ. अनूप कुमारी शुक्ला इंचार्जेस एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### पुस्तकालय की वेबसाइट हुई शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में नवनिर्मित पुस्तकालय की वेबसाइट की शुरुआत की गई। व्यवस्था का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह द्वारा किया गया। पुस्तकालय की नई सेवाओं की शुरूआत भी की गई। कुलपति ने बताया कि छात्रों को नई व्यवस्था से सुगमता मिलेगी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. एपी सिंह, कुलसचिव इंचार्ज डॉ. संजय कुमार दिवाकर, डॉ. अतुल कुमार तिवारी, डॉ. केए पाण्डे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुलानुशासक बने समाज कार्य विभागाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि के मुख्य कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी को समाज कार्य विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया है। समाज कार्य के क्षेत्र में इनका लंबा अनुभव है। ये राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम



समन्वयक भी रह चुके हैं। ऐसे में इन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार भी मिल चुका है। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान विभाग में विवि के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, विभाग के शिक्षक, छात्र एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से

**सीबीएसई बोर्ड**

## परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड ले जाना होगा अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही है। इस बीच छात्रों के लिए बोर्ड की तरफ से छात्रों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

सीबीएसई ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए एडमिट कार्ड ले जाना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने सभी छात्रों से सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए कहा है क्योंकि परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू होनी है। लखनऊ में परीक्षा के लिए 38 केन्द्र बनाए गए हैं। जहां 40 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। सीबीएसई बोर्ड 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च तक और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक चलेंगी।

### दिशा-निर्देश

**बोर्ड ने परीक्षा के दिन छात्रों द्वारा पालन किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। नीचे कुछ मुख्य दिशानिर्देश दिए गए हैं जिनका पालन किया जाना अनिवार्य है।**

- ▶▶ छात्रों को परीक्षा समय से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।
- ▶▶ किसी भी छात्र को एडमिट कार्ड के बिना परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी, इसलिए छात्रों को इसे ले जाना याद रखना होगा।
- ▶▶ परीक्षा कक्ष में सामान साझा करने की अनुमति नहीं है, इसलिए छात्रों को अपनी स्टेशनरी लानी होगी।
- ▶▶ छात्रों को परीक्षा हॉल में कोई भी अनधिकृत सामग्री नहीं लानी होगी।
- ▶▶ परीक्षा हॉल में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करने वाले या किसी अनुचित साधन का उपयोग करने वाले छात्रों को बोर्ड किसी भी समय उनकी परीक्षा रद्द करने का अधिकार है। इसके साथ ही सीबीएसई बोर्ड ने अभिभावकों और छात्रों को पेपर लीक के संबंध में विभिन्न फर्जी सूचनाओं से सतर्क रहने को कहा है। बोर्ड ने कहा है कि छात्रों को सोशल मीडिया चैनलों पर चल रही ऐसी खबरों या प्रश्नपत्रों के वीडियो पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

# प्रश्न पत्र होगा आसान, लेकिन दीजिए ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड कक्षा 10 की गणित परीक्षा मंगलवार, 27 फरवरी को सुबह की पाली में आयोजित होने वाली है। परीक्षा का समय सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे होगा। पेपर का कोर्स कोड 928 है। यूपीएमएसपी द्वारा कक्षा 10 गणित के पाठ्यक्रम में 7 इकाइयां शामिल हैं।

परीक्षा पेपर के लिए आवंटित कुल समय 3 घंटे है। लिखित परीक्षा 70 अंकों की होती है। प्रश्न पत्र में दो खंड होंगे खंड अ एवं खंड ब, जिसमें खंड अ में 20 अंकों के लिए 20 एमसीक्यू हैं। खंड अ का उत्तर ओएमआर शीट में देना होगा। खंड ब में 50 अंकों के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

### प्रश्न पत्र को 3 घंटे में हल करने का करें अभ्यास

संपूर्ण गणित पाठ्यक्रम को जानना विषय में पूर्ण अंक प्राप्त करने की दिशा में पहला कदम है। गणित की परीक्षा में पास होना आसान है, बस विद्यार्थी अगर कुछ बातों का ध्यान रखे तो अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो सकता है। सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को दोहराने के लिए तैयारी के अंतिम चरण में मॉडल पेपर और अंतिम 4 वर्षों के पुराने बोर्ड के पेपर को अपने वर्तमान के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए 3 घंटे में हल करने की प्रैक्टिस करते रहें और साथ ही साथ सभी विद्यार्थी अपने लिए निम्न बातों का विशेष ध्यान रखे।

1. देर रात तक अध्ययन न करें क्योंकि यदि आप सक्रिय नहीं हैं और नींद महसूस कर रहे हैं तो यह लाभदायक नहीं होगा। इसलिए दिन में पढ़ाई करें और रात में भरपूर नींद लें।
2. दिमाग को तरोताजा रखने के लिए 25-30 मिनट के छोटे-छोटे हिस्सों में पढ़ाई करें और उसके बाद 5-10 मिनट का ब्रेक लें।
3. प्रतिदिन 15-20 मिनट का हल्का व्यायाम अवश्य करें, व्यायाम करने से मस्तिष्क की याद रखने की क्षमता बढ़ती हैं।
4. पढ़ाई के दौरान हेडफोन का इस्तेमाल न करें और न ही गाने सुनें क्योंकि इससे ध्यान भटक जाएगा।
5. फ्लैशकार्ड बनाएं, गणित के सूत्र को कागज पर लिख लें और उन्हें अपने अध्ययन क्षेत्र के पास चिपकाएं।
6. लगातार ध्यान केंद्रित करने के लिए फोन, गेम जैसे सभी विकर्षणों से दूर रहें।

# कैमरे की नजर में 511 परीक्षा केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड परीक्षाएं कैमरे की नजर में हैं। बोर्ड के जिम्मेदार और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक मिलकर परीक्षा केंद्रों पर नजर बनाए हुए हैं।

बुधवार को भी उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षाओं के आयोजन किये गए। कुल 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। ऐसे में पहली पाली में 20 हजार 247 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा छोड़ने वालों में 4 हजार 942 छात्र शामिल थे। कुल 1 लाख 15 हजार 926 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। लखनऊ स्थित परीक्षा केंद्रों पर नजर रखने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा, विशेष सचिव राम प्रताप विमल, संयुक्त सचिव हरिवक्श सिंह सहित, बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी सहित अन्य अधिकारियों ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

दूसरे दिन एकल परीक्षा का आयोजन 73 जनपदों में किया गया। एक विषय को लेकर आयोजित परीक्षा में 511 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।



लखनऊ स्थित परीक्षा केंद्रों का कंट्रोल रूम की मदद से जायजा लेते विशेष सचिव राम प्रताप विमल, संयुक्त सचिव हरिवक्श सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

**▶▶ दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं परीक्षाएं, 1 लाख 15 हजार 926 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**

"दूसरे दिन भी 511 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षाएं आयोजित की गई। एकल परीक्षा भी संपन्न हुई। किसी भी केंद्रों पर गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है।
**-प्रियंका अवस्थी,** रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा शिक्षा परिषद

# विश्वविद्यालयों में वसंत पंचमी पर विविध आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में वसंत पंचमी पर विविध आयोजन किये गए। वसंत उत्सव को लेकर लविवि में छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

वसंत उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में अभाविप महानगर की अध्यक्षा डॉ.भुवनेश्वरी भारद्वाज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप अवध प्रांत के राष्ट्रीय कलामंच की संयोजक कुसुम कनौजिया उपस्थित रहीं। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एबीवीपी लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई की राष्ट्रीय कलामंच संयोजक क्षमा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर जतिन शुक्ला, हिमांशु सिंह सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।



छात्र को सम्मानित करते विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

**भाषा में हवन-पूजन के साथ प्रसाद वितरण :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. एनबी सिंह की उपस्थिति में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। पूजन एवं हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार भावना मिश्रा, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष, डॉ. पूनम सहित अन्य शिक्षकगण तथा काफी संख्या में छात्र - छात्राएं भी मौजूद रहे।

**एकेटीयू में सरस्वती वंदना :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इस मौके पर डॉ. आकाश वेद, डॉ. विनय चतुर्वेदी, डॉ. जयबीर सिंह, डॉ. नीलकंठ मणि पुजारी सहित अन्य मौजूद रहे।

**नवयुग कन्या महाविद्यालय में मनाया गया वसंतोत्सव :** महाविद्यालय की छात्राओं ने सुंदर रंगोली, सजावट के विभिन्न सुंदर सामग्री बनाई और पूजा मंडप को सुरुचिपूर्ण सजाया। सभी छात्राएं पारंपरिक पीले परिधान में उपस्थित रहीं। सरस्वती पूजा और वसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया।

## सार-संक्षेप

### लविवि में बही सुर-ताल की रसधार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्चविद्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 का आयोजन होना है। इसको लेकर एक दिन पहले छात्रों ने नृत्य एवं गायन का पूर्वाभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित देश-प्रदेश के शिक्षाविदों के आने को लेकर विवि प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं दिन भर पूरी की जाती रहीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की भूमिका में उप कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी रहे। वीबीयूएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश चंद्र शर्मा की भूमिका का निर्वाहन प्रो. विनोद सिंह द्वारा किया गया। कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी की उपस्थिति में छात्रों ने नृत्य कला और गायन का पूर्वाभ्यास किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

### माघ मेले में सम्मलित हुए भाषा विवि के छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्र साधना श्री कुटुंब के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय माघमेला शिविर प्रयागराज में सम्मिलित हुए। इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों ने पवित्र संगम स्नान, बौद्धिक सत्र, माघ मेला भ्रमण, आनंदशाला एवं योग व्यायाम का लाभ प्राप्त किया। शिविर में सम्मिलित 30 विद्यार्थियों में से मुस्कान चौरसिया, अनुष्का सिंह, प्रिंस यादव, और राहुल यादव द्वारा मुख्य भूमिका निभाई गई। विवि कुलपति प्रो. एनबी सिंह के निर्देशन में शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान समन्वयक प्रो. चन्दना डे और डॉ. श्वेता अग्रवाल उपस्थित रहीं।

### डॉ. राजेन्द्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में सरस्वती पूजा का आयोजन


**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज के विवेकानंद सभागार में वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय और इंटर कॉलेज के छात्र- छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. डीसी श्रीवास्तव, प्रबंधक सीएल सिंह, प्राचार्या डॉ. वीके श्रीवास्तव, डॉ. यतींद्र झा, भावना सेठी आदि उपस्थित रहे।

### सेंट्रल पब्लिक स्कूल में दिखी संस्कृति की झलक

**अमृत विचार, लखनऊ :** रजनीखंड स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव को हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाई कोर्ट बार काउंसिल के सदस्य प्रशांत सिंह अटल, भोजपुरी जगत के सितारे निसार खान एवं एक्टर राज शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्य दिव्या पांडे एवं संस्थापक जेएन पांडे ने दीप प्रज्जवलित कर किया। स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा कई तरह की प्रस्तुतियां दी गई जिसमें नाटक, फीज डांस, योग प्रदर्शन समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्य रेलवे के लोकमान्य तिलक टर्मिनस यार्ड रिमाडलिंग कार्य के लिए ब्लॉक दिये जाने के कारण लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का पुनर्निर्धारण, नियंत्रण एवं शार्ट टर्मिनेशन किया जायेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन नंबर 22538 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस पुनर्निर्धारित कर 16 फरवरी को 01:25 बजे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन नंबर11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस पुनर्निर्धारित कर 18 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 18 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस पुनर्निर्धारित कर लोकमान्य तिलक टर्मिनस से निर्धारित समय सुबह 10:55 बजे के स्थान पर दोपहर 3:20 बजे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 18 फरवरी को चलने वाली 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेस पुनर्निर्धारित कर लोकमान्य तिलक टर्मिनस से निर्धारित समय दोपहर 1:50 बजे के स्थान पर दोपहर 3:50 बजे चलायी जायेगी।



भाजपा नेता अपर्णा यादव ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के घर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। इसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की है। अमृत विचार



मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करते शिक्षक अभ्यर्थी। अमृत विचार

# शिक्षक अभ्यर्थियों ने की मुख्यमंत्री आवास घेरने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास का घेराव करने की कोशिश की, जिसको पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया।

इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। अभ्यर्थियों की पुलिस से झड़प भी हुई। बाद में पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को पुलिस गाड़ी में बैठाकर ईको गार्डेन भेज दिया।

**▶▶ नियुक्ति की मांग को लेकर की नारेबाजी, पुलिस से हुई नोकझोंक**

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक उनकी मुलाकात नहीं हो पायी इसी बात से नाराज अभ्यर्थी एक बार फिर मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं अमरेंद्र पटेल ने बताया की लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच में 69000 शिक्षक भर्ती संबंधित मामले की सुनवाई चल रही है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और विभाग के अधिकारी ने हम अभ्यर्थियों से मीटिंग में जो वादे किए थे उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं।

### विद्या की देवी सरस्वती की आराधना का पर्व मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** शास्त्री मोंटेसरी स्कूल राजेंद्र नगर में बुधवार को विद्या की देवी सरस्वती की आराधना का पर्व मनाया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि अग्रवाल एवं प्रबंधक देवेंद्र कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माला पहनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की एवं दीप प्रज्वलंकर कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उक्त अवसर पर कोषाध्यक्ष विभोर कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

### एमिटी विश्वविद्यालय में वेबिनार का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमिटी लॉ स्कूल व एमिटी यूनिवर्सिटी ने मिलकर एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वाणिज्य के संदर्भ में त्वरित न्याय के लिए महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में मध्यस्थता पर जोर दिया गया।

अम्ब्रा विश्वविद्यालय, ऑरलैंडो संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रो. डेनियल ब्रांटेस फरेरा ने मध्यस्थता और वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों को संबोधित करते हुए विशिष्ट वक्ता के रूप में कार्य किया। वेबिनार में प्रो. अनिल तिवारी के निर्देशन और प्रो. डॉ. जेपी यादव व डॉ. राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में वेबिनार का संचालन हुआ। वेबिनार में एएलएस के संकाय सदस्य डॉ. रेशमा उमैर सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:

**कार्य का नाम :** समइं/बलिया के कार्य क्षेत्र में सीसेइं/बलिया के तहत छपरा-औडिहार खंड में सीटीआर (पी) (1.5) कि.मी. और अन्य ट्रैक सम्बन्धित विविध कार्य, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2023-226, **अनुमानित लागत (₹) :** 1,24,33,997/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) :** 2,12,200/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 12.03.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-226 दिनांक 12.03.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू-542

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं:- **क्र सं०:-1, निविदा सूचना संख्याः-** ई-निविदा-एल-31-23-24, **कार्य का नाम (हिन्दी):-** वाराणसी मंडल में ऊर्जा दक्षता और हरित ऊर्जा कार्य के लिए विद्युत कार्य।, **अनुमानित लागत (रु.):-** 5492108.14, **अमानत राशि (रु.):-** 109900.00, **कार्य समापन अवधिः-** 120 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः-** 07.03.2024 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-** 07.03.2024 14:30 बजे, **क्र सं०:-2, निविदा सूचना संख्याः-** ई- निविदा-एल- 32-23-24, **कार्य का नाम (हिन्दी):-** वाराणसी मंडल के रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न क्षमताओं के सौर संयंत्रों (रुफ टॉप) का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रु.):-** 61481748.50, **अमानत राशि (रु.):-** 457400.00, **कार्य समापन अवधिः-** 180 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः-** 07.03.2024 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-** 07.03.2024 14:30 बजे, **क्र सं०:- 3, निविदा सूचना संख्याः-** ई-निविदा-एल-33-23-24, **कार्य का नाम (हिन्दी):-** वाराणसी मंडल के 45 स्टेशनों पर प्लेटफार्म पर 30% और 70% प्रकाश को अलग करना और विभिन्न सेवा भवनों में 50% कन्वेंशनल पंखे को बीएलडीसी पंखे से बदलना।, **अनुमानित लागत (रु.):-** 10845223.07, **अमानत राशि (रु.):-** 204200.00, **कार्य समापन अवधिः-** 120 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः-** 07.03.2024 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-** 07.03.2024 14:30 बजे, उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजिनियर/सामान्य वाराणसी
मुजाधि/विद्युत-268

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# सबके उत्थान के लिए हो रहा काम

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है। सबके चेहरे पर मुस्कान लाकर दीनदयाल के सपने को चरितार्थ कर रही है।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उक्त बात नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सरोजनीनगर विधानसभा में आयोजित सम्मान समारोह में कही। सरोजनीनगर में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं एवं एनजीओ समूह से जुड़ी महिलाओं में नीलू त्रिवेदी, गीता शर्मा, अनिता सिंह, रंजन मिश्रा, डॉ. इंदिरा, डॉ ज्योति, डॉ. मीनू, रेखा सिंह, सरिता आदि को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मध्य विधानसभा में एसएचजी समूह से जुड़ी महिलाओं में ललिता मौर्य, भावना विश्वकर्मा, आयशा, माधुरी कश्यप, शेफाली गुप्ता, शबीना मुबेलन, नाहीद फातिमा, पूजा वर्मा आदि को प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में रजनीश गुप्ता, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, रमेश तूफानी, सकेत शर्मा, संदीप शर्मा, मनोज रस्तोगी, सरिता, नीलम तिवारी, अरुण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# केंद्र की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने गांव चलो अभियान के तहत कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

सिंह ने पश्चिम विधानसभा में हैदरगंज द्वितीय वार्ड के बूथ संख्या 32 पर प्रवास किया। क्षेत्र में लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों और क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में छह करोड़ से अधिक लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन 'मोदी की गारंटी' को मानता है। इसलिए जनता ने उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है।



गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में बताते भाजपा विधायक पंकज सिंह, साथ म। अमृत विचार

**▶▶ छह करोड़ से अधिक लोग सरकारी योजनाओं को उठा रहे लाभ**

## मेरठ के छात्रों को मिले स्टार्टअप के टिप्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में वन डिस्ट्रिक्ट वन इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मेरठ जोन से जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मेरठ जोन के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य और छात्र सम्मिलित हुए। एसोसिएट डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन्क्युबेशन सेंटर और स्टार्टअप के लिए शासन की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और वित्तीय सहायता फंड से जुड़ी जानकारियां भी कार्यशाला के दौरान साझा हुईं। इस अवसर पर छात्राओं के बीच कई अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा की गईं। इनोवेशन हब मैनेजर रितेश सक्सेना ने स्टार्टअप पालिसी 2020 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सेक्शन आठ कंपनी बनाया जाना आवश्यक है। सेंटर स्थापित करने से संस्थानों को लाभ मिलेगा।

## लविवि में फिर उठा छात्रवृत्ति का प्रकरण

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। राष्ट्रीय छात्र संगठन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर छात्रों की समस्याओं को साझा करने के लिए कहा है। आर्यन, लालू सहित अन्य छात्रों का कहना है कि लविवि में छात्रवृत्ति के अलावा कई अन्य समस्याएं है, जिसके निस्तारण को लेकर वे लोग गुरुवार को मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट- जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय-4-सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :-अध्यक्ष : मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष :-मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव : मो0 शायबा हम्फी ऐ-504/1-बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष : मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**सूचना**

पहले मेरा नाम ARUN था अब मैने बदलकर अपना नाम ARUN KUMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **D/O: INDAL, VILL AND POST BANI JAISINGHPUR SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228131**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शालनी देवी पत्नी अजय सिंह, निवासी- सिलहरा तहसील सिकंदरा जिला कानपुर देहात**, मेरा खाता औरैया के एक्सिस बैंक में ज्वाइंट खाता है। जिसमें मेरा नाम SHALINI DEVI w/o AJAY SINGH त्रुटि पूर्ण अंकित हो गया है जबकि मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड के अलावा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में SHALANI DEVI अंकित है जो कि सही है। मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाए।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## एक नजर

### मुस्लिम प्रत्याशी को राज्यसभा न भेजने का फैसला निंदनीय

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्य समिति के सदस्य मौलाना खलीलुर्रहमान सज्जाद नोमानी ने एक बयान जारी कर कहा है कि समाजवादी पार्टी द्वारा तीन लोगों को राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। इन प्रत्याशियों में एक भी मुस्लिम सदस्य नहीं है। ऐसे में मुसलमान, समाजवादी पार्टी को लेकर अपने रुख पर पुनर्विचार कर सकते हैं। कहते हैं कि पार्टी अध्यक्ष के सामने मुस्लिम कैंडिडेट मौजूद थे, जिन्हें वह राज्यसभा उम्मीदवार घोषित कर सकते थे, लेकिन उनका यह फैसला बेहद आपत्तिजनक रहा।

### राठौर क्षत्रिय सभा ने कराया 35 युगलों का सामूहिक विवाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित झूलेलाल पार्क में बुधवार को राठौर क्षत्रिय सभा ने सामूहिक विवाह का आयोजन किया। वैदिक रीति रिवाज से यहां 35 जोड़ों का विवाह कराया गया। विवाह करने वाली अधिकांश वधुएं गरीब वर्ग की थीं। सामूहिक विवाह समारोह के संयोजक कीर्ति प्रकाश राठौर ने बताया कि सभी जोड़ों को आशीर्वाद के रूप में जीवन यापन के लिए गृहस्थी का सभी जरूरी सामान दिया गया। उन्होंने बताया कि पिछले 39 वर्ष से हर साल सामूहिक विवाह का आयोजन समाज के समृद्ध लोगों की मदद से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह समारोह में वर वधु और उनके परिवार के लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है।

# मरीजों में कम कर सकते हैं 70 प्रतिशत एंटीबायोटिक दवा

## विदेशों में सर्जरी के पहले दी जाती है सिंगल डोज एंटीबायोटिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अमेरिका, जर्मनी आदि देशों की भांति अपने यहां भी एक खुराक एंटीबायोटिक में सुरक्षित सर्जरी संभव हो सकती है। मरीज कम समय व खर्च में ठीक हो सकता है। बशर्ते चिकित्सकों के साथ ही अस्पताल प्रबन्धन भी सतर्कता बरते। क्योंकि एंटीबायोटिक दवाएं हमे संक्रमण से तो बचाती हैं, मगर अत्यधिक सेवन खतरनाक भी होता है। बावजूद गंभीर मरीजों में चार-चार तरह की एंटीबायोटिक कई-कई दिनों तक दी जाती हैं। यह जानकारी संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) के एनेस्थिसिया विभाग के प्रोफेसर डॉ.संदीप साहू ने दी।

उनका कहना है कि सर्जरी के दौरान हर तरह के संभावित संक्रमण से बचाव की एंटीबायोटिक दी जाती हैं। हॉस्पिटल एक्वायर्ड इंफेक्शन (अस्पताल में होने वाले संक्रमण) बहुत खतरनाक एमडीआर (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस) होता है। इसके लिए मानकानुसार ओटी को समय-समय पर संक्रमण मुक्त करना चाहिये। सर्जरी दौरान संभावित संक्रमण को कम करके मृत्युदर कम हो सकती है। साथ ही गुणवत्तायुक्त एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता के लिए विदेशों की तरह अनुसंधान और प्रायोगिक विकास (आर एंड डी) एक ही कंपनी के पास होनी चाहिये।

साथ ही उन्होंने बताया कि अस्पताल के बाहर से आने वाले संक्रमण की रोकथाम के लिए बाहरी भोजन और बाहरी कपड़े पहन कर तीमारदारों से सीधे मिलने की प्रवृत्ति खत्म होनी चाहिये। हर मरीज में नए ग्लब्स के साथ ही सर्जिकल संसाधन प्रयोग करने चाहिये, क्योंकि स्किन समेत कई मरीजों में उपयोग होने वाले उपकरणों से भी संक्रमण पहुंचता है।

केजीएमयू में माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ.शीतल वर्मा का कहना है कि बहुतायत में एंटीबायोटिक उपयोग करने की वजह से भारत में ड्रग रजिस्टेंस बहुत है। इसके लिए इंडस्ट्री सेक्टर भी जिम्मेदार है।क्योंकि पोल्ट्री, फिशरीज और अन्य कंपनियां उत्पादन बढ़ाने के लिए (ग्रोथ प्रमोटर) एंटीबायोटिक का प्रयोग करते हैं जो कि धीरे-धीरे हमारे शरीर में प्रवेश करता है। इसके अलावा प्राइमरी हेल्थ केयर (सर्दी, जुकाम, बुखार आदि) में एंटीबायोटिक प्रयोग करने से भी ड्रग रेजिस्टेंस बढ़ जाता है। अस्पतालों में मुख्यतया निमोनिया का खतरा ज्यादा होता है, आईसीयू में वेंटिलेटर से जुड़े निमोनिया (नोसोकोमियल) की संभावना होती है। जो कि उपकरणों के माध्यम से शरीर में पहुंचता है।


डॉ.संदीप साहू


डॉ.शीतल वर्मा

### बरतें सावधानी

मामूली बुखार या अन्य किसी समस्या में एंटीबायोटिक की कोई भूमिका नहीं होती है, क्योंकि एंटीबायोटिक बैक्टेरिया रोधी होती है, जबकि मौसमी संक्रमण, डायरिया, फीवर आदि वायरस से होते हैं। जोकि 4-5 दिन बाद स्वतः ठीक हो जाते हैं, अगर कंट्रोल नहीं हो रहा है तो चिकित्सकीय सलाह से ही दवाओं लेना उचित है। अन्यथा हाई एंटीबायोटिक लेने से शरीर में अच्छे बैक्टेरिया मर जाते हैं और गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) सिस्टम खराब हो जाता है।

## गऊघाट पर 19 से शुरू हो जाएगा आवागमन

**अमृत विचार, लखनऊः** गऊघाट पुल का निर्माण तेजी से हो रहा है और 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दिन इस पर आवागमन चालू हो जाएगा। पुल का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को गऊघाट पुल ग्रीन कॉरिडोर और बसंतकुंज योजना (प्रेरणास्थल) का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने गऊघाट पुल का निर्माण समय से पूरा कराने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने ग्रीन कॉरिडोर के निर्माणाधीन बंधा रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणधीन सड़कों का काम शीघ्र पूरा किया जाए। इसमें किसी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी को हॉर्टिकल्चर के चल रहे कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए। डॉ. जैकब ने बसंतकुंज योजना में बन रहे निर्माणधीन प्रेरणास्थल का जायजा लिया। प्रेरणास्थल को निर्धारित समयावधि में पूरा करने को कहा। साथ ही लाइट और लैंड स्केपिंग का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराने को कहा।

# शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है टीबी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत चल रहे तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 31 प्राइवेट मेडिकल कालेजों के 62 चिकित्सकों को तीन दिन के दौरान टीबी की स्क्रीनिंग, शीघ्र जांच, उपचार, नए शोध से लेकर निक्षय पोर्टल पर नोटिफिकेशन से जुड़ी हर बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

आयोजक डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि प्रशिक्षण के अंतिम दिन एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी यानि दिमाग व बोन की टीबी, पेट-आंत, जननांगों की टीबी व शरीर के अन्य अंगों की टीबी के बारे में विस्तार से बताया गया क्योंकि टीबी बाल और नाखून को छोड़कर किसी भी अंग में हो सकती है। डॉ. सूर्यकांत के मुताबिक कुपोषित, एचआईवी से संक्रमित, मधुमेह से पीड़ित, शराब और धूम्रपान का सेवन करने वाले लोगों को टीबी का खतरा अधिक रहता है। कार्यक्रम में मौजूद आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉक्टर गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि देश मे हर साल प्रति लाख लोगों में करीब 185 लोग टीबी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में 245 नए मरीज मिल रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना है तो मरीजों की खोज और उनके इलाज यानी की डिटेक्ट और ट्रीट के नियम के आधार पर चलने के साथ ही हमको प्रीवेंट थेरेपी भी देनी होगी।


टीबी उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

▶▶ केजीएमयू में टीबी उन्मूलन को लेकर चल रहे प्रशिक्षण के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने दी जानकारी

## अब वित्तीय सहमति में फंसा बीपी संस्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशु जैविक औषधि संस्थान (बीपी) का संचालन आसान होने की बजाय कठिन होता जा रहा है। अब लैब विकसित करने की प्रक्रिया वित्तीय सहमति में फंसी है। इस कारण औषधि महानियंत्रक के मानकों पर लैब विकसित करने का काम शुरू नहीं हो पा रहा है। बादशाह बाग स्थित पशु पालन निदेशालय में पशुओं की वैक्सीन बनाने वाला बीपी संस्थान पांच साल से बंद है। इसकी वजह औषधि महानियंत्रक का लाइसेंस न होना है। जो लेने के लिए दो साल से पशुपालन विभाग प्रयास कर रहा है। यह पूरी प्रक्रिया करने के लिए शासन ने कमेटी बनाई थी। साथ ही लाइसेंस के लिए औषधि महानियंत्रक के मानकों पर पुरानी लैब को विकसित करने के लिए 5.10 करोड़ रुपये दिए थे। लैब विकसित करने के लिए कंपनी नामित की गई लेकिन, बजट खर्च करने की सहमति नहीं मिल पाई है। जबकि नवंबर तक सभी काम कर वैक्सीन का उत्पादन करना है। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पीएन सिंह ने बताया कि अभी इसकी जानकारी कर उचित कार्रवाई करेंगे।

**1962 सेवा के कर्मियों का वेतन खा रही कंपनी :** पिछले वर्ष पशुओं के उपचार के लिए शुरू हुई मोबाइल वेटरनिरी यूनिट (1962 सेवा) के चिकित्सक, एमटीवी व चालकों के वेतन से हो रही मनमानी कटौती नहीं रुकी है। कर्मियों के मुताबिक वेतन से अधिक धनराशि काटी जा रही है। उदाहरण के तौर पर एमटीवी का वेतन 20 हजार है। जिन्हें छह माह तक 7200 रुपये दिए गए। बाद में बढ़ाकर 13 हजार किए गए।

# श्वान जैक्सन ने सबसे अधिक बार खोजा विस्फोटक व मादक पदार्थ


पुलिस ड्यूटी मीट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्वान के साथ पुलिसकर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में तेलंगाना पुलिस के एचसी रामा कृष्ण रेड्डी को मिला प्रथम स्थान

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के तीसरे दिन आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिता में जवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। लखनऊ के उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय में 26 प्रतिभागी कंप्यूटर जागरूकता के लिए आयोजित गतिविधि-द्वितीय में शामिल हुए। मीट में अब तक 28 श्वान ट्रैकिंग इवेंट में भाग ले चुके हैं। मादक और विस्फोटक पदार्थों की खोज श्वान ने की। लेकिन यह आसान नहीं था। मानव शरीर, वाहनों और बैग में मादक और विस्फोटकों को रखा गया था। खास बात यह रही कि गुजरात पुलिस के एक श्वान नामक जैक्सन ने अपने करियर में 360 से अधिक मामले में खोज पूरी की। उसने शानदार प्रदर्शन किया। अज्ञात प्रविष्टि जांच प्रतियोगिता जेआरआरपी अकादमी के पीटी मैदान मेंआयोजित हुई, जिसमें प्रत्येक टीम को एक निर्धारित समय अवधि दी गई थी। विभिन्न पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 25 टीमों से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आईबी के सहायक निदेशक एके ध्यानी और तीन ज्यूरी सदस्यों ने टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। पुरस्कार वितरण समारोह जेआरआर आरपीएफ में संपन्न हुआ। इसमें प्रथम स्थान पर तेलंगाना पुलिस के एचसी रामा कृष्ण रेड्डी रहे। तेलंगाना पुलिस के एचसी पवन पी दूसरे और आरपीएफ से एएसआई राम किशोर शर्मा को तीसरा स्थान मिला। जेआरआरपी अकादमी में आयोजित वैज्ञानिक अन्वेषण के साधन कार्यक्रम में 87 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## अवध एक्सप्रेस 11 अगस्त तक मोड़क स्टेशन पर रुकेगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की मांग को देखते हुए ट्रेन नंबर-19037/19038 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के मोड़क स्टेशन पर 14 फरवरी से 11 अगस्त तक प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा। ट्रेन नंबर 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस 14 फरवरी से पश्चिम मध्य रेलवे के मोड़क स्टेशन पर सुबह 11:18 बजे पहुंचकर 11:20 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 14 फरवरी से पश्चिम मध्य रेलवे के मोड़क स्टेशन पर दोपहर 1:03 बजे पहुंचकर 1:05 बजे रवाना होगी।

## निषाद संघ ने मनाया कैबिनेट मंत्री का जन्मदिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में यूपी के जल शक्ति कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का 60वां जन्मदिन राष्ट्रीय निषाद संघ द्वारा मनाया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद मंत्री ने केक काटा तथा कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रीय निषाद संघ (नेफ) उ.प्र के प्रदेश महासचिव राजेंद्र निषाद को उनका जन्मदिन मनाने के लिए धन्यवाद किया। वहीं स्वतंत्र देव सिंह का जन्मदिन मनाने के लिए प्रदेश भर से कश्यप, निषाद समाज के पूर्व मंत्री हीरालाल कश्यप एवंसुरेश कश्यप पूर्व एमएलसी समेत बड़ी संख्या में लोग लखनऊ में उपस्थित हुए।

# डीआरएम ने दिए सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के बारे में ली विस्तृत जानकारी

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने बुधवार को मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ रायबरेली जं.- उतरेटिया रेल खंड के मध्य विंडो ट्रेलिंग से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रायबरेली जं. स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत 40.69 करोड़ रुपए की लागत से किये जाने वाले स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने द्वितीय प्रवेश द्वार पर चल रहे कार्यों को देखा और स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बेहतर किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सभी प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग की व्यवस्था, कार्यालय, वेटिंग एरिया, पेय जल, सफाई व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। बछरावां रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, कार्यालय और कर्मचारियों की आवासीय कालोनी का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के अगले क्रम में डीआरएम ने मोहनलाल गंज रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत 7.24 करोड़ रुपए एवं उतरेटिया रेलवे स्टेशन पर 36.02 करोड़ रुपए की लागत से किये जाने वाले स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के बारे मे विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति वीएस यादव सहित मंडल के अन्य अधिकारी और रेलकर्मी उपस्थित रहे।


केजीएमयू के प्रांगण में वसंत पंचमी के दौरान आयोजित कार्यक्रम में सेल्फी खींचती मेडिकल छात्राएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


भूतनाथ मार्केट के अहिंसा पार्क में रक्तदान शिविर में उपस्थित व्यापारी। अमृत विचार

### रक्तदान और सरस्वती पूजा कर मनाई वसंत पंचमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श व्यापार मंडल, बंधु महल और जैन मिलन साकेत ने संयुक्त रूप से वसंत पंचमी, सरस्वती पूजा के अवसर पर बुधवार को भूतनाथ मार्केट अहिंसा पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने की। इस अवसर पर जैन मिलन साकेत के अध्यक्ष धीरज जैन, महामंत्री अभिषेक जैन एवं बंधु महल के अध्यक्ष मनोज भद्रा, महामंत्री सुशांतो घोष की मौजूदगी रही। रक्तदान शिविर में लोहिया अस्पताल के चिकित्सकों ने विशेष रूप से सहयोग किया। शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बंगाली समाज के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती का प्रसाद खिचड़ी का भी वितरण किया गया। बंधु महल संस्था की महिला पदाधिकारियों ने सरस्वती वंदना एवं सरस्वती पूजन भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अनिल जी एवं कमलेश जी की उपस्थिति रही। उन्होंने रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाया और लोगों को प्रेरित किया कि समाज के लिए सभी लोग रक्तदान के लिए आगे आएं। जैन समाज के कोषाध्यक्ष मनोज जैन, अनुरोध जैन, शिप्रा जैन, डॉ. आनंद जैन तथा बंधु महल संस्था के पदाधिकारी बीएम चक्रवर्ती, शुदीप्तो दत्ता, एसके नंदी, भूतनाथ के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, सुमित सिंह, नगर उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव एवं महिला इकाई की संरक्षक शिखा सिंह पटेल तथा महिला इकाई की ऋचा मौजूद रहीं।

### व्यापारी सम्मेलन में हिस्सा लेंगी राज्यपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की देखरेख में आगामी 18 फरवरी को चारबाग स्थित रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले व्यापारी सम्मलेन एवं सम्मान समारोह में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल शामिल होंगी। इस बात की जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने दी। उन्होने बताया कि व्यापारी सम्मलेन एवं सम्मान समारोह में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ''हिन्दुस्तान की आजादी से लेकर 21वीं सदी में उद्योग व्यापार की देश के उत्थान योगदान'' विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगी। अमित गुप्ता ने बताया कि समारोह में मनीष अग्रवाल (जालौन), संदीप अग्रवाल (बांदा), दीपक अग्रवाल (नोएडा), अनीता अग्रवाल (लखनऊ), गोविन्द बाबू टाटा (फतेहपुर), आलोक आर्या (सुल्तानपुर), राजीव जयराम (आगरा), ओमकार नाथ केशरी (प्रयागराज), सन्तोष गुप्ता और अजीत सिंह बग्गा को राज्यपाल सम्मानित करेंगी।


वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात के दौरान व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

### 45 दिनों में भुगतान अनिवार्य पर नाराज व्यापारी, वित्त मंत्री से मिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमएसएमई में रजिस्टर्ड व्यापारियों द्वारा खरीदे गए माल का भुगतान 45 दिनों में अनिवार्य किए जाने पर कारोबारी नाराज हैं। केंद्र के 43 बी एच एक्ट को लागू किए जाने पर व्यापारियों का कहना है कि यह एक्ट व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब है। इसमें तय समयावधि के दौरान पैसा न जमा करने पर इसे आयकर के दायरे में लाया गया है। बुधवार को इसे लेकर सिंधी समाज के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मिला और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, सुरेश छबलानी, प्रभू जालान, गुड्डू बलभ दास, अशोक मंगलानी, श्याम कृष्नानी, सुशील गुरनानी, किशनचंद बंबानी, अभिषेक, संजय जेसवानी, पुनीत लाल चंदानी सहित कई अन्य उपस्थित रहे। व्यापारियों का कहना है कि कपड़ों का कारोबार उधार पर चलता है जिसमें बड़ी-बड़ी कंपनियों और ट्रेडर्स से खरीदे हुए माल की रिटेल सेक्टर में 90 से 180 दिनो के बाद ही भुगतान किया जाता है। कोरोना के बाद से कपड़ा बाजार में लगातार गिरावट के चलते 50 प्रतिशत से अधिक कपड़ा उद्योग प्रभावित हुआ है। एमएसएमई में 50 करोड़ से कम का व्यापार करने वाले पंजीकृत व्यापारी को इस 43 बी एच की बाध्यता लागू है लेकिन रिटेलर्स पर यह नियम प्रभावी नहीं हैं।

सुविधा | एक ही छत के नीचे मिलेंगी खानपान, ठहरने, वर्कशॉप, पेट्रोल टंकी समेत सभी जरूरी सुविधाएं

# ट्रक चालकों को मानसिक आराम देंगे ट्रकर्स पार्क

नीरज मिश्र

**अमृत विचार :** सड़क किनारे ट्रक खड़ा किया। ढाबे या खेतों पर दैनिक क्रियाओं से निवृत्त हुए। स्नान-ध्यान भी सड़क किनारे। खाना खाया और सड़कों पर ही नींद ली। गाड़ी बिगड़ी या फिर टायर पंक्चर हुआ तो मिस्त्री को ढूंढ उसे ठीक कराया और फिर चल पड़े कभी न खत्म होने वाले माल को लोड-अनलोड करने वाले सिलसिले की ओर। बात हो रही लंबी दूरी वाले उन ट्रक चालकों की, जिनकी जिंदगी का एक बड़ा समय वाहनों पर ही बीतता है। एक्सप्रेस-वे हो या फिर राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा हाइवे, इन चालकों के लिए मार्गों पर सुविधा के नाम पर कुछ नहीं होता है।



▶▶ दुर्घटनाएं घटाने में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं ये पार्क

सरकार अब इनकी जिंदगी को बेहतर करने की कोशिश में है। इसके लिए प्रदेश में हर 100 किमी. की दूरी पर ट्रकर्स पार्क बनाए जाएंगे। मंशा है कि लंबी दूरी का सफर कर आ रहे ट्रक चालकों को एक ही छत के नीचे सभी अहम सुविधाएं दी जाएं जिससे न केवल चालकों के मानसिक स्तर में सुधार आए बल्कि मार्गों पर दुर्घटनाएं भी कम हों।

**निवेशकों को मिलेगी बड़ी छूटः** एक्सप्रेस-वे, एनएच पर हर 100 किमी. की दूरी पर ट्रकर्स पार्क बनाए जाएंगे। दस एकड़ जमीन पर ट्रक पार्किंग और विश्राम स्थल बनेगा। भूमि का 85 फीसद हिस्सा पार्किंग में प्रयोग होगा और 15 प्रतिशत में कमर्शियल एक्टीविटी होंगी। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टैंप डयूटी में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इनके विकास पर भी सरकार बड़ी छूट देगी। निवेशकों के लिए यूपी डेस्को निवेश मित्र पोर्टल तैयार कर चुका है। उसका ट्रायल चल रहा है। हफ्तेभर में इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा जिससे अधिक से अधिक निवेशक इस योजना में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

### पार्क में एटीएम, वर्कशॉप व पेट्रोल पंप की सुविधा होगी

एक्सप्रेस-वे, एनएच पर बनाए जाने वाले ट्रकर्स पार्क में चालकों के लिए कैश निकालने की सुविधा होगी। यहां पर एटीएम लगेंगे। वर्कशॉप रहेगी और पेट्रोल पंप की भी उपलब्धता कराई जाएगी। एक ही छत के नीचे खानपान और उनके आराम और रुकने की भी व्यवस्था होगी। बिगड़े इंजन को दुरुस्त करने के लिए मिस्त्री और पंक्चर वाहनों को दुरुस्त कराने की भी सुविधा चालकों को प्रदान की जाएगी।

> ट्रकर्स पार्क बनाए जाने की दिशा में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पोर्टल तैयार होने की ओर है। ट्रायल पूरा होते ही प्रयास होगा कि जल्द से जल्द निवेशक इस योजना का हिस्सा बनें और ट्रक चालकों की जिंदगी में सुधार आए। मार्गों पर हादसों का आंकड़ा कम हो।
>
> -एके सिंह, अपर परिवहन आयुक्त

> सूबे के विभिन्न मार्गों पर होने वाली कुल हादसों का करीब दस फीसद हिस्सा ट्रकों से होता है। इसे लेकर सरकार गंभीर है। इसके लिए लॉजिस्टिक पॉलिसी में तय हुए बिंदुओं पर काम तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मंशा है कि किसी भी खामी की वजह से सड़क किनारे ट्रक खडे. न होने पाएं। साथ ही ट्रक चालकों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।
>
> -चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उप्र.

## पहाड़ी चित्रकला कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** संस्कृति विभाग के सहयोग से राज्य संग्रहालय में सात फरवरी को शुरू हुआ कला अभिरुचि पाठ्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। इस पाठ्यक्रम के तहत पहाड़ी चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकार पद्मश्री विजय शर्मा ने पहाड़ी चित्रकला में राजा महाराजाओं और मुग़ल शासन में फली-फूली चित्रकला के बारे में सिखाया। उन्होंने कहा कि संस्कृति विभाग ने एक अच्छी पहल की कि पहाड़ी चित्रकला को नये लोग सीखें लेकिन एक सप्ताह का समय इसके लिए बहुत कम है। भविष्य में इस तरह की कार्यशाला की जाए तो समय ज्यादा रखा जाए ताकि इस कला को विस्तार से सिखाया जा सके। पहाड़ी चित्रकला कार्यशाला के समापन समारोह में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, राज्य संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन और सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका ने कार्यशाला प्रशिक्षक पद्मश्री विजय शर्मा का सम्मान किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती के फाड़े कपड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडम्बा थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बताया मंगलवार देर रात परिवार संग कार से लौट रही थी। रास्ते में नशे में धुत स्कूटी सवार ने कार में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके संग छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ दिये। इस बीच परिजन पहुंचे तो आरोपी ने 10 से 12 साथियों को बुला कर डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। इंस्पेक्टर नितेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया अभिषेक वर्मा को नामजद व 12 अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार में तोड़फोड़ कर दंपति और बच्चों को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम विस्तार निवासी मयंक शुक्ला ने बताया वह कार से पत्नी व बच्चों के संग किसी काम से निकले थे। रात करीब 8 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा के समीप 5 से 6 युवकों ने घेराबंदी कर कार रुकवाई। वह कुछ समझ पाता इससे पहले ही हमलावरों ने कार पर पथराव शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने दंपति और बच्चों को लातघूसों से पीट दिया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिव नंदन मिश्र ने बताया छह अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### महिला से मारपीट, रिपोर्ट

**सरोजनीनगर, लखनऊ :** बिजनौर थाना क्षेत्र में महिला को घेरकर पीटने का मामला सामने आया है। मौलवीखेड़ा अशरफ नगर निवासी केतकी ने गांव के विकास, आकाश, आनंद, महेंदर, रविंदर और राजेंदर पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया सोमवार को खेत पर जाते समय रास्ते में विकास, आनंद, आकाश, महेंदर, रविंदर और राजेंद्र उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर पीटकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले।

# फर्जी हलाल सर्टिफिकेट के पीछे एक मुस्लिम धर्मगुरु की भूमिका

**एसटीएफ के हत्थे चढ़े हलाल कांउसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों से पूछताछ में मिली अहम जानकारी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ टीम धर्मगुरु के खिलाफ जुटा रही है साक्ष्य

**अमृत विचार :** फर्जी हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के खेल के पीछे एक मुस्लिम धर्मगुरु की भूमिका नाम सामने आ रहा है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों से पूछताछ में कई अहम जानकारी हाथ लगी है। एसटीएफ उससे जुड़े साक्ष्य जुटा रही हैं। तस्दीक करने के बाद उन पर कार्रवाई हो सकती है। हालांकि एसटीएफ ने उस धर्मगुरू की पहचान को अभी सार्वजनिक नहीं किया है।

दरअसल, एसटीएफ ने सोमवार को हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना हबीब युसूफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुईदशीर सपडीहा, जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती ताहिर जाकिर और कोषाध्यक्ष मोहम्मद अनवर खान को गिरफ्तार किया था। ये मुंबई मे बैठकर विभिन्न कम्पनियों को अवैध रूप से हलाल प्रमाण पत्र जारी कर धोखाधड़ी के माध्यम से लाखो रुपयों की कमाई कर रहे थे।

एसटीएफ जांच में पता चला था कि बिना किसी जांच और किसी लैब टेस्ट के केवल 'हलाल' का लोगो देकर जबरन वसूली की जा रही थी। इनसे पूछताछ के दौरान ही इस पूरे खेल के पीछे एक बड़े धर्मगुरु की भूमिका का पता चला है।

बहरहाल, एसटीएफ उनके बैंक खाते को सीज करा कर लेनदेन का विवरण जुटा रही है। ताकि यह पता चल सकेगा कि इन खातों में कहां-कहां से और किन-किन लोगों ने पैसे भेजे हैं। इसके साथ ही इन पैसों को किन-किन लोगों एवं संस्थाओं को भेजे गए हैं?

कुछ कम्पनियों- हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल कांउसिल ऑफ इंडिया मुम्बई आदि ने विभिन्न उत्पादों पर उसकी बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से आर्थिक लाभ लेकर फर्जीवाड़ा करते हुए हलाल प्रमाण पत्र विभिन्न उत्पादन के लिए जारी किए जाने का मामला पिछले साल सामने आया था। इस मामले में हजरतगंज में मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में उस मामले की तफ्तीश एसटीएफ को सौंपी दी गई थी। अब एसटीएफ इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# शादी का झांसा देकर हड़पे 80 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सच्चाई सामने आने पर युवती ने दर्ज कराई एफआईआर
- मामले की जांच में जुटी आशियाना पुलिस

**अमृत विचार :** आशियाना थाने में एक युवती ने जालसाज पर धोखाधड़ी आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवती का कहना है कि जालसाज ने शादी का झांसा देकर कई मदों में उससे 80 लाख रुपये ऐंठ लिए है। फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सेक्टर-एल, एलडीए कॉलोनी निवासी शब्दिता सिंह (27) निजी कंपनी में कार्यरत हैं। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2019 में उनसे मेट्रिमोनियल एप अपनी प्रोफाइल बनाई थी। वर्ष 2020 में समीर चड्ढा नाम की आईडी से उसके पास रिक्वेस्ट आई। जिसे उसने स्वीकार कर लिया था। बातचीत के दौरान जालसाज ने बताया कि वह बेंगलुरु की एक कंपनी में नौकरी करता है। नोएडा और बंगलुरु में उसके फ्लैट हैं। इसके बाद दोनों अक्सर फोन पर बातचीत करने लगे। कुछ माह बाद समीर ने उसे शादी करने का प्रस्ताव रखा। इस पर पीड़िता ने हामी भर दी लेकिन आरोपी ने बताया कि उसने नौकरी छोड़ दी है। जिससे वह काफी परेशान है। कारण पूछने पर आरोपी ने बताया कि उसे गाड़ी और फ्लैट की किस्त अदा करनी है।

पीड़िता ने बताया कि 2020 से 2023 तक आरोपी ने कई मदों में उससे 80 लाख रुपये ऐंठ लिए। बावजूद इसके वह रुपयों की मांग करता रहा। परेशान होकर युवती ने मना कर दिया था। शक होने पर युवती आरोपी के बंगलुरु के बताए फ्लैट पर पहुंची, तो वह मेडिकल शॉप निकला। ऐसे में युवती का शक गहरा गया। जिन खातों में रुपये जमा किए थे, वह ललित साईं कृष्ण के नाम से निकले। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से मिल कर शिकायत की थी। जिनके निर्देश पर आशियाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### निवेश के नाम पर युवती से हड़पे ढाई लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली में एक युवती ने औरंजान इण्डिया फर्म निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर जालसाज ने उससे ढाई लाख रुपये ऐंठ लिए है।

# आठवीं के छात्र और युवक का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज थाना अंतर्गत इमलियाखेड़ा के मजरा सिसेंडी निवासी रामू रावत का बेटा आनंद (13) कक्षा आठ का छात्र था। मंगलवार रात वह गांव के एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसके बाद से वह नहीं दिखा, परिजन समझे कि वह कार्यक्रम में ही रुक गया होगा। बुधवार सुबह परिजन जागे तो आनंद का शव कोठरी में पंखे के हुक में रस्सी से फंदा पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया।

उधर, मूलतः गोसाईंगंज निवासी उमेश (20) गोविन्दपुर में रहने वाली बहन के घर रहता था। कुछ महीनों से वह बहन से अलग दूसरे घर में रहने लगा। मंगलवार देर शाम खेत पर फसल की रखवाली करने गया था। बुधवार सुबह रामविलास के अर्धनिर्मित मकान में बिजली के तार से खंभे पर उसका शव लटका मिला। उधर पहुंचे लोगों ने शव लटका देख बहनोई गजोधर को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# फ्लैट न देने पर लगा लाखों का हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आवंटी ने नोएडा में जय प्रकाश एसोसिएट्स से खरीदा था फ्लैट
- रुपये लेने के बाद जगह खराब बताकर नहीं कराया निर्माण

**अमृत विचार :** दिल्ली के एक आवंटी ने नोएडा में जय प्रकाश एसोसिएट्स को लाखों रुपये देकर फ्लैट बुक कराया। बाद में कमी बताकर फ्लैट का निर्माण नहीं कराया और दूसरी जगह आवंटन नहीं किया। इस मामले पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने बिल्डर को 30 दिन के अंदर फ्लैट देने के साथ लाखों रुपये ब्याज समेत हर्जाना लगाया है।

साकेत नई दिल्ली निवासी विजेंद्र देवगन ने जय प्रकाश एसोसिएट लिमिटेड जेपी ग्रीन्स से नोएडा में 42,79,678 रुपये देकर खरीदा। बिल्डर ने उन्हें 1 जुलाई 2008 को फ्लैट संख्या 5-806 आवंटित किया। जिस पर 20 जुलाई 2011 को कब्जा देना था। और 13 अप्रैल 2012 को ट्रांसफर किया। इस पर जानकारी हुई कि वहां मिट्टी में कमी होने के कारण निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस वजह से फ्लैट बनाए ही नहीं गए। बिल्डर ने दूसरी जगह फ्लैट नहीं दिया न रुपये वापस किए। बल्कि 2013 में नोटिस भेजकर बुकिंग निरस्त कर दी। विजेंद्र ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना ने की। बिल्डर को आदेश दिया कि आवंटी को फ्लैट संख्या के-12 कैलिप्सो कोर्ट में 30 दिन के अंदर कब्जा दे। ऐसा न करने पर एक लाख रुपये प्रति माह बतौर हर्जाना फ्लैट न देने तक देना होगा। इसके अलावा 42,79,678 रुपये पर 12 प्रतिशत ब्याज जमा करने की तिथि से एक माह के अंदर आवंटी को देना होगा। साथ ही मानसिक प्रताड़ना के पांच लाख रुपये 1 जुलाई 2011 से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 30 दिन के अंदर देने होंगे। यदि समय पर भुगतान नहीं किया तो 15 प्रतिशत ब्याज के साथ भरना पड़ेगा।

# जमीन के नाम पर ठगे 17 लाख, दो पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** बिजनौर थाने में पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ 17 लाख की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। बिजनौर के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर निवासी सूरज कुमार पासी ने एसीपी कृष्णा नगर को दिये शिकायती पत्र में बताया कि शकील अहमद के माध्यम से प्रॉपर्टी डीलर रफी अहमद को 18 लाख में अपनी जमीन बेची थी। विवाद पर शिकायती पत्र देने पर दोनों में समझौता कराया गया था। तब 5 अक्टूबर 2023 तक पूरी रकम देकर रफी द्वारा जमीन रजिस्ट्री कराने की बात तय हुई थी। रफी की दी 17 लाख की एक चेक बैंक में लगाई, जो बाउंस हो गई। तब रफी ने 10-5 दिन में 7 लाख रुपये देकर बाकी बाद में देने की बात कही थी। जो अब तक नहीं मिली। समझौता से अब तक शकील और रफी अहमद ने कॉल तक नहीं की। एसीपी के निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने चंद्रावल निवासी रफी अहमद और अवधपुरी कॉलोनी निवासी शकील अहमद के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



महिला को प्रमाण पत्र देतीं विधायक जयदेवी कौशल, साथ में अन्य। अमृत विचार

### नारी शक्ति वंदन में विधायक ने बताया योजनाओं के लाभ

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** एनआरएलएम संस्था के बैनर तले नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम खंड विकास कार्यालय में सम्पन हुआ जिसमें विधायक ने केंद्र सरकार सहित राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया। शक्ति वंदन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक जयदेवी कौशल ने कहा कि एनआरएलएम योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना है। मिशन के अंतर्गत समूहों के गठन के उपरांत 2500 रुपये प्रति समूह की दर से स्टार्टअप फण्ड दिया जायेगा। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर आशू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि काकोरी शिशिर यादव, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, काकोरी मण्डल अध्यक्ष रविराज लोधी, ज्ञानी पाल, बीडीओ मलिहाबाद रवीन्द्र मिश्रा, बीडीओ माल सर्जना श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत शिवओम, एडीओ आईएसबी केके गौतम, एडीओ कृषि मानवेन्द्र सिंह सहित ब्लाक का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# सेल्समैन से लूटकांड में पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन बदमाशों ने 4.82 लाख रुपये थे लूटे, 2.34 लाख बरामद
- एडीसीपी पश्चिमी ने किया वारदात का खुलासा

**अमृत विचार :** काकोरी इलाके में शराब दुकान के सेल्समैन से हुई लूट का बुधवार को पुलिस ने खुलासा किया। लूट की वारदात में सात लोग शामिल थे। पुलिस ने पांच को गिरफ्तार कर कब्जे से 2.34 लाख रुपये व अन्य सामान बरामद किया है। वहीं दो फरार बदमाशों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया 9 फरवरी को काकोरी के कुसमी गांव के समीप शराब दुकान के सेल्समैन हरिकिशन से एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने तमंचा की नोक पर 4.82 लाख रुपये लूट लिये थे। सेल्समैन कई दुकानों से रुपये कलेक्ट कर बैंक में जमा करने जा रहा था। आदमपुर निवासी शराब दुकान के मालिक धर्मेंद्र सिंह चौहान की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश कर रहीं थी। बताया कुसमी गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से बदमाशों की पहचान हुई। इसके आधार पर बुधवार सुबह पांच आरोपियों को सन्यासीबाग अंडरपास के समीप से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान राजहंस, अनिकेश उर्फ मुकेश रावत, निवासी मुजासा, थाना मलिहाबाद, अर्जुन निवासी भपटामऊ, पारा, श्रवण कुमार निवासी हमीरापुर और बरजीत सिंह निवासी नयाखेड़ा के रूप में हुई। एडीसीपी ने बताया दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है इनके कब्जे से 2.34 लाख रुपये, एक तमंचा व बाइक बरामद की। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### लूट की वारदात में शामिल थे सात बदमाश

एडीसीपी ने बताया कि लूट की वारदात अंजाम देने में सात बदमाश शामिल थे। अनिकेश ने लूट की साजिश रची थी। सेल्समैन द्वारा रुपयों के ले जाने की मुखबिरी श्रवण कुमार और बरजीत ने की थी। जबकि सेल्समैन से लूट की वारदात राजहंस, अर्जुन व एक अन्य ने बाइक से अंजाम दी थी। बताया दोनों फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### छेड़खानी के विरोध में युवक का सिर फोड़ा

**अमृत विचार, बीकेटी :** महिंगवां थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के गांव की महिला सोनवा गांव में लगने वाली बाजार में बुधवार शाम घरेलू समान की खरीदारी कर रही थी। महिला का आरोप है कि उसे अकेला पाकर एक शोहदा छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर एक युवक ने शोहदे से भिड़ गया। जिसके बाद शोहदा मारपीट करने लगा। हाथापाई के दौरान शोहदे ने युवक का सिर ईंट से फोड दिया। हालांकि, हंगामा बढ़ने पर बाजार में मौजूद ग्राहक और दुकानदारों ने शोहदे को दबोच लिया। फिर उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शोहदे की पहचान सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थानाक्षेत्र के मिठोरा निवासी अनवर अली के रूप में हुई है। महिला की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर शोहदे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### मंदिर का दानपात्र तोड़ पार की नकदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडेय के मुताबिक, विनय खण्ड-तीन निवासी आरएस तिवारी सिद्धेश्वर पार्क सेवा समिति के अध्यक्ष हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 12 फरवरी की रात करीब ढाई बजे एक चोर सिद्धेश्वर मन्दिर की दीवार फांदकर भीतर घुस आया। इसके बाद आरोपी ने मंदिर का दानपात्र का ताला तोड़कर 25000 हजार की नकदी पार कर दी। पुजारी ने चोर का पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल हो गया। पुजारी दानपात्र के पास से चोर का मोबाइल मिला। अगले दिन मोबाइल पर एक युवक की कॉल आई। फोनकर्ता ने अपनी पहचान बहराइच जनपद के थाना खैरी घाट गांव केवलपुर निवासी सम्मरी गौतम के रूप में देते हुए मोबाइल को अपना बताया। इस दौरान युवक ने बताया कि वह एक निर्माणाधीन प्लाट में मजदूरी करता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### नाबालिग को लेकर युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर इलाके में रुपये व गहने समेत नाबालिग को युवक बहला फुसला कर लेकर लापता हो गया। पीड़ित भाई ने बहन के संग अनहोनी की आशंका जताते हुये पुलिस से बरामदगी की गुहार लगायी है। पीड़ित भाई ने बताया 7 फरवरी को 16 वर्षीय बहन किसी काम से घर से निकली थी। जब काफी देर नहीं लौटी तो खोजबीन करने पर पता चला कि फतहापुरवा निवासी हसीब बहन को बहला फुसला कर ले गया है। बताया बहन घर में रखे 5 हजार रुपये और गहने में उठा ले गयी है। आरोपी भी अपने घर से लापता है। भाई ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिये तलाश की जा रही है। नाबालिग को जल्द ही सुरक्षित बरामद कर लिया जायेगा।

### तकादा करने पहुंचे व्यापारी पर जानलेवा हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, महानगर कोतवाली क्षेत्र निवासी शशांक शर्मा ने गोपाल शर्मा व उनके कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि छह माह पूर्व उनसे गोपाल शर्मा उर्फ शर्मा जी चाय वाले को तीन लाख रुपया उधार दिया था। निर्धारित समय समाप्त होने पर गोपाल शर्मा रुपये लौटाने में आनाकानी करने लगे। दबाव देने पर गत 19 जनवरी शाम साढ़े 7 बजे आरोपी ने उन्हें अपनी टी-स्टॉल पर बुलाकर उससे बदसलूकी की। विरोध करने पर आरोपी कर्मचारियों के संग मिलकर पीड़ित का सिर फोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला रुपयों के लेन-देन से जुड़ा है। फिलहाल, पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

### कोचिंग से घर लौट रही छात्रा पर हमला, तीन पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई क्षेत्र में कोचिंग से घर लौट रही छात्रा से रास्ते में मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना अंतर्गत शीतलखेड़ा निवासी अजय भारती ने बताया कि वह निजी हॉस्पिटल में प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनकी 19 वर्षीय बेटी तान्या गांधी नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में 12वीं की छात्रा है। शनिवार शाम वह कोचिंग से लौट रही थी। तभी साथ में पढ़ने वाली दूसरी छात्रा उसे रोक अभद्रता करने लगी। विरोध करने पर उसके साथ के लड़कों ने बेटी से मारपीट की। शोर सुन कोचिंग के अध्यापक बाहर आए तब तक हमलावर फरार हो गये। कोतवाल बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दखिना शेखपुर में ट्री गार्ड फर्जीवाड़े की जांच शुरू

**अमृत विचार, निगोहां :** क्षेत्र के दखिना शेखपुर गांव में वर्ष 2019 में मनरेगा के तहत मार्ग पर 18 ट्री गार्ड लगाकर तत्कालीन प्रधान ने फर्जीवाड़ा करते हुये 100ट्री गार्डों का लाखो रूपये का फर्जी भुगतान कर पैसा गबन कर लिया था। इस मामले में वैदिक आश्रम के अध्यक्ष उमां शकर त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, डीसी मनरेगा, लोकायुक्त को पत्र भेजकर जांच कर ट्री गार्ड के नाम पर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का गबन करने वाले पूर्व प्रधान पर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद उच्चाधिकारियो के निर्देश पर बीडीओ मोहनलालगंज आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने जांच टीम का गठन करते हुये एपीओ मनरेगा उदयराज शर्मा व जेई (आरएस) रवीन्द्र यादव को बुद्धवार को मौके पर स्थलीय जांच के लिये भेजा। मौके पर पहुंची टीम ने शिकायतकर्ता उमा शंकर त्रिवेदी समेत ग्रामीणो की मौजूदगी में जांच की तो तत्कालीन प्रधान द्वारा किये गये फर्जीवाड़े व सरकारी पैसे के गबन की पोल खुली। अधिकारियो ने कहा मामले की रिपोर्ट बनाकर कार्यवाही के लिये बीडीओ को सौपेंगे। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### शिक्षामित्रों की मांगों पर सरकार की सहमति लगभग तय

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मलिहाबाद विकासखंड में बुधवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान अध्यक्षता करने पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष बचनेश कुमार का शिक्षामित्रों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। ब्लॉक अध्यक्ष ने शिक्षामित्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि किसी भी शिक्षामित्र भाई-बहन को निराश होने की जरूरत नहीं है उनके पदाधिकारी सभी शिक्षामित्रों के मांगों को लेकर सरकार से वार्ता कर चुके हैं। लगभग सरकार भी उनकी मांगों को मानने के लिए तैयार हो गई है। जल्द ही सरकार इसकी घोषणा करेगी। इस मौके पर ब्लॉक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार, ब्लॉक महामंत्री कंचन यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष कन्याकुमारी, सत्येंद्र कुमार यादव सह कोषाध्यक्ष तोताराम उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार शह संरक्षक, विमल सचिव सहित दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# श्मशान की भूमि पर कब्जा करने की कोशिश

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

- पार्षद और पार्षद पति पर स्थानीय लोगों ने भूमि कब्जाने का लगाया आरोप
- आक्रोशित लोगों ने पुलिस से की लिखित शिकायत
- पारा थानाक्षेत्र के बल्दी खेड़ा गांव का मामला

**अमृत विचार :** पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत बल्दी खेड़ा गांव में ग्रामीणों ने महिला पार्षद और उनके पति पर श्मशान घाट की भूमि पर कब्जा जमाने का आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी दबंगई के बल पर भूमि पर कब्जा करने की जुगत में हैं।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, क्षेत्र के बल्दी खेड़ा, डॉक्टर खेड़ा, दिप्पा, खिन्नी खेड़ा के रहने वाले लोगों ने महिला पार्षद रेखा सिंह और उनके पति नागेन्द्र सिंह पर श्मशान घाट की जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। बल्दी खेड़ा गांव निवासी अमर सिंह ने बताया कि पुराना पारा थाने के मंदिर के पीछे शमशान घाट है। मंगलवार को वह एक महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजन शव अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट पहुंचे थे। आरोप है कि इसी बीच ग्रामीणों को पूर्व पार्षद नागेन्द्र सिंह और उनकी पत्नी रेखा सिंह (वर्तमान पार्षद) समेत 15 अज्ञात लोग उक्त जमीन पर प्लाटिंग करने के उद्देश्य से खोदाई करते दिखाई पड़े। ग्रामीणों के रोके जाने पर आरोपी बदसलूकी करने लगे। इसके बाद ग्रामीणों ने पारा थाने में कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर लिखित शिकायत दी है। इस मौके पर सुंदरलाल, रौनक, विनोद कुमार, राजू, रोहित और रामखेलावन समेत अन्य मौजूद थे।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच को लेकर पार्षद पति से भी पूछताछ की गयी है लेकिन ग्रामीण श्मशान की भूमि पर कब्जा करने की बात कहते हुए काफी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करेंगे। वहीं पार्षद पति ने सौंदर्यीकरण की बात कह रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### महिला सिपाही और डॉक्टर से 22.50 लाख की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर जालसाजों ने महिला सिपाही और डॉक्टर को ट्रेडिंग के जाल में फंसाकर 22.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने अज्ञात के खिलाफ साइबर थाने में बुधवार को केस दर्ज करवाया है इंदिरानगर निवासी महिला सिपाही प्रियंका साक्ष्य ने बताया कि गत 26 दिसम्बर को वाट्सएप पर अनजान नंबर से मैसेज आया। मैसेज में शेयर मार्केट में हुए घाटे को वापस लौटने के प्लान का जिक्र था। जालसाज के इरादों से अनजान प्रियंका उसकी बातों में फंस गईं। इसके बाद जालसाज ने खुद को ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बता इंवेस्टमेंट का ऑफर देते हुए 40 प्रतिशत मुनाफे का झांसा दिया। मुनाफे के फेर में फंसी प्रियंका ने धीरे-धीरे करके 11.25 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। वहीं पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर चार निवासी डॉक्टर उदय सिंह के पास 6 माह पहले फेसबुक पर एक मेसेज आया। जालसाज ने ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 11.25 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

# किसान पर तमंचा तानकर मांगी एक लाख की रंगदारी

संवाददाता, मलिहाबाद

- मलिहाबाद पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** मलिहाबाद कोतवाली में एक किसान ने दंबगों के खिलाफ एक लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। किसान का आरोप है कि दबंगों ने उसके प्लाट की बाउंड्री वॉल तोड़ निर्माण सामग्री उठा ले जाने के साथ जान से मारने की भी धमकी दी है।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र के केवलहार मोहल्ला निवासी मियां गौस खां की दुलारमऊ गांव में जमीन है। उन्होंने जमीन के चारों तरफ बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी थी। आरोप है कि गत 12 फरवरी को वह प्लाट पर पहुंचे तब उन्हें बाउंड्री वॉल टूटी मिली। इसके साथ ही वहां रखी निर्माण सामग्री भी गायब थी। इसके बाद वह घर की तरफ जाने लगे। आरोप है कि तिलसुआ निवासी कन्हैया, शिवम, गुड्डू व मेवालाल ने उसे बीच रास्ते में रोक लिया। इसके बाद आरोपी पीड़ित से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगने लगे। इंकार पर तमंचा तान जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थानाक्षेत्र अंतर्गत हाजी कॉलोनी निवासी आफाम खां गत 07 फरवरी को सपरिवार बहन के घर शादी-समारोह में गए थे। 11 फरवरी को वह वापस लौटते तब उन्हें मेनगेट पर लटका ताला टूटा मिला। कमरे की फर्श पर सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उनका मकान से करीब ढाई लाख की ज्वैलरी और 25 हजार की नकदी पार कर दी। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कैद हो गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए दुबग्गा थाने में तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि घटना के सात दिन बाद एफआईआर दर्ज की है। बावजूद इसके चोरों का सुराग नहीं लगा है।

**ज्वैलरी शॉप मामला** — एडीसीपी नार्थ ने चोरी की दो घटनाओं का किया खुलासा

# कर्ज चुकाने को जीजा ने साले संग की थी चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साले ने रची थी साजिश, कैमरों से पहचान में आए आरोपी

**अमृत विचार :** विकासनगर पुलिस ने ज्वैलरी शॉप का शटर काट चोरी करने वाले जीजा साले को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। टाइल्स का काम करते समय बेसमेंट में शॉप पर आरोपियों की नजर पड़ी थी। जीजा का कर्ज चुकाने के लिए साले ने चोरी की साजिश रची थी। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर दबोच लिया।

एडीसीपी नॉर्थ अभिजित आर शंकर ने बताया आरोपी संतोष गौतम निवासी कुर्सी मौसंड गांव, बाराबंकी, और देवा स्थित बबुरी गांव निवासी कौशल गौतम हैं। कौशल संतोष का जीजा है। दोनों टाइल्स लगाते हैं। संतोष ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले दोनों ने विकासनगर सब्जी मंडी के समीप एक मार्केट में टाइल्स लगाए थे। तब काशिमी प्लाजा के बेसमेंट में स्थित रीता ज्वैलर्स की दुकान पर उनकी नजर पड़ी थी। कर्ज में डूबे जीजा का हाल देख संतोष ने चोरी की साजिश रची। इसके बाद 5 फरवरी की शाम कौशल कुर्सी स्थित जीजा संतोष के घर पहुंचा था। यहां से देर रात विकासनगर पहुंच बाइक बेसमेंट में खड़ी कर दी। जब आसपास कोई नहीं दिखा तो संतोष ने ग्राइंडर मशीन से दुकान का चैनल और शटर काट दिया। इसके बाद दोनों ने अंदर पहुंचकर सामान समेट लिया। दुकान में लगा अलार्म बजने से दोनों डर कर बाइक से फरार हो गये थे। एडीसीपी ने बताया आरोपियों के कब्जे से विकासनगर की ज्वैलरी शॉप से चोरी जेवर और सैरपुर की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से चोरी किया सामान व बाइक बरामद हुई है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



जरूरतमंद बच्चों को कापी-किताब बांटते हम और रॉबिनहुड आर्मी के सदस्य। अमृत विचार

### हम और रॉबिन हुड आर्मी ने मनाया वसंत पर्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** वसंत पंचमी के अवसर ह्यूमन यूनिटी मूवमेंट हम व रॉबिन हुड आर्मी ने बच्चों के साथ मिलकर बड़ी ज़ुगौली बस्ती में उत्सव मनाया। हम संस्था की सचिव डॉ संगीता शर्मा ने बच्चों के साथ बातचीत कर उन्हें वसंत पंचमी का महत्व बताया। कहाकि इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है, जो सभी ऋतुओं का राजा है। वहीं, रॉबिन हुड आर्मी ने जरुरतमंद बच्चों को काफी-किताबें और स्टेशनरी का सामान भेंट किया। इस मौके पर 'हम' संस्था से विवेक शर्मा व रॉबिनहुड आर्मी से शालीन, कृतिका, खुशी, उद्देश्य व कुंदन आदि थे।

## एक नजर

### लखनऊ के अरुण नारायण जाएंगे गुवाहटी


अरुण नारायण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ के अरुण नारायण को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए निर्णायक नियुक्त किया गया है। यह गेम्स गुवाहाटी में 17 फरवरी से शुरु होंगे। भारतीय कबड्डी संघ ने अरुण को निर्णायक बनाए जाने का फैसला लिया है।अरुण इससे पूर्व खेलो इंडिया गेम्स और नेशनल गेम्स गोआ के अतिरिक्त कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। अरुण नारायण की इस उपलब्धि के लिए एसकेडी अकैडमी के निदेशक मनीष सिंह और उप निदेशक कुसुम बत्रा ने शुभकामनाएं दी। जिला कबड्डी संघ के सह सचिव शराफत अली ने कहा कि यह लखनऊ के लिए गौरव की बात है। अब यहां के खिलाड़ी भी निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं।

### सांसद कौशल किशोर ने किया एसकेजी का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी में स्थित सलेमपुर पतौरा, सूरज कुंड मंदिर के निकट एसकेजी एकेडमी का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मोहनलालगंज कौशल किशोर ने फीता काट कर एकेडमी की शुरुआत की। इस विद्यालय के प्रबंधक शेष कुमार ने बताया कि इस विद्यालय में इंगलिश मीडिएम सीबीएसई बोर्ड प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक की शिक्षा दी जा रही है। बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउंड एवं योगा की सुविधा है।

# सिद्धांत, राजन, विजय और अभिषेक ने दिलाई स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को जीत

## प्रथम पं.राम औतार मिश्र राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रथम पं.राम औतार मिश्र राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में बुधवार को खेले गए मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी ने जीत दर्ज की। गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद टर्फ स्टेडियम पर खेले गए पहले मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को रोमांचक मैच में 5-3 से हराया। इसके बाद खेले गए मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज वाराणसी ने स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर को 6-2 से शिकस्त दी।

स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई की बीच जीत के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर दबाव बनाने को मैच की शुरुआत से आक्रामक रुख अपनाया। लेकिन स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ के खिलाड़ियों के सामने सैफई के खिलाड़ियों की एक नहीं चली। स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को पहले क्वार्टर में ही 2 पेनाल्टी कार्नर चौथे और छठे मिनट में मिले, जिसे कप्तान सिद्धांत सिंह ने गोल में बदल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भी स्पोर्ट्स हॉस्टल के खिलाड़ियों ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। 16वें मिनट में फिर स्पोर्ट्स हॉस्टल को पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे इस बार राजन गुप्ता ने गोल में बदल कर टीम की बढ़त को 3-0 पहुंचा दिया। दो मिनट बाद ही 18वें मिनट में ही स्पोर्ट्स हॉस्टल के विजय सैफई की रक्षा पंक्ति को भेद कर गोल दागने में कामयाब रहे और उन्होंने बढ़त 4-0 पहुंचा दिया।


बॉल पर कब्जे को लेकर संघर्ष करते स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के खिलाड़ी। अमृत विचार

**आज के मुकाबले**

- साई लखनऊ बनाम एसएसबी लखनऊ
- स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी बनाम स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ

तीसरे क्वार्टर में सैफई ने मैच में वापसी के लिए रणनीति बदली और उसे 22वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला जिसे सुनील पाल ने गोल में बदला। लेकिन 35वें मिनट में ही स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ के अभिषेक ने फील्ड गोल किया और टीम की बढ़त 5-1 कर दी। इसके बाद सैफई की ओर से रोहित पाल ने 41 वें मिनट में गोल किया और गोल का अंतर 5-2 कर दिया। 44वें मिनट में सैफई को एक और पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे किसलय ने गोल में बदला और स्कोर 5-3 कर दिया। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमें एक दूसरे पर कोई गोल नहीं दाग सकी।

# उप्र के खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रणजी मुकाबला कल से
- आज राजधानी पहुंचेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**अमृत विचार :** रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में दूसरी जीत की तलाश में उत्तर प्रदेश टीम 16 फरवरी को इकाना स्टेडियम में उतरेगी। छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश टीम के धुरंधरों ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया।

छत्तीसगढ़ कीटीम गुरुवार को लखनऊ पहुंचेगी। रणजी के एलीट ग्रुप के इस रण में उत्तर प्रदेश ने पांच मुकाबलों में मात्र एक ही मैच जीता है और चार ड्रॉ खलेकर 13 अंक हासिल किए। पांचवें पायदान पर होने से उत्तर प्रदेश का रणजी में सफर खत्म हो चुका है। उत्तर प्रदेश के रणजी से बाहर होने के कारण पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों में नाराजगी है। पिछले कई सीजन से उत्तर प्रदेश टीम में लगातार बदलाव जारी हैं। कोच और कप्तान भी बदले जाने के बाद भी बेहतर नतीजे नहीं आ सके। उत्तर प्रदेश ने मुंबई को हराकर नई उम्मीद जगाई थी। लेकिन इसके बाद टीम कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। टीम में आर्यन जुयाल, करण शर्मा, अक्शदीप नाथ, नितीश राणा जैसे क्रिकेटर मौजूद है जो किसी भी मैच को जिताने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार टीम इंडिया के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को आराम देना उत्तर प्रदेश क्रिकेट के लिए घातक साबित हुआ। भुवी ने मुंबई के खिलाफ पांच विकेट झटके और बंगाल के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए आठ विकेट चटकाए। गेंदबाजी में यश दयाल, अंकित राजपूत, आकिब खान जैसे गेंदबाजों ने पूरे सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को मौजूदा सीजन में ज्यादा खेलने का मौका नहीं दिया जाना, सवालों के घेरे में है।

### अशोक बॉम्बी ने जताई नाराजगी

पूर्व रणजी क्रिकेटर अशोक बॉम्बी ने यूपी टीम के कप्तान को लेकर सवालिया निशान लगाए। उन्होंने कहा कि बाहरी खिलाड़ियों को खिलाने, कप्तान बनने और कोच की नियुक्ति मे साजिश की बू नजर आती है। यूपीसीए की रणनीति से प्रदशे का टैलंट खत्म हो रहा। उन्होंने कहा, यूपी में एक से एक धुरंधर क्रिकेटर हैं। बावजूद इसके यूपीसीए हर बार बाहरी खिलाड़ी को किस आधार पर कप्तानी सौंप देता है यह सवालों के घेरे में है। भुवनेश्वर कुमार, रिंकू सिंह या अक्शदीपनाथ कप्तानी करते तो निश्चित तौर पर टीम नॉकआउट दौर में पहुंचती।

## आर्यव्रत सहारा फारेंसिस व ब्लेज विलो को पूरे अंक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए लीग मुकाबलों में आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी, फारेंसिस क्रिकेट क्लब ,सहारा क्रिकेट अकादमी और ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी ने अपने-अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक बटोरे। मैन ऑफ मैच शिवम सिंह की सटीक गेंदबाजी की बदौलत आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी ने अन्नपूर्णा क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अन्नपूर्णा क्लब की टीम 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 111 रन जोड़ सकी। आर्यव्रत की ओर से शिवम सिंह ने 4 और जितेंद्र यादव ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में आर्यव्रत ने 19 .3 ओवर में दो विकेट खोकर 114 रन बनाए और जीत दर्ज की। अनय अवस्थी ने नाबाद 45 रन बनाए। एक अन्य मुकाबले में मैन ऑफ द मैच असलम अंसारी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत फारेंसिस क्रिकेट क्लब ने ब्रावेर्स क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रावेस क्लब ने सभी विकेट खोकर 60 रन बनाए। मनमोहन यादव ने 41 रन बनाए। फारेंसिस की ओर से आलम अंसारी ने 4, राहुल यादव, कुशाग्र शुक्ला और विकास प्रधान ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में फारेंसिस क्लब ने 3 विकेट खोकर 62 रन बनाए और जीत दर्ज की।


प्रो. नंदकिशोर पाण्डेय स्मृति संस्थान कुम्हरावां में अष्टम वार्षिकोत्सव के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार करता बटुकों का समूह। अमृत विचार

# अष्टम वार्षिकोत्सव मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रो. नंदकिशोर पाण्डेय स्मृति संस्थान कुम्हरावां में अष्टम वार्षिकोत्सव मनाया गया। प्रातः काल में योगाभ्यास, वेद संदेश यात्रा, क्षेत्रीय भ्रमण, चतुर्वेद वेद पारायण तथा संगीत कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर गीता प्रतियोगिता का आयोजन, 21 बटुकों का सामुहिक उपनयन संस्कार, सरस्वती पूजन एवम पूर्वोत्तीर्ण छात्रों का दीक्षांत समारोह व विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ।

दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित प्रो.ओमप्रकाश पांडेय एवम वेद पंडित विजय कृष्ण भागवत मंचासीन रहे। चतुर्वेद पारायण में भाग लेने वाले वैदिक विद्वानों को सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। ऋग्वेद के आचार्य मणिकांत मिश्र, वेद प्रकाश चतुर्वेदी, पवन दुबे, अमित तिवारी, कृष्ण यजुर्वेद के धीरज उपाध्याय, बृजेश पाठक, सामवेद के कृष्ण प्रसाद घिमिरे, दीपक दुबे, उमेश पाठक, अथर्ववेद के अभिषेक ओझा, भूपेंद्र मिश्र ने सभी को वैदिक मंत्रों द्वारा कार्यक्रम को क्रियान्वित किया। संस्था के सचिव गोविन्द कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य महामाया दत्त पाराशर,राजेश शुक्ल, अवनीश तिवारी, शिवमूरत तिवारी एवम आशीष पाठक ने मां सरस्वती व चारों वेदों का पूजन किया। इसके उपरांत विद्यालय के बालकों द्वारा वैदिक मंगलाचरण सरस्वती की वन्दना की गई।

## राज्य स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर रोड स्थित साई सेंटर में गुरुवार को बाल खिलाड़ियों का जमावड़ा लगेगा। मौका होगा 34वीं राज्य स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का, जहां नौ स्पर्धाओं में जीत के लिए तकरीबन पांच हजार खिलाड़ीआजमाइश करेंगे। अन्य स्पर्धाओं के लिए छह केंद्र बनाए गए हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह करेंगे। लखनऊ साई सेंटर में एथलेटिक्स, बॉस्केटबाल, वॉलीबाल, हॉकी, योगा, जिम्नास्टिक, पीटी डिस्प्ले स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आर्यावर्त इंस्टीट्यूट में फुटबॉल और पार्थ क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट के मुकाबले खेले जाएंगे। खेलों के तहत खो-खो स्पर्धा आजाद इंस्टीट्यूट और कबड्डी का आयोजन गौतमबुद्ध इंस्टीट्यूट में किया जाएगा। बुधवार को प्रदेश से आए तमाम खिलाड़ियों लखनऊ साई सेंटर के एथलेटिक्स ट्रैक पर अभ्यास किया।

# शुभी रंजन इंडिया आइटा टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसआरजीआई अंडर-12 बालक व बालिका ऑल इंडिया आइटा टेनिस चैंपियनशिप

**अमृत विचार:** एसआरजीआई अंडर-12 बालक व बालिका ऑल इंडिया आइटा टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश की शुभी रंजन ने शीर्ष वरीय मध्य प्रदेश की अनाया राठी को रोमांचक मुकाबले में 7-5, 6-4 से हराते हुए उलटफेर के साथ बालिका एकल सेमीफाइनल में पहुंची।

अवध स्कूल गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में बालिका क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश की अदित्रि सिंह, सिद्धि सिंह व सौंदर्या जायसवाल भी जीते। बालक एकल क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश के तेजस सिंह व कृष्णा सिंह ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में सिद्धि सिंह ने उत्तर प्रदेश की ही आशी किरन को 6-2, 6-0 से और सौंदर्या जायसवाल ने महाराष्ट्र की अनाया पटेल को 6-0, 6-0 से हराया। उत्तर प्रदेश की अदित्रि सिंह ने उत्तर प्रदेश की ही लावण्या सिंह के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीता।

दूसरे सेट में लावण्या ने अस्वस्थता के चलते मैच छोड़ दिया जिससे अदित्रि भी सेमीफाइनल में पहंच गयी। बालक एकल क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश के तेजस सिंह ने उत्तर प्रदेश के ही अणर्व श्रीवास्तव को 6-1, 6-2 से और उत्तर प्रदेश के कृष्णा सिंह ने उत्तर प्रदेश के ही आयुष्मान पाठक को 6-4, 6-4 से हराया। पश्चिम बंगाल के कबीर पारेख ने उत्तर प्रदेश के पविथ सिंह को 6-1,6-1 से और दिल्ली के रेयांश भल्ला ने उत्तर प्रदेश के कबीर शर्मा को 6-0, 6-0 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# मोबाइल फोन की दुनिया पर आधारित है फिल्म मॉरल कॉप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्तुति इंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म मॉरल कॉप जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के लेखक-निर्देशक पवन कुमार ने इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में आज विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म मोबाइल फोन की तिलस्मी दुनिया पर आधारित है।

उन्होंने कहा बच्चों के मामले में मोबाइल फोन चिंता का विषय है। यह उनके लिए ऐसा तिलस्मी दरवाजा है जिसमें जाना तो बहुत आसान है लेकिन उसमें से निकल पाना बहुत मुश्किल काम है। निर्देशक ने कहा कि इस फिल्म के जरिये हम अभिभावकों को आंदोलित करना चाहते हैं। मां-बाप यह बात समझें कि मोबाइल के इस्तेमाल की मनाही नहीं है लेकिन इसके अधिकाधिक इस्तेमाल से उन्हें रोकना है।


प्रेस क्लब में स्तुति इंटरटेनमेंट की फिल्म मॉरल कॉप के बारे में जानकारी देते निदेशक पवन कुमार,अभिनेत्री प्रतीक्षा सिंह , अभिनेता यजुर्वेद सिंह व अन्य कलाकार। अमृत विचार

**फिल्म के नायक याजुयेंद्र प्रताप सिंह :** फिल्म के नायक याजुयेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वह इस फिल्म में विज्ञान अध्यापक की भूमिका में हैं। मां-बाप अपने बच्चे को मोबाइल देकर उससे उसका बचपन छीने ले रहे हैं।

**फिल्म की नायिका प्रतीक्षा :** नायिका प्रतीक्षा ने कहा कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने सतीश देसाई के साथ थियेटर किया। मौका मिला तो कुछ टीवी सीरियल भी किये। यह उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में वह इन्स्टाग्राम चलाने वाली मंजू हैं। मंजू सोचती है कि लाइक्स और कमेन्ट ढेर सारे आने चाहिए। छोटी-छोटी हरकतों से क्या फर्क पड़ता है। इस फिल्म में सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट्स भी देखने को मिलेंगे। फिल्म में यह समझाने की कोशिश है कि मोबाइल ऑनलाइन क्लास तक ही ठीक है लेकिन बच्चों को पब्जी जैसे गेम से बचाने की जरूरत है।

**बाल कलाकार आरव शुक्ला:** चौथी क्लास में पढ़ने वाले आरव ने बताया कि वह क्रिकेट और फ़ुटबाल के शौक़ीन हैं। उसे मोबाइल फोन का कोई शौक नहीं है। आरव ने कहा कि मोबाइल सिर्फ आपके काम के लिए है। यह खेलने की चीज नहीं है। बच्चों को इससे दूर रहना चाहिए।

### डॉ. निरुपमा सह प्रोड्यूसर

डॉ. निरुपमा सिंह ने कहा कि बच्चों को स्क्रोल करने वाला नहीं कीपैड वाला फोन देना चाहिए। मां-बाप को बच्चों के साथ संवाद बनाये रखना चाहिए। उनके सवालों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बच्चों में अच्छी चीजों की रूचि जगानी चाहिए। उनकी हर बात सुनी गई तो वह मोबाइल से दूरी बना सकते हैं।


नेमिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से रथ यात्रा निकालते जैन समाज के लोग। अमृत विचार

### वसंत पंचमी पर जैन समाज ने निकाली रथयात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** वसंत पंचमी पर जैन धर्म सभा के सभापति विनय कुमार जैन की अगुवाई में वसंत पंचमी श्री जी रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। नेमिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से पालकी में विराजमान महावीर स्वामी का रथ चौक चौराहे से गोल दरवाजा, सराफा बाजार, अकबरी गेट, नादान महल रोड, रकाबगंज, सुभाष मार्केट, मेडिकल कालेज चौराहा होते हुए चौक चौराहा पहुंचकर सम्पन्न हुई। भक्तों ने यह प्रार्थना भी कि हम पूरे साल धार्मिक उत्सव और गुरु की सेवा करते रहें, हम पर महावीर स्वामी और गुरुओं का आशीर्वाद बना रहे। बुधवार को नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म सभा का वार्षिक आधिवेशन भी हुआ जिसमें विनय कुमार जैन सभापति और अध्यक्ष चुने गए। सुशील कुमार जैन (कोषाध्यक्ष), वीर कुमार जैन (मुख्य महाप्रबंधक), सुभाष जैन (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सुबोध कुमार जैन (महामंत्री), दिलीप चन्द्र जैन (कार्यवाहक महामंत्री), चौक उपाध्यक्ष रवि प्रकाश जैन, चारबाग अशोक जैन, सुधीर जैन, चौक मंत्री संजीव जैन, कागजी पदम जैन रानीगंज आदि चुने गए।

# हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन पर हुआ जश्न-ए-फातहे कर्बला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन पर पुराने लखनऊ में जश्न का माहौल रहा। जगह-जगह महफिलों का आयोजन किया गया। जुलूस निकाला गया। घरों और इमामबाड़ों के साथ ही शिया कॉलेज में नज्र का आयोजन किया गया।

**रौजा-ए-काजमैन में मना जश्न-ए-फातहे कर्बला :** रौजा-ए-काजमैन में हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन पर जश्न-ए-फातहे कर्बला का आयोजन किया गया। हुसैनी अकादमी द्वारा आयोजित इस महफिल में हुसैनी अकादमी के अध्यक्ष मौलाना अब्बास इरशाद और मौलाना तनवीर अब्बास ने हजरत इमाम हुसैन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौलाना ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने कहा था कि हुसैन हिदायत का चिराग हैं।


रौजा-ए-काजमैन से हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन पर निकले जुलूस-ए-मसर्रत में शामिल लोग। अमृत विचार

इस महफिल में अली अब्बास जैदपुरी, शमीम इलाहाबादी, मसर्रत लखनवी, मेराज मंगलौरी, शकील उतरौलवी, गौहर सुल्तानपुरी, एजाज जैदी, अम्बर तुराबी, इरशाद अब्बास गोंडवी, अजीज आजमी और सैफ जानसठी ने हजरत इमाम हुसैन की शान में अपने कलाम पेश किये। मौलाना सदफ जौनपुरी और मौलाना सकलैन आब्दी भी मौजूद रहे।

**निकला जुलूस-ए-मसर्रत :** हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में काजमैन और मुफ्तीगंज में जुलूस-ए-मसर्रत निकाला गया। इस जुलूस में हाथी, ऊंट और घोड़े शामिल थे। इन पर छोटे-छोटे बच्चे हाथों में हरे व लाल झंडे लेकर सवार थे। काजमैन से निकला जुलूस टापे वाली गली से कश्मीरी मोहल्ले के रास्ते दरगाह हजरत अब्बास ले जाया गया। मुफ्तीगंज में बेल वाले टीले से जुलूस निकाला गया जो मीरन साहब के इमामबाड़े तक गया।

### शिया कॉलेज में हुआ दस्तरख्वान

आल इंडिया शिया हुसैनी फंड ने विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पीजी कालेज में दस्तरख्वान का आयोजन किया। मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना हसन जहीर और मौलाना एजाज अतहर ने इस मौके पर नज्र दी। इस मौके बड़ी संख्या में उलेमा और नागरिकों ने शिरकत की। इसके अलावा मुफ्तीगंज, नक्खास, हसनपुरिया, हुसैनाबाद और कश्मीरी मोहल्ला में जगह-जगह सबीलें लगाई गईं। इन सबीलों पर दूध, ड्राईफ्रूट्स व शर्बत वितरित किया गया।

### वसंत पंचमी के आयोजन के साथ मुनाल महोत्सव का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति उपवन में सात फरवरी से चल रहे मुनाल महोत्सव का बुधवार की शाम समापन हो गया। मुनाल महोत्सव के समापन के अवसर पर सनातन महासभा भारत की ओर से देवेन्द्र शुक्ला के संयोजन में बसंत पंचमी का पर्व बड़ी धूम से मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों से स्लेट पर लिखवाया गया। प्राचीन दौर में बच्चों से जिस तरह से सुलेख इत्यादि लिखवाया जाता था, वही परम्परा यहां शुरू की गई। एमएलसी मुकेश शर्मा यहां मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट के निर्देशन में गणेश वंदना के बाद भारतीय सनातन संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। लता वाजपेई ने यहां भजन प्रस्तुत किया। जस्टिस दिनेश चन्द्र, आनन्द महाराज, कोमल द्विवेदी ने सनातन पर चर्चा की।

## सार-संक्षेप


एयू बैंक की शाखा का उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

### अलीगंज में एयू बैंक की शाखा का वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की तीसरी शाखा बुधवार को अलीगंज में शुरू हुई। इसका उद्घाटन प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के पास प्रदेश में कुल 20 शाखाएं हैं। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि एयू एसएफबी की वित्तीय स्थिति हमें मजबूत बुनियाद का भरोसा दिलाती है। इन्होंने सात साल से भी कम समय में 80 हजार करोड़ रुपए का जमा आधार बनाया है। इतने कम समय में एक लाख करोड़ की बैलेंस शीट बनाना भी बड़ी बात है। निदेशक उत्तम टिबरेवाल ने कहा कि प्रदेश विशाल संभावनाओं वाला एक उभरता हुआ बाजार है। हम पिछले चार वर्षों से इस विकास यात्रा का हिस्सा हैं।


वार्षिक बैंकिग प्रौद्योगिकी पुरस्कार के दौरान बीओबी के निदेशक व अन्य। अमृत विचार

### बैंक ऑफ बड़ौदा को मिले चार पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय बैंक संघ ने बैंक ऑफ बड़ौदा को 19वां वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार दिया। बड़े बैंकों के बीच सर्वश्रेष्ठ एआई एंड एमएल बैंक व सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी प्रतिभा श्रेणी में विजेता घोषित किया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा को इस वर्ष चार श्रेणियों में पुरस्कार मिला। इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक, आईटी जोखिम प्रबंधन, फिनटेक एंड डीपीआई एडॉप्शन और सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन शामिल है। बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक देबदत्त चांद ने कहा कि तकनीक सभी बैंकिंग संस्थान का केंद्र बिंदु है। तकनीक के साथ ग्राहकों की बैंकिंग अपेक्षाओं की पूर्ति के साथ प्रौद्योगिकी निवेश में बैंकिंग की आधारशिला रख रहे हैं।

### सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से

**अमृत विचार , लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गुरुवार से राज्य स्तरीय सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता खेली जाएगी। 18 फरवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए बुधवार शाम तक अधिकतर टीमें शहर पहुंच गई। कई टीमों बुधवार को बाबू स्टेडियम पर अभ्यास किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडल की टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी। चार दिवसीय आयोजन के लिए बुधवार को आयोजित ट्रायल के बाद लखनऊ मंडल टीम घोषित कर दी गई है। इसमें वंशिका, साक्षी, मेहविश, डॉली यादव, प्रियंका, अर्पिता, अबाना, शिवानी, विजय लक्ष्मी, नित्या और साध्वी को शामिल किया गया है। अंकिता रत्न टीम कोच होंगी।

### वसंत पंचमी पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पूजन-भजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** वसंत पंचमी के अवसर पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने विश्वविद्यालय के सुजान सभागार का जीर्णोद्धार के बाद उद्घाटन किया। यहां पर सरस्वती पूजन और बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधिवत हवन कराया गया जिसमें कुलपति के अलावा कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन, सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। वसंत पंचमी के मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने डॉ. कमलेश दुबे के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्रुपद से हुई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना भी मनोहारी अंदाज में प्रस्तुत की। सरस्वती वंदना के बाद गायन में बड़ा व छोटा ख्याल सुनने को मिला। भजन भी प्रस्तुत किया गया। डॉ. रंजना द्विवेदी के संयोजन में हुए इस आयोजन का संचालन डॉ. रूचि खरे ने किया।

### सरस्वती पूजा में बच्चों ने सीखा पहली बार लिखना

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट पूजा सेवा समिति के पूजा पंडाल में बुधवार को सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर मां सरस्वती के सामने छोटे-छोटे बच्चों को पहली बार लिखना सिखाया गया। इस मौके पर बच्चों के लिए खेल व नृत्य की प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। इस आयोजन में सेना के अधिकारी और कैंट क्षेत्र के नागरिक जमा हुए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए बच्चों को पुरस्कार दिए गए। बाद में सभी ने साथ में प्रसाद ग्रहण किया।

### समाचार पत्र वितरक का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनपथ सेंटर के वितरक राजन का बीमारी के कारण निधन हो गया था। इसलिए बुधवार को जनपथ सेंटर के वितरकों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन व्रत रखा। जिसमे जेके तिवारी, मनोज निगम, सुभाष साहू, राजेश श्याम आदि वितरक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री 22 और 23 को वाराणसी में

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार दौरा दो दिवसीय होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी में छह हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री का 22 और 23 फरवरी को वाराणसी प्रवास लगभग तय हो चुका है। माना जा जा रहा है कि प्रधानमंत्री का मौजूदा दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले अंतिम बार का हो, जिसमें वह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास करें।

### सपा में शामिल हुए बसपा के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ टीटू प्रधान अब समाजवादी हो गए हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए बुधवार को पार्टी की सदस्यता ली।

# प्रस्ताव में फंसा सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज में अहम भूमिका निभाने वाले मंगल दलों को प्रोत्साहित करने की योजना विभागीय उदासीनता का शिकार हो गयी है। इसके कारण राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ एवार्ड-2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन नहीं हो सका है। 46 जिलों के अधिकारियों ने अपनी सूची युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय को उपलब्ध नहीं कराया है। प्रस्ताव न भेजने वाले जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को चेतावनी दी गई है। लापरवाही के कारण पोर्टल पर पंजीकरण भी कम हुआ है।

इसे लेकर मुरादाबाद, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, चंदौली, कानपुर नगर, कानपुर देहात, ललितपुर, जालौन, आजमगढ़, झांसी, भदोही समेत 29 जिलों ने प्रस्ताव दिए हैं।

> राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों के प्रस्ताव आज मिल जाएंगे। शुक्रवार को इस संबंध में बैठक रखी है। इसमें आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।
> –**मेघना सोनकर**, उप निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय

### पुरस्कार में मिलते हैं पांच हजार रुपये

मंगल दल कार्यकर्ता ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ, शिक्षा व खेलकूद जैसे कार्यक्रमों में शामिल होकर बढ़ावा देते हैं। जिले पर बेहतर कार्य करने पर एक महिला व एक पुरुष मंगल दल व राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय तीन श्रेणी में विवेकानंद यूथ एवार्ड दिया जाता है। पुरस्कार के तौर पर पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

# प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित इंटरमीडिएट के छात्रों को एक और मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे और वंचित छात्रों के लिए 16 फरवरी को एक और अवसर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 22 फरवरी से 9 मार्च तक बोर्ड परीक्षाएं होनी है। उससे पहले सरकार सुनिश्चित करना चाहती है कि प्रत्येक छात्र अपनी प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कर खुले मन से प्रमुख परीक्षाओं में हिस्सा ले सकें। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि 25 जनवरी 2024 से 9 फरवरी के मध्य आयोजित की गई वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे हुए, वंचित रह गए छात्र/छात्राओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 फरवरी, 2024 को पुनः आयोजित कराई जाएंगी। यह प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा की भांति ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा सम्पादित कराई जाएंगी।

# निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे

## मदरसों और डिग्री कॉलेजों की हो रही निगरानी, हो सकता है औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे हैं। कुछ डिग्री कॉलेजों की भी निगरानी की जा रही है। गहराते मामले को लेकर चर्चा है कि किसी भी दिन मौका - मुआएना और गाज गिरनी तय है।

यूपी के 73 जिलों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। हर केन्द्रों को राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ने की व्यवस्था अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा के निर्देश पर इंदिरा भवन में की गई है। मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में हुई जांच के दौरान कई घालमेल पाए गए, ऐसे में निदेशक के निर्देश पर एक जनपद में शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज हो चुका है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसा ही मामला सीतापुर के मदरसों में सामने आया है। गंभीर इनपुट के बाद जांच का दायरा बढ़ चला है। माना जा रहा है कि निदेशक तथ्यपरक जांच करने का मन बना चुकी हैं। इसको लेकर स्थलीय परीक्षण भी किया जाना तय है। ऐसे में मौका मुआयना के साथ गाज गिरनी तय मानी जा रही है।



कंट्रोल रूम में परीक्षा केंद्रों की जानकारी लेतीं निदेशक जे. रीभा व अन्य। अमृत विचार

**▸▸ मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पाई गई हैं कई गड़बड़ी**

> प्रदेश के कई जनपदों में मदरसा और कॉलेजों के मौका मुआयना किये जाते रहे हैं। अगर कहीं कमी या दिक्कत आती है, तो उसका निस्तारण कराया जाता है। विभागीय त्रुटि और अन्य खामियों में कार्रवाई भी होती रही है।
> –**जे. रीभा**, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

### महाविद्यालयों पर भी पैनी नजर

सीतापुर जनपद के कुछ महाविद्यालय भी जांच की परिधि में शामिल किये गए हैं। जानकारों की मानें तो विभागीय जांच में जिले के दो महाविद्यालयों का नाम चर्चा में आया है। ये भी मुआएने की जद जोड़ा जा रहा है।

# प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने जा रही भाजपा : पांडा

## लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए बैजयंत जय पांडा ने संभाली कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने लखनऊ आकर बुधवार को कमान संभाल ली। कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि राम जी की कृपा और जनता के आशीर्वाद से आने वाले दिनों में भाजपा प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने जा रही है।

वे प्रभारी बनने के बाद पहली बार बुधवार को लखनऊ आए तो, एयरपोर्ट पर उतरते ही सुबह 9 बजे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वागत किया। प्रदेश मुख्यालय तक तमाम कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह उत्साह दिखाया। इसके बाद श्री पांडा ने राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा के सात प्रत्याशियों के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने और नेतृत्व का अवसर प्रदान करने में सफल रही है। भाजपा की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित किये गए प्रत्याशी इसका उदाहरण हैं।

उम्मीदवारों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए बैजयंत जय पांडा ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को वंसत पंचमी की शुभकामनाएं दी। कहा कि देश की 140 करोड़ जनता प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की नीति पर चलते हुए आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रत्याशियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम के साथ मोदी व योगी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी प्रत्याशियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि सपा समाप्त और कांग्रेस मुक्त करने के संकल्प के साथ प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का काम करना है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इतिहास का सृजन करते हुए प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए संकल्पित है।



भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, साथ में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

**▸▸ एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री और संगठन महामंत्री ने किया स्वागत**

### मुख्यमंत्री ने भोज पर किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैजयंत जय पांडा को बुधवार दोपहर भोजन के लिए आमंत्रित किया। विधान भवन में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद पांडा मुख्यमंत्री के साथ उनके सरकारी आवास चले गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय लौटकर उन्होंने दोनों उप मुख्यमंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात की और इसके बाद वापस दिल्ली चले गए।



राज्यसभा के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

# राज्यसभा के लिए भाजपा के सभी सात उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। बुधवार को विधान भवन में प्रत्याशी भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर से विधानभवन के कमरा नं. 48 में नामांकन की कागजी औपचारिकता दो-दो सेट के साथ पूरी की। भाजपा ने सात में से चार सीटों पर पिछड़ी जातियों के उम्मीदवार खड़े किये गये हैं। इससे साफ है कि भाजपा लोकसभा चुनावों से पहले विभिन्न समुदायों तक पहुंचने की कोशिश में है। नामांकन दाखिल करने वाले सात प्रत्याशियों में से आरपीएन सिंह (सैंथवार), चौधरी तेजवीर सिंह (जाट), अमरपाल मौर्य (कोइरी) और डॉक्टर संगीता बलवंत (बिंद) पिछड़ी जाति की हैं। इसके अलावा डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी (ब्राह्मण) साधना सिंह (क्षत्रिय) और नवीन जैन (जैन) समाज से आते हैं।

# 11वां उम्मीदवार आया तो निर्विरोध नहीं होगा चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा की 10 सीटों के लिए भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों की संख्या बल को देखते हुए सोच-समझ कर उम्मीदवार उतारे हैं। एक ओर जहां भाजपा के पास 8वां उम्मीदवार जिताने के लिए आवश्यक संख्या बल नहीं है। वहीं, सपा के पास भी अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए एक वोट फिलहाल कम पड़ रहा है। हालांकि, सपा में गहराए असंतोष का फायदा उठाकर भाजपा अपना 8वां उम्मीदवार भी ला सकती है। विधानसभा की गणित समझी जाए तो सपा के पास अपने 108 विधायक हैं और कांग्रेस को जोड़ लिया जाए तो यह संख्या 110 तक पहुंच जाती है। सपा को तो वैसे जीत के लिए 111 वोट चाहिए, लेकिन भाजपा द्वारा अगर 8वां उम्मीदवार नहीं उतारा जाता है तो मात्र एक वोट की जुगत करना ही उसके लिए रह जाएगा। वहीं, भाजपा को 8वां उम्मीदवार जिताने के लिए गठबंधन के धड़ों को मिलते हुए कुल संख्या बल के बाद भी 16 वोट की और आवश्यकता होगी। दरअसल, उप्र. विधानसभा में अभी 399 विधायक हैं। विधायकों के निधन से चार सीटें रिक्त हैं। इस गणित से राज्यसभा की 10 सीटों के लिए इसके आधार पर ही मतदान होगा। एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की आवश्यकता होगी।

# प्रत्याशियों को लेकर सपा में गहराया असंतोष

## स्वामी, पल्लवी के बाद राम गोविंद ने सपा नेतृत्व को दिया सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा और राज्यसभा उम्मीदवारों को लेकर समाजवादी पार्टी में असंतोष नजर आ रहा है। पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी में अपने पद से इस्तीफा दिया, फिर विधायक पल्लवी पटेल ने नाराजगी दिखायी और वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी ने भी स्वामी के पक्ष में उतर कर सपा नेतृत्व को सुझाव दे डाला है। इससे पहले सहयोगी दल रालोद ने भी सीट बंटवारे पर नाखुश होकर खुद को अलग कर लिया।

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के सिर पार आते-आते सपा के और भी नेता अपनी-अपनी महत्वाकांक्षा को साधने का दबाव पार्टी नेतृत्व पर बना सकते हैं। अंदरखाने की बात की जाए तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ही चुनावी फार्मूले पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) की ही नजर से पार्टी नेता उनके (अखिलेश के) हर छोटे-बड़े फैसलों को भी देखने लगे हैं। ऐसे में आने वाले समय में अन्य इस वर्गों के नेता नेतृत्व पर दबाव बनाने की चाल चल सकते हैं।

दरअसल, स्वामी प्रसाद ने पार्टी नेतृत्व पर दलितों और पिछड़ों को उचित भागीदारी न दिए जाने का आरोप यूं ही नहीं लगाया। उनका यह आरोप लोस और राज्यसभा दोनों के लिए घोषित उम्मीदवारों से जुड़ा है। राज्यसभा के लिए जहां तीन में दो टिकट सामान्य वर्ग को दे दिए गए वहीं, टिकट वितरण में स्वामी की न तो सलाह ली गई और न ही कोई जानकारी तक दी गई। खासकर जया बच्चन और आलोक रंजन को प्रत्याशी बनाए जाने के स्वामी और पल्लवी खिलाफ हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या की पुत्री संघमित्रा बदायूं से भाजपा सासंद हैं, जहां से सपा ने धर्मेंद्र यादव को टिकट दे दिया है। वर्तमान में भाजपा से स्थिति साफ न होने पर स्वामी प्रसाद अपनी पुत्री के लिए आंवला (बरेली) से टिकट चाह रहे हैं। इधर सपा भी भाजपा से स्थिति साफ होने पर ही सपा आंवला की सीट पर पत्ते खोलेगी। इतना ही नहीं स्वामी माना जा रहा है कि, फर्रुखाबाद के टिकट से भी स्वामी खुश नहीं हैं। सूत्रों का कहना है कि मौर्य नहीं चाहते थे कि फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया जाए। डॉ. शाक्य की शादी संघामित्रा से हुई थी, लेकिन बाद में तलाक हो गया था।

**▸▸ सीट बंटवारे से नाखुश रालोद पहले ही हो चुकी है अलग**

### राम गोविंद ने स्वामी प्रसाद का लिया पक्ष

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोविंद चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन करते हुए उनका इस्तीफा न स्वीकार करने का व्यक्तिगत सुझाव दिया है। पत्र में राम गोविंद ने लिखा कि स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विचारों का मजबूती से प्रतिवाद कर रहे हैं। इसलिए वह दोनों संगठनों के निशाने पर है। आगे उन्होंने लिखा है कि स्वामी प्रसाद पिछड़े समाज से आते हैं। अपने जुझारू स्वभाव की वजह से इस समाज में उनका एक विशेष स्थान हैं। उनका पदाधिकारी बने रहना सपा के हित में है। इसलिए मेरा अग्रह है कि आप उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करें।

### यह पार्टी के अंदर की बात है: अखिलेश यादव

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर अपनी चुप्पी तोड़ते बुधवार को मीडिया को दी प्रतिक्रिया में कहा है कि स्वामी प्रसाद वरिष्ठ नेता हैं। ये पार्टी के अंदर की बात है। हम इसका समाधान निकाल लेंगे। इसके पहले, मौर्य ने भी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। अब आगे क्या करूंगा ये इस पर निर्भर करता है। अब गेंद अखिलेश यादव के पाले में हैं, देखते है वह क्या करते हैं?

# किसानों की मांगों का समाधान करे सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि, किसानों की मांगें गंभीरता से लेकर उनका समाधान किया जाए। भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की जो मांगें हैं, सरकार उन्हें गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े।

बसपा प्रमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इस संबंध में ''दिल्ली चलो'' के अभियान के तहत आंदोलित किसानों पर सख्ती करने के बजाय केन्द्र सरकार उनसे सही वार्ता कर उनके आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास करे तो बेहतर होगा। इनका शोषण करना भी ठीक नहीं।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्राक: 1652 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 13/02/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीमा वर्मा पत्नी रविन्द्र कुमार व फूलचन्द्र पुत्र बद्री प्रसाद व रविन्द्र कुमार व मनोज कुमार व शिवरतन पुत्रगण फूलचन्द्र | श्री मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र गोपाल अग्रवाल | मुगलपुरा–1 | 08 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर



### कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्राक: 1614 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 01/02/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सन्तोष सिंह परिहार पुत्र बाबू सिंह परिहार व श्रीमती उमा सिंह परिहार पत्नी सन्तोष सिंह परिहार | श्री अजय चौहान पुत्र हरकेश सिंह | जुल्हैटी–1 | 15 | 294 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर


# कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विभाकर शास्त्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को ही भाजपा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही इंडी गठबंधन और राहुल गांधी पर निशाना साधा। कहा कि मेरे लिए भाजपा के दरवाजे खोलने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, नड्डा, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और ब्रजेश पाठक के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। लगता है कि मेरे दादा लाल बहादुर शास्त्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार काम करूंगा। कहा कि इंडी गठबंधन की कोई विचारधारा नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मोदी को हटाना है। राहुल को बताना चाहिए कि कांग्रेस की विचारधारा क्या है।

बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ विभाकर शास्त्री को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हम सभी ने मिलकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प के साथ विभाकर शास्त्री जी जुडे. है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विभाकर शास्त्री के भाजपा में जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अमर पाल मौर्य, संजय राय, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, हिमांशु दुबे आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।



भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रभाकर शास्त्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य। अमृत

**▸▸ पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के पोते हैं विभाकर राहुल गांधी पर साधा निशाना**

# बुलंदशहर पॉलीक्लिनिक का प्रभारी अधिकारी 80 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को प्रभारी अधिकारी (ओआईसी), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलीक्लिनिक अशोक कुमार शर्मा, बुलंदशहर को 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को उन्हें सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शिकायत के आधार पर ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, बुलंदशहर के उस प्रभारी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर आरोप था कि चार अस्पतालों में संबद्ध, ईसीएचएस लाभार्थियों को चिकित्सा संबंधी सेवा के सुचारू संचालन की सुविधा के लिए प्रति माह एक लाख रुपये रिश्वत की मांग रहे हैं। यह भी आरोप था कि इसके लिए शिकायतकर्ता पर दबाव बनाया। उसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी प्रभारी अधिकारी के ग्रेटर नोएडा में स्थित आवासीय परिसरों की तलाशी ली गई। ईसीएचएस को देश भर में फैले हुए सरकारी अस्पतालों, ईसीएचएस पैनल में शामिल निजी अस्पतालों/निर्दिष्ट सरकारी आयुष अस्पतालों में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के नेटवर्क के माध्यम से पूर्व सैनिक पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों को एलोपैथिक व आयुष चिकित्सा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस योजना को मरीजों के लिए कैशलेस लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए सीजीएचएस की तर्ज पर तैयार किया गया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर ,वि0ख0चौबेपुर कानपुर नगर

पत्रांक: मेमो/पंचम/पन्द्रहवां वि0अ0/ग्रा0 पं0/टेन्डर/ दि0: 13.02.2024

अति अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारकों से वर्ष में ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर ग्राम पंचायत की बैठक में अनुमोदित कार्य योजना में प्रस्तावित कार्य के निर्माण कार्य के लिये दिं0 19/02 /2024 तक अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। विक्रित निविदाये निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिं0 15/02 /2024 पूर्वान्ह से 19/02 /2024 प्रत्येक कार्य दिवस में मु0 200.00 नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाये दिं0 19/02 /2024 ... को कार्यालय के कार्य दिवस में अपरान्ह तीन बजे तक ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर के कार्यालय कक्ष में निविदा दाताओं की उपस्थिति में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी। सचिव ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओ को बिना कारण बताए निरस्त कर दे। प्राक्कलन की प्ररम्भिक लागत के अनुसार सामग्री का विवरण निम्नवत है प्राक्कलन स्वीकृत के पश्चात एवं कार्य की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार सामग्री की मात्रा धट बढ सकती है।

-:कार्यो का विवरण निम्नवत् है:-

| क0 | कार्य व कार्यस्थल का नाम | कार्य की अनुमानित सामग्री/स्वीकृत लागत (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | राम बाबू के घर से देवी माता मन्दिर तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 2 | राजू के घर से सी0सी0रोड तक सी0सी0 रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 3 | नन्हू के घर से तालाब तक सी0सी0 रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 4 | आर0आर0सी0 सेन्टर मे अतिरिक्त कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 10 दिन |
| 5 | नन्हू के घर से तालाब तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 10 दिन |
| 6 | देवी माता मन्दिर से राजू यादव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |

प्रधान
ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

सचिव
ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

## एक नजर

### सार्वजनिक स्थान पर दांव लगा रहे 5 आरोपी बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को असंद्रा पुलिस ने बुधवार को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से नौ हजार दो सौ रुपये भी बरामद किये। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी। पुलिस ने बुधवार को सिद्धौर कस्बे के निवासी अनिल तिवारी, महफूज तौफीक, मुकेश व रामेंद्र को दबोचा। जामा तलाशी व फड़ से 9200 रुपये बरामद किये गए।

### पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित को दबोचा

बाराबंकी, अमृत विचार : नाबलिग के साथ कुकर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को फतेहपुर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पैगुआ गांव निवासी गुड्डू रावत उर्फ शिवकुमार घटना के बाद से फरार था।

### तीन वारंटी और 14 वांछित किये गये गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर तीन वारंटी और 14 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं विभिन्न थानों में अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 32 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

### विभिन्न क्षेत्रों में चाकू के साथ दो शातिर पकड़े गए

बाराबंकी : जैदपुर और दरियाबाद थाने की पुलिस टीम ने चाकू के साथ दो आरोपियों को दबोचा। जैदपुर पुलिस ने जाबिर को चौराहे से चाकू के साथ तथा दरियाबाद पुलिस ने पूरे कामगार निवासी आफताब को अलियाबाद मार्ग से दबोचा।

# हादसे में बालक समेत दो की मौत

## एक की हालत नाजुक, वैवाहिक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे तीनों

**रफ्तार की मार**

- तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से कार के उड़े परखचे
- रामनगर मार्ग स्थित एक मैरिज लॉन के सामने हुई दुर्घटना

फतेहपुर, बाराबंकी:


अज्ञात वाहन की टक्कर से कार के उड़े परखचे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगर मार्ग स्थित एक मैरिज लॉन के सामने मंगलवार की रात करीब दो बजे तेज रफ्तार वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक सात वर्षीय बालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना में कार चला रहा बालक का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे।

देवा कोतवाली क्षेत्र के माधवगंज निवासी सौरभ वर्मा मंगलवार को अपने सात वर्षीय बेटे अयांश और जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के छोलहा कोडरी निवासी परिचित आकाश यादव के साथ फतेहपुर थाना क्षेत्र के मिरदहनपुरवा गांव में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। यहां से सभी रात करीब दो बजे कार से वापस निकले। जहां से सौरभ सुढियामऊ में रिश्तेदार के घर पत्नी को लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान फतेहपुर-रामनगर मार्ग पर स्थित एक मैरिज लॉन के सामने अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखचे उड़ गए और उसके दरवाजे लॉक हो गए। कार सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से निकालकर अस्पताल भेजने की बजाय घटना की सूचना पुलिस को दी। करीब 40 मिनट बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला। तीनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां बालक अयांश और आकाश को मृत घोषित कर दिया गया।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध दशा में एक युवक का शव घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटकता मिला। यह देख परिजन उसे फंदे से नीचे उतारकर एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना देवा कोतवाली के माती चौकी क्षेत्र की है। यहां के चचेरा गांव निवासी दिनेश के 19 वर्षीय पुत्र अजीत का शव मंगलवार की रात घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई तो कमरे में जाकर देखा तो युवक फंदे से लटकता मिला। परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष का कारावास

**अदालत से**

- कोर्ट ने दोषी पर नौ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** करीब सात वर्ष पहले नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने के अभियुक्त को दोषी मानते हुए अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बुधवार को उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास और नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला कुर्सी थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवासिनी किशोरी से वर्ष 2017 में शेखवापुर गांव निवासी जय सिंह ने छेड़छाड़ की थी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने मारपीट, छेडखानी, धमकी और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

इस पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं विवेचक ने साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया।

इस मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त जय सिंह को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास और नौ हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# केक काट मनाया शिवपाल का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


शिवपाल यादव के जन्मदिन पर केक काटते अरविंद सिंह गोप व अन्य कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का जन्मदिन बुधवार को पीडीए संकल्प के रूप में मनाया गया। गांधी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सपा के प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य गामा यादव एडवोकेट, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, विधायक सुरेश यादव, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद व कार्यकर्ताओं ने 69 किलो का केक काटा तथा उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर 25 वरिष्ठ समाजवादियों का अभिनंदन किया गया। रेलवे स्टेशन स्थित सराय में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को केक बांटा गया। अध्यक्षता राजनाथ शर्मा एवं सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि शिवपाल सिंह यादव अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के पर्याय हैं। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, विधायक सुरेश यादव, पूर्व विधायक सरवर अली, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, अरविन्द यादव, रामगोपाल रावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा, सरदार आलोक सिंह, खुशी राम यादव, नरेन्द्र वर्मा आदि थे।

## सड़क दुर्घटना में कर्मचारी की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** निजी अस्पताल से दवा लेने जा रहा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजन घायल कर्मचारी को लेकर ट्रामा सेंटर लखनऊ पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना सुबेहा अंतर्गत पांडे का पुरवा मजरे अमरवल किरसिया गांव निवासी विजय कुमार यादव (45) पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलवा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात था। बुधवार को भेल जगदीशपुर स्थित निजी अस्पताल से दवा लेने गए थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लाये जहां से उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

# मार्फीन तस्कर को ढाई साल की कैद

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** मार्फीन तस्कर को अपर जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी करार देते हुए ढाई साल का कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला मसौली थाना क्षेत्र का है। 23 अगस्त 2021 को थाने के दारोगा कन्हैया पाण्डेय ने थाना क्षेत्र के कटरा निवासी शकील वारसी उर्फ संजय दत्त को 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। उसके बाद थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेजा। विवेचना के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

### अर्थदंड से निस्तारित किये गये पांच मामले

बाराबंकी, अमृत विचार : लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में अलग–अलग अदालतों ने पांच मामले अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा के साथ निस्तारित किए। सतरिख थाने में शराब के साथ पकड़े गए आबकारी अधिनियम के अभियुक्त पटितिया निवासी दिनेश कुमार को 15 सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। रामसनेहीघाट कोतवाली में मारपीट के अभियुक्त पूरे बाजार निवासी हरिनाम को न्यायालय उठने तक की सजा और आठ सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जैदपुर थाने में दर्ज मोबाइल चोरी के मुकदमे के अभियुक्त सताना निवासी पप्पू उर्फ नान को एक हजार रुपये जुर्माना और जेल में बिताई गई अवधि की सजा से दण्डित किया। वहीं असंद्रा थाने में मोबाइल चोरी के अभियुक्त अयोध्या के मवई थाना क्षेत्र के निवासी शमशुद्दीन उर्फ अब्दुल्ला को दो हजार रुपये जुर्माना और जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। मसौली थाने में दर्ज लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में अभियुक्त अयोध्या के महराजगंज थाना क्षेत्र के कुर्की निवासी फरोग कुरैशी को एक हजार रुपये जुर्माना व जेल मे बिताई गई अवधि की सजा से दण्डित किया।

मामले की सुनवाई कर रही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त शकील वारसी उर्फ संजय दत्त को दोषी मानते हुए उसे ढाई वर्ष का कठोर कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# ज्ञानेंद्र ने विशाल को दिखाया आसमान

**दंगल**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन ग्राम खजुरी में डॉ. उदय प्रताप सिंह के संयोजन में किया गया। बुधवार को पहले दिन दंगल की शुरुआत सपा नेता पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विशाल हरियाणा एवं ज्ञानेंद्र दास अयोध्या का हाथ मिलवा कर की। इसमें बाबा ज्ञानेन्द्र दास ने दांव पेच आजमाते हुए विशाल को आसमान दिखा दिया।

बैसन खजुरी गांव में चल रही प्रतियोगिता में विभिन्न प्रांतों व नेपाल के पहलवन भाग ले रहे हैं। गनी ने शमशेर को परास्त किया।

ग्वालियर (मप्र) के सूर्यवीर पहलवान ने मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान को पराजित किया। रेफरी संदीप पहलवान कोटवाधाम, राहुल, लल्ला पाण्डेय के निर्देशन में सभी कुश्तियां हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, अविनाश सिंह, नसीम, कीर्ति, गौरीशंकर सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## उद्यमियों को मिला जूट उत्पाद का प्रशिक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बैंक ऑफ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में चल रहा जूट प्रोडक्ट कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हो गया। इस कार्यक्रम में जूट प्रोडक्ट उद्यमी बैच को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित युवा उद्यमियों को मुख्य विकास अधिकारी ए. सुथान ने प्रमाण पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया और मेहनत और लगन के साथ काम करने का आह्वान किया।

इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक विवेक कुमार, फैकल्टी उमेश शाही और शोएब अंसारी, ऑफिस असिस्टेंट वैष्णवी श्रीवास्तव और प्रदीप शर्मा, अटेंडर प्रिन्स, प्रशिक्षक पिंकी मदेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनीमिया की शिकार हो रहीं महिलाएं

**जागरूकता का अभाव**

लखनऊ



भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद, महिला एवं बाल विकास प्रकल्प, कृष्णा नगर शाखा द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओ के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अजंता हॉस्पिटल की सीनियर कंसलटेंट डॉ. हिमांगी दुबे ने महिलाओं को एनीमिया के कारण, लक्षण व बचाव के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि एनीमिया एक गंभीर समस्या है जो विशेष रूप से छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करती है। इसका इलाज आहार में बदलाव और पूरक आहार से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एनीमिया बीमारी के शुरुआती लक्षण थकान, कमजोरी, त्वचा का पीलापन, दिल की धड़कन में बदलाव, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, सीने में दर्द, हाथों-पैरों का ठंडा होना, सिर दर्द आदि हैं। कार्यक्रम का आयोजन परिषद की कृष्णानगर शाखा की महिला संयोजिका कीर्ति तिवारी ने किया। इसमें 50 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

## सार-संक्षेप

### प्रवास पर पश्चिम मंडल -1 के हैदरगंज आए पंकज सिंह


प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ नोएडा विधायक पंकज सिंह। अमृत विचार

लखनऊ, अमृत विचार : 'गांव चलो–बूथ चलो' अभियान के तहत पश्चिम मंडल –1 के हैदरगंज, द्वितीय वार्ड के शक्ति केंद्र ए की पोलिंग आरडी मेमोरियल स्कूल की बूथ अध्यक्ष शालिनी पांडे की बूथ समिति व पन्ना प्रमुख का सत्यापन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा के विधायकपंकज सिंह ने प्रवास कर किया। उन्होंने जनसंपर्क कर उनका सम्मान किया। स्वयंसहायता समूह की महिलाओं के साथ उपस्थित रहकर सम्मानित किया और चौपाल में उपस्थित रहकर संवाद किया। इसके बाद बूथ के सचिव सौरभ तिवारी के आवास पर भोज किया। इस दौरान 'गांव चलो–बूथ चलो' अभियान के महानगर संयोजक अभिषेक खरे, पश्चिम विधानसभा के संयोजक सत्येंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

### वसंत पंचमी पर डिजिटल साक्षरता को दिया बढ़ावा


आदिज्योति सेवा समिति की ओर से प्रशिक्षिति किये गये छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

लखनऊ, अमृत विचार : आदिज्योति सेवा समिति द्वारा आलमनगर के सोनाविहार में वसंत पंचमी के अवसर पर युवाओं व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए रोजगार, योग्यता और डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने हेतु एक पाठ्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस कार्यक्रम में 100 से भी अधिक छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था की संस्थापक ज्योति, सचिव जीशान हुसैन एवं शिक्षक बीना वर्मा, दीपा एवं आयुषी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### ज्ञान और तकनीक से लक्ष्य प्राप्त करें छात्र-छात्राएं


पूर्व मंत्री राकेश वर्मा के साथ स्मार्टफोन पाने वाले छात्र–छात्राएं।

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत छात्र–छात्राओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरित किए गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैदपुर विधायक गौरव रावत एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने 104 छात्र छात्राओं को फोन वितरित किये। छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधायक गौरव रावत ने कहा कि ज्ञान एवं तकनीक के प्रयोग द्वारा आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा को तकनीक से जोडने की नितांत आवश्यकता है। अब इसके बिना छात्र–छात्राओं का आगे बढ़ना मुश्किल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. गयाप्रसाद दुबे ने की। इस मौके पर प्राध्यापक बृजेश कुमार, अनुपम जायसवाल, चंचलरानी, डॉ. पुनीत वर्मा, डॉ. अनुराग कृष्ण यादव सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# धूमधाम से मना भद्रबाहु का संयम उत्सव

फतेहपुर, बाराबंकी


फतेहपुर में पालकी यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

महावीर जैन चैत्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव दिवस एवं आचार्य भद्रबाहुजी का संयम दिवस धूमधाम से मनाया गया।

सुबह महावीर जैन चैत्यालय से शीतल नाथ व मुनि सुव्रतनाथ को पालकी में विराजमान कर नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं व पुरुष जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जगह-जगह भक्तों ने पालकी यात्रा आरती उतारी। इसके बाद श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य भद्रबाहु का संयम दिवस मनाया गया। इसमें महाराष्ट्र, प्रयागराज, बाराबंकी, टिकैतनगर आदि जगहों के भक्तों ने आचार्य श्री के चरणों में विनयांजलि प्रस्तुत की। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्रयागराज निवासी सुरेंद्र जैन व शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य फतेहपुर के राहुल जैन 'राजा' को प्राप्त हुआ। फतेहपुर की जैन महिला मंडल की महिलाओं ने आचार्य श्री की अष्टद्रव से पूजा की। शाम को बालक बालिकाओंने भाव नृत्य पेश किया। इस मौके पर जैन समाज अध्यक्ष सचिन जैन, प्रांशु जैन, ऋषभ जैन, टीनू जैन, तेज कुमार आदि मौजूद थे।

## सामूहिक दुष्कर्म का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** युवती को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे वारदात के दूसरे आरोपी अरमान को पुलिस ने केसरीपुर क्रासिंग के समीप बुधवार को दबोच लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। इससे पहले पुलिस ने इस वारदात में शामिल आरोपी अनवारुल को तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया था।

## अपहृता बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार:** कोठी पुलिस ने अपहृत की गई युवती को को बरामद कर लिया। उसके बाद उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया।

# 215 ग्राम मार्फीन के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**कार्रवाई**

- शातिर पर विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं 13 मुकदमे

**अमृत विचार :** सफदरगंज थाने की पुलिस टीम ने बुधवार को मादक पदार्थ के तस्कर व थाने के हिस्ट्रीशीटर को 215 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद तस्कर को थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।



सफदरगंज के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की टीम ने बुधवार को थाना क्षेत्र के रामपुर कटरा निवासी तस्कर जुबेर उर्फ अलबेली को गांव के बाहर से 215 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मार्फीन के साथ पकड़ा गया तस्कर जुबेर उर्फ अलबेली थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उन्होंने बताया कि शातिर पर थाने में पहले से चोरी, शस्त्र अधिनियम, गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, एनडीपीएस, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट के 13 मुकदमे दर्ज हैं।

**व्यवस्था** चार किस्त के लाभ से वंचित किसानों को ई–केवाईसी कराने पर ही मिलेगी 16वीं किस्त

# ई–केवाईसी ने रोकी 55 हजार किसानों की सम्मान निधि

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी




**अमृत विचार :** ई-केवाईसी न होने से 55 हजार किसानों की सम्मान निधि अटक गई है। चार किस्तों का लाभ किसानों को न मिलने से दो हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ऐसे में सम्मान निधि की 16वीं किस्त के लाभ के लिए किसानों को ई-केवाईसी (इलेक्ट्रानिक प्रमाणीकरण) इसी माह कराना होगा ताकि उनको आने वाली सम्मान निधि की अगली किस्त का लाभ मिल सके।

जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ 5.10 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा है। इसमें शामिल नए पंजीकरण कराने वाले 42 हजार किसानों को भी चार-चार किस्तें मिल चुकी है। सम्मान निधि की 11 वीं किस्त का लाभ पहले पंजीकरण कराने वाले 4.69 लाख किसानों को मिला था। इसके बाद ई-केवाईसी न कराने वाले 55 हजार किसानों की सम्मान निधि रोक दी गई। सम्मान निधि न आने के के कारण किसान विभाग के चक्कर काटने लगे। यहां पर तो किसानों का भू-लेख अंकन और आधार अपडेट कंप्लीट था। ऐसे में किसानों की सम्मान निधि क्यो रुकी, संबंधित पटल सहायक भी इसका कारण बताने में अस्मर्थ दिखे। इसके बाद 12 वीं, 13वीं, 14वीं और 15 वीं किस्त भी आ गई। मगर, इन 55 हजार किसानों की सम्मान निधि अटकी रही। अधिकारियों ने इसको लेकर मुख्यालय स्तर से जानकारी जुटानी शुरू की तो पता चला कि ई-केवाईसी न होने से इन किसानों की सम्मान निधि रोकी गई है। इसको लेकर किसानों को 16वीं किस्त के लाभ के लिए ई-केवाईसी कराने की अपील की गई है। इसको लेकर जहां विभाग ने कृषि विभाग के स्थानीय कर्मचारियों को निर्देशित किया है। वहीं किसानों को जनसेवा केंद्र से भी के-वाईसी कराई को कहा गया है।

### पंचायतों में चलाया जा रहा 10 दिवसीय अभियान

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ किसानों को मिले। इसको लेकर कृषि विभाग अभियान चलाकर किसानों की ई–केवाईसी कराएगा। इसके लिए 12 फरवरी से 21 फरवरी तक कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर गांव–गांव में किसानों की ई–केवाईसी कराएंगे। किसान कृषि विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर ई–केवाईसी करा सकते है। जनसेवा केंद्र से भी ई–केवाईसी कराई जा सकती है।

### करायी जा रही ई-केवाईसी

निदेशालय से ई–केवाईसी न कराने वाले 55 हजार किसानों की सूची मिली है। जिनकी ई–केवाईसी गांव स्तर पर विभागीय कर्मचारियों को लगाकर कराई जा रही है। सूची में शामिल कुछ किसानों का निधन भी हो चुका है। किसानों को 16वीं किस्त का लाभ मिले इससे पहले ई–केवाईसी कराने का प्रयास है।

–श्रवण कुमार, उप कृषि निदेशक

## अभिरक्षा से भागा कैदी पकड़ा गया

**कानपुर, अमृत विचार :** जेल से हैलट एक्सरे के लिए लाया गया कैदी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पुलिस ने उसे कुछ दूरी पर दौड़कर पकड़ लिया। कानपुर जेल में बंद कैदी राजे खान उर्फ नजरूल हसन को जेल पुलिस हैलट के एक्सरे विभाग में सुबह 11 बजे लायी थी। पर्चा बन रहा था। इसी दौरान वह मौका पाकर हथकड़ी छुड़ाकर मार्चुरी की तरफ भाग निकला। पुलिसकर्मी ने उसे दौड़ाकर मार्चुरी के पास दबोच लिया। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने बताया कि बिधनू के शिवगंज चौराई निवासी राजे खान उर्फ नजरूल हसन 23 जून 2023 को दुष्कर्म के आरोप में जेल लाया गया था। उसे टीबी और मल्टी ड्रग रजिस्टेंट की बीमारी है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

# संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए, सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता, क्रिटिकैलिटी, विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है, बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित, यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे, लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं, लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था, लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है, वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है, परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है, लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं, उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

## प्रसंगवश

# महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

कल वैलेंटाइंन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था, खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है, ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं, पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं, पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम -अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है, यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

# लिव इन अब कोई खेल नहीं



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है, क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों, वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है, बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है, किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

## सोशल फोरम

# कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

# राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

# संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है, इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है, जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए, ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है, लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे, लोन लेने, होटल, टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया, लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित, लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है, कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी, लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया, यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

# सोनिया के राज्यसभा जाने के फैसले से रायबरेली में कांग्रेस की राह आसान नहीं

दिलीप सिंह, रायबरेली

**राजनीति**

▸▸ **सांसद बनने के बाद नहीं आने को जनता के बीच जाकर भुनाने में लगी भाजपा**

**अमृत विचार :** जिले की सांसद सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्य सभा के लिए नामांकन के बाद जिले की राजनीति ने करवट बदलनी शुरू कर दी है। कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली में स्थिति अब कहीं ना कहीं चुनौतीपूर्ण हो गई है।



पिछले चुनाव में अमेठी में राहुल की हार के बाद अब भाजपा के निशाने पर दूसरा गढ़ रायबरेली ही है। वर्तमान चुनाव में भाजपा हर हाल में यहां जीत हासिल करना चाह रही है। ऐसे में अचानक सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के फैसले के बाद अब भाजपा ने उनके संसदीय क्षेत्र में नहीं आने के मुद्दे को भुनाने का मन बना लिया है। ऐसे में कांग्रेस के लिए यहां से जीत की डगर आसान नहीं होगी। हालांकि, कांग्रेस भी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। यही वजह है कि प्रत्याशी की घोषणा को लेकर माहौल को भांपने में लगी हुई है।

## राहुल के आने से उत्साहित कांग्रेसी, गांव-गांव कर रहे संपर्क



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सहारे राहुल गांधी जनता के बीच जा रहे हैं। मौके पर उन्हे भरपूर समर्थन भी मिल रहा है लेकिन सबसे बड़ी मुश्किल भीड़ में आने वाले लोगों को पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की होती है। पिछले चुनाव में यही स्थिति थी। खचाखच भीड़ होने के बाद भी मतदाता को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सके थे। इसका खामियाजा उन्हें अमेठी सीट को गवांकर भुगतना पड़ा थ। इस बार भी उनके लिए यहीं चुनौती है।

## माहौल देखकर प्रत्याशी का करेंगे फैसला

इंडिया में शामिल सपा ने रायबरेली और अमेठी सीट कांग्रेस को देने की घोषणा कर दी है। रायबरेली से प्रियंका वाड्रा के उतरने को लेकर चर्चा खूब है लेकिन अभी भी कांग्रेस किसी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं है। यही वजह है कि एक टीम लगातार स्थानीय माहौल को देख रही है। इसके बाद ही कोई फैसला होगा।

## बूथ मजबूत करने में भाजपा सबसे आगे

लोकसभा चुनाव की घोषणा भले ही अभी ना हुई हो लेकिन सभी दल तैयारी में लग गए हैं। बात जमीनी स्तर पर मजबूती की करें तो इसमें भाजपा सबसे आगे है। पूरे साल भाजपाई सक्रिय रहे। यहां तक सर्वे करवा चुके हैं कि किन बूथों पर पार्टी कमजोर है। कांग्रेस की देखे तो राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के यूपी में आने और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समर्थन में रायबरेली या अमेठी में शामिल होने की घोषणा के बाद कांग्रेसियों के चेहरे खिले। वर्तमान में सांसद प्रतिनिधि से लेकर दिग्गज लोगों के बीच जाकर पार्टी का संदेश पहुंचा रहे हैं।

## जीत के अंतर में कमी से कांग्रेसी सतर्क

कांग्रेस यहां से तभी प्रियंका के नाम की घोषणा करेगी, जब सबकुछ बेहतर हो जाएगा। पिछले चुनाव में जीत के अंतर में कमी को अभी तक दिग्गज नहीं भूला सके हैं। ऐसे इस बार सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की जिले से दूरी भी मुश्किल बढ़ा सकती है। चुनाव में इसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ सकता है। भाजपा नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा का कहना है कि सांसद की 5 साल तक जिले से दूरी का उनके पास कोई जवाब नहीं था। हार को देखते हुए ही उन्होंने यह फैसला लिया है।

> कांग्रेस इतना डर चुकी है कि उसने अपनी हार के भय से लड़ने से पहले ही समर्पण कर दिया है और सोनिया गांधी ने लड़ने के बजाए राज्यसभा का सुरक्षित रास्ता चुन लिया है।
> –**वीरेंद्र तिवारी**, लोकसभा प्रभारी, रायबरेली

> अमेठी के बाद इस बार के चुनाव में रायबरेली में भी कांग्रेस की हार पक्की है। सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा में जाने से अब इस पर मुहर भी लग गई है।
> –**बुद्धिलाल पासी**, जिलाध्यक्ष, भाजपा

## बहराइच में तेंदुए के जबड़े से बेटे को छीन लाई मां

**मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज के अयोध्या पुरवा गांव में मंगलवार रात लगभग 9 :00 बजे 4 वर्षीय अयान पुत्र इश्तियाक अली को उसकी मां गोद में लेकर घर के बरामदे में जैसे ही निकली, तेंदुए ने अचानक बालक को झपट्टा मार कर पकड़ लिया। बालक को छुड़ाने के प्रयास में मां तेंदुए से भिड़ गई। मां के शोर पर परिजन व आस–पड़ोस के लोग दौड़े तो तेंदुआ बालक को छोड़कर खेतों की तरफ चला गया। बालक को मोतीपुर सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डीएफओ बी. शिवकुमार ने बताया कि बालक के आश्रितों को आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। वनकर्मी कांबिंग कर रहे हैं।

**एक नजर**

## वरीक्षा के लिए पैसे नहीं अधेड़ ने लगा ली फांसी

**बांदा, अमृत विचार :** बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी एक अधेड़ ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि बेटी की शादी के लिए पैसों का इंतजाम नहीं कर सके। बुधवार को ही उन्हें वरीक्षा के लिए जाना था पर पैसे नहीं जुटे तो उन्होंने दुकान के बाहर छज्जे में अंगोछा डालकर मौत को गले लगा लिया। गंगा प्रसाद (55) पुत्र भुल्ली कोटार्य की परचून की दुकान के साथ आटा चक्की का कारखाना है। बेटी की शादी के लिए रुपये का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। इससे गंगा प्रसाद परेशान थे। बुधवार को गंगा प्रसाद को वरीछा के लिए ब्यूर रसिन गांव जाना था पर उन्होंने जान दे दी।

## पति और सास पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद बहू ने दी जान



**कानपुर, अमृत विचार :** पति और सास के खिलाफ 5 दिन पहले नवाबगंज थाने में दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट लिखाने वाली नवविवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर जान दे दी। कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बारासिरोही के रहने वाले वीरेंद्र प्रताप ने पुलिस को बताया कि 28 वर्षीय बेटी खुशबू की शादी 27 नवंबर 2023 को रावतपुर रोडवेज कॉलोनी निवासी अर्पित कठेरिया से हुई थी। खुशबू को दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर 9 फरवरी को दहेज व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार दोपहर खुशबू ने फांसी लगा ली।

# श्रम विभाग पोर्टल से धोखाधड़ी में प्रेमी जोड़े समेत 6 गिरफ्तार

- अपात्रों के खाते में एक करोड़ सात लाख ट्रांसफर कर लिया था
- छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तारी
- दो सगे भाइयों समेत 6 आरोपी धरे गए, कैश भी बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने प्रेमी जोड़े के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और प्रदेश के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से माल की बरामदगी हुई है।

बुधवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्कीप करते हुए लगभग 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में लगभग एक करोड़ सात लाख की धनराशि ट्रांसफर कर ली थी। साइबर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासा के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया गया। जांच शुरू की तो पता चला कि इस घटना के मुख्य मास्टरमाइंड प्रेमी जोड़ा उदित मिश्रा निवासी सजेती हाल पता 19 वीं मंजिल बिल्डिंग पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी नागपुर महाराष्ट्र हैं। उदित श्रम विभाग के टेक्निकल सलाहकार के रूप में मदद करता था और ट्रेजरी ऑफिसर का डिजिटल सिग्नेचर कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। पुलिस ने सजेती निवासी अंकित मिश्रा, मुरादाबाद के थाना मोजपुर निवासी मोहम्मद यासीन, मुरादाबाद के थाना कटघर अंबेडकर नगर निवासी ललित कश्यप, सीतापुर के आदर्श नगर निवासी विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया है। उदित और अंकित भाई हैं।



आरोपी नैंसी ठाकुर , अंकित मिश्रा, उदित मिश्रा, ललित, मोहम्मद याशीन, विनय प्रकाश दीक्षित। अमृत विचार

### अपात्र श्रमिकों के खाते में गई रकम

डीसीपी ने बताया कि विभागीय प्रक्रियाओं को बाईपास कर डीएलसी व एलसी की आईडी को स्कीप करते हुए कुल 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में लगभग एक करोड़ सात लाख की धनराशि को रातों–रात ट्रांसफर कर दिया गया। साइबर अपराधियों ने सहारनपुर में तैनात रोहित कुमार की आईडी से बिना मोबाइल नंबर, बिना नवीनीकरण, बिना किसी आईडी के 25 और 30 जनवरी को 259 आवेदन कराए। रोहित की आईडी से आवेदन आवंटित नहीं हो सकते थे। शातिरों ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी कानपुर देहात अरविंद की आईडी से आवंटन की प्रक्रिया पूरी की।

### लखनऊ श्रम विभाग के अकांउटेंट ने की मदद


उदित मिश्रा ने पुलिस के सामने बताया कि वो वेबसाइट टेस्टिंग का काम करता है। श्रम विभाग की वेबसाइट में उसने बचाव का रास्ता खोज लिया। लखनऊ स्थित श्रम विभाग में कार्यरत अकाउंटेंट दिनेश दीक्षित ने उसे पूरी जानकारी दी। अकाउंटेंट ने ही उसे डिजिटल सिग्नेचर की डीएफसी दी थी। इसकी मदद से उसने पूरी घटना को अंजाम दिया। उदित ने बताया कि दिनेश ने ही एक्सल फाइल में 18 खातों की जानकारी दी थी। इसमें 19 .80 लाख रुपये की रकम उनके पास गई। उदित ने बताया कि श्रम विभाग की योजनाओं का दो बार पूरे देश में टॉप पर नाम लेकर आया इसके लिए उसे भारत सरकार ने भी दो बार सम्मानित भी किया। लखनऊ में आयुष्मान योजना में टारगेट पूरा करने के लिए बुलाया गया था।

# राम मंदिर में रंगोत्सव का आगाज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वसंत पंचमी से रामलला के भव्य मंदिर में रंगोत्सव का आगाज हो गया। अब हर दिन अलग-अलग रंगों में इस उत्सव को मनाया जाएगा। 40 दिन तक मठ-मंदिरों में प्रतिदिन प्रभु के श्रंगार व आरती-पूजन में अबीर और गुलाल चढ़ाया जाएगा।

राम मंदिर सहित पांच हजार मठ मंदिरों में बुधवार को श्रंगार आरती के साथ गर्भगृह में प्रभु को अबीर और गुलाल चढ़ाकर रंग उत्सव की शुरुआत हुई। भक्त सरयू में स्नान करने के बाद राम जन्मभूमि हनुमानगढ़ी सहित मंदिर में दर्शन पूजन कर उत्सव में शामिल हुए। दोपहर 12 बजे आरती पूजन किया गया। पूजन के बाद विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगा प्रसाद वितरित किया गया। सुबह सात बजे से रात्रि 10 बजे तक भगवान के दर्शन को भक्तों का ताता लगा हुआ था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि वसंत पंचमी को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान हो रहे हैं।



भव्य मंदिर में विराजमान रामलला।

### पुजारी-प्रभु साथ-साथ खेलते होली

सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर पर वसंत पंचमी का खासा महत्व है। इस दिन मंदिर में सुबह पांच बजे हनुमानजी व उनके पुजारी और नागा साधु के बीच होली का विशेष आयोजन होता है। इस दौरान किसी भी अन्य को आयोजन में शामिल होने की अनुमति नहीं होती। मंदिर के कथा व्यास मधुबन दास बताते हैं कि सुबह मंगल आरती के बाद हनुमान जी महाराज को अबीर और गुलाल लगाया जाता है। कहा जाता है कि दौरान प्रभु स्वयं वहां पर उपस्थित होते हैं और अपने साधकों के साथ होली खेलते हैं।

# काकोरी-बालामऊ रेलखंड पर चोर लगा रहे रेलवे को चूना

**हरदोई, अमृत विचार:** चोरों की पहली पसंद काकोरी-बालामऊ रेलखंड बन गया है। इस रेल खंड में एक के बाद एक चोरों ने बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। चलती हुई ट्रेनों से सामान नीचे फेंकर वारदात करने वाले चोरों के गैंग का अब तक सुराग नहीं लगा सकी है।

वर्ष 2017 से लेकर 2024 तक बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के कमांडर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आठ से नौ बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी हैं। रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ व संडीला के अंतर्गत जमकर चोरियां हुई हैं। वर्तमान में संडीला रेलवे सुरक्षा बल की ज़िम्मेदारी बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के कमांडर के पास हैं। बालामऊ कमांडर के क्षेत्राधिकार में ऐसे ही एक मामला चार फरवरी को सामने आया था जहां चोरों द्वारा चलती एक्सप्रेस ट्रेन से 17 नग होजरी के समान को ट्रेन के नीचे गिरा दिया था। पूरे मामले में आठ दिन बीत गए हैं लेकिन रेलवे सुरक्षा बल के हाथ अब तक खाली हैं जिम्मेदारों का हाल यह है कि 48 घंटे पूर्व दिल्ली से रेलवे सुरक्षा बल नॉर्दर्न रेलवे के आईजी ए एन मिश्रा भी बालामऊ पहुंचे थे। आईजी ने बालामऊ से काकोरी तक निरीक्षण भी किया था। आईजी द्वारा बालामऊ रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी रामनरेश को जल्द खुलासे के निर्देश भी दिए थे। आईजी नॉर्दर्न रेलवे के निरीक्षण के 48 घंटे बीतने के बाद भी रेलवे सुरक्षा बल बालामऊ के हाथ अब तक किसी भी चोर को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुए है। मुरादाबाद मंडल की यह सबसे बड़ी चोरी है जिसमें अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख बताई गई है। रेलवे सुरक्षा बल ने मुकदमा दर्ज किया है।

**सार-संक्षेप**

### घरवालों के शादी से इनकार करने पर प्रेमी युगल ने दी जान

**चरखारी, महोबा, अमृत विचार :** कोतवाली चरखारी क्षेत्र के ग्राम कनेरा में दो सजातीय प्रेमी प्रेमिका के परिजनों द्वारा शादी के लिए राजी न होने पर आहत प्रेमी ने खेत में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर प्रेमिका ने भी घर में जहर खा लिया, परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होता देख परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ग्राम कनेरा सुरेंद्र खंगार (20) पुत्र दौलत खंगार का गांव की ही सीमा से प्रेम प्रसंग था। दोनों एक ही जाति के थे। दोनों ने परिजनों को फैसला बताया लेकिन वे राजी नहीं हुए। इस पर सुरेंद्र ने खेत में जहरीला पदार्थ खा लिया और घर की तरफ चल दिया। रास्ते में पुलिया के पास गिर गया। परिजन को रास्ते में सुरेंद्र मिला। परिजन उसे लेकर सीएचसी चरखारी पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कनेरा गांव की सीमा (19) पुत्री रामबाबू खंगार ने ये खबर सुनी तो उसने भी जहर खा लिया। परिजन उसे लेकर सीएचसी चरखारी पहुंचे जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### नलकूप में किसान को गला रेतकर मार डाला

**फतेहपुर, अमृत विचार :** खेत में बने नलकूप में किसान की सोते समय मंगलवार की रात बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। जहानाबाद थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के रहने वाले हरिश्चंद्र (40) पुत्र सुखदेव निषाद गांव में खेती– किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात वह खैराबाद स्थित अपने खेत में बने नलकूप पर सोने चला गया। बुधवार सुबह देर तक उसके न लौटने पर बारिश के दौरान परिवार के लोग जब खेत पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच–पड़ताल की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



फाइल फोटो।

### मित्र का एक्सीडेंट बताकर ठग लिए 75 हजार रुपये

**कानपुर, अमृत विचार :** साइबर ठग ने युवक को व्हॉट्सएप वीडियो कॉल कर उनके मित्र का एक्सीडेंट होने की बात बताई और मदद के नाम पर 75 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है। मंगला विहार निवासी रंजीत सिंह चौहान के अनुसार 30 अक्टूबर 2023 को उनके मोबाइल नंबर पर व्हॉट्सएप चैट और वीडियो कॉल आई। फोन करने वाले ने उनके मित्र का साथी बताया और कहा कि मित्र का उन्नाव में एक्सीडेंट हो गया है। अस्पताल के खर्चे के नाम पर रुपये मांगे। इस पर उन्होंने दो बार में 75 हजार रुपये पेटीएम से ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद उन्होंने अपने मित्र को हालचाल लेने के लिए फोन किया तो उन्हें ठगी की जानकारी हुई।

### उपमुख्यमंत्री की बुआ का इलाज के दौरान निधन



**फतेहपुर, चौरासी, अमृत विचार :** आग तापते समय गंभीर रूप से झुलसी प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की बुआ का बुधवार को कानपुर के हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर परिजनों, क्षेत्र व जिलावासियों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की करीब 100 वर्षीय बुआ विद्यावती मिश्रा (सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षिका) नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर में बीती 2 फरवरी को सुबह आग तापते समय गंभीर रूप से झुलस गई थीं। परिजन उन्हें पहले स्थानीय निजी अस्पताल ले गए थे जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। तभी से उनका इलाज हैलट में चल रहा था। बुधवार दोपहर उनका निधन हो गया।

# किसानों को नहीं दे पा रहे एमएसपी : अखिलेश

**सैफई, इटावा, अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि भारतरत्न बांटने वाली भाजपा सरकार आज तक किसानों को एमएसपी नहीं दे पा रही है। एक तरफ स्वामीनाथन और देश के सबसे बड़े किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया जा रहा है और किसानों को भूल रहे हैं। सरकार ने कहा कि आय दोगुनी कर देंगे लेकिन सरकार की नीयत साफ नहीं है।



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तहसील क्षेत्र के बैदपुरा कस्बे में तिरुपति ग्रुप के अध्यक्ष संतोष यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। वे इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के सवाल पर बोलने से बचते नजर आए। कहा कि इस मुद्दे पर तभी बोलूंगा जब आप लोगों को वहां लेकर चलूंगा। स्वामी प्रसाद मौर्य और पल्लवी पटेल के सवाल पर अखिलेश यादन ने कहा कि राजनीति में ऐसा समय आता है, उसी समय को हम लोग देख रहे हैं।

## गेंद निकालते समय पानी से भरे गड्ढे में गिरा बालक, मौत

**फतेहपुर, अमृत विचार।** गेंद निकालने के चक्कर में बालक पानी से भरे गड्ढे में गिर गया, पानी में डूबने से बालक की मौत हो गई। ग्रामीणों शव को बाहर निकाला। हादसे से परिजनों का हाल बेहाल हो गया। परिवार में बालक इकलौता था। धाता थाना क्षेत्र के सरवनपुर नेदौरा गांव निवासी हर्ष उर्फ डुग्गू (8) पुत्र स्व. हरिश्चंद्र गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो का छात्र था। घर से गेंद लेकर खेलने निकला था। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घर से कुछ दूर मिट्टी पुराई के लिए खोदी जमीन पर पानी भरा गहरा गड्ढा था, ग्रामीणों ने गड्ढे में हर्ष की चप्पल उतराती देखी। इस पर उसकी गड्ढे में खोजबीन शुरू की तो उसका शव मिला। परिजनों ने कयास लगाया कि उसकी गेंद खेलते समय गड्ढे में चली गई होगी। हर्ष के पिता की कैंसर से मौत हो चुकी है। हर्ष परिवार में इकलौता पुत्र था, मां का रो–रोकर बुरा हाल है।

# महोबा: पूर्व राज्यमंत्री के बेटे को उम्रकैद

**महोबा, अमृत विचार:** 8 साल पहले हुए बहुचर्चित गोलीकांड मामले में बुधवार को अदालत ने पूर्व मंत्री के बेटे पर दोष सिद्ध हो जाने पर उसे उम्रकैद की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार रुपये जुर्माना ठोंका। वहीं दूसरे गुट के पूर्व विधायक के बेटे को जानलेवा हमले के मामले में दस साल सजा और 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। दोनो पक्षों के 11 लोगों को बरी कर दिया गया। अदालत ने दोनो अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया।



वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव दौरान महोबा विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह चुनाव लड़ रहे थे, जबकि सपा से पूर्व राज्यमंत्री सिद्ध गोपाल साहू चुनाव मैदान में डटे थे। मतदान से एक दिन पहले रात में कन्वेसिंग के लिए घूम रहे सपा बसपा के समर्थकों में शहर के मोहल्ला बजरिया में पुलिस चैकी के समीप पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह के बेटे हिमांचल और पूर्व मंत्री व सपा प्रत्याशी सिगोपाल के बेटा साकेत साहू व उनके समर्थको के बीच हुई मारपीट और गोलीबारी में पूर्व विधायक के रिश्तेदार राकेश सिंह की मौत हो गई थी जबकि पूर्व राज्यमंत्री के बेटे साकेत साहू गोली लगने से घायल हो गए। साकेत साहू की तरफ से कोतवाली महोबा में हिमांचल सिंह, समीर सिद्दीकी, समीर अंसारी, परवेज अहमद, गुढ्ढी मंसूरी, सिद्ध्धाथ, सुधीर सिंह, कल्लू सहित 9 लोगों के खिलाफ तो दूसरे गुट के हिमांचल सिंह ने साकेत साहू व उसके भाई सौरभ साहू, तारिक अहमद, हर्ष प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## सुलतानपुर में द्वार पूजा के दौरान हर्ष फायरिंग से युवक की मौत

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बारात में द्वार पूजा के दौरान हर्ष फायिरंग में सजावट का काम करने आए युवक की मौत हो गई। युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज का जांच शुरू की। लंभुआ नगर पंचायत के शिव नगर वार्ड निवासी हरिशंकर तिवारी की बेटी प्रतिभा तिवारी कि मंगलवार को शादी थी। अमेठी जनपद के लवकुश द्विवेदी शाम को बारात के साथ पहुंचे। जलपान के बाद रात करीब 10 :30 बजे द्वार पूजा का आयोजन शुरू हुआ। उसी समय हर्ष फायरिंग होने लगी। गोली टेंट व सजावट का काम करने वाले कादीपुर खुर्द निवासी हेमंत मिश्रा (32) के जा लगी।

# राममंदिर को समर्पित किए 64 रजत कलश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चेन्नई के शारदा श्रृंगेरी मठ के सानिध्य में रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने बुधवार को 16 पवित्र नदियों के जल से युक्त 64 रजत कलश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे। इसके साथ ही 16 नदियों की रज और चांदी की तीन चरण पादुका भी ट्रस्ट को भेंट की हैं। रजत कलश का पूजन चेन्नई के 64 लाख घरों में हुआ है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए 48 दिवसीय मंडप उत्सव में चेन्नई से आए 64 रजत कलशों में रखे पवित्र 16 नदियों के जल से पूजन किया जाएगा। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य को तुलसी उद्यान के मंच पर रामोत्सव कार्यक्रम में समर्पित किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम के संयोजक व इंडिया थिंक काउंसिल नई दिल्ली के सदस्य सौरभ पांडेय ने बताया कि रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने 16 पवित्र नदियों के जल को एकत्र करने का अभियान राममंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद शुरू किया था। जल एकत्रित करने के बाद इसे चांदी के कलश में रखकर अयोध्या लाया गया है। इसके साथ चांदी की चरण पादुका भी है। इनके निर्माण में 25 किलो चांदी का प्रयोग हुआ है। इसमें करीब 45 लाख का व्यय आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने कहा कि कलश को समर्पित करने वाले भक्तों पर कृपा हमेशा बनी रहे।



रजत कलश व चांदी की चरण पादुका का पूजन करते आचार्य व मौजूद अन्य लोग।

### चांदी की तीन चरण पादुका भी सौंपी

**कलश में है इन नदियों का जल**

चांदी के कलश में गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा, तुंगभद्रा, पूर्णा, प्राणिहता, गंडकी, भीमरथी, सरयू, ताम्रवर्णी, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, गोदावरी, सिंधु, सरस्वती का जल है।

## एक ट्रिलियन डालर की ओर बढ़ रहा प्रदेश: राजू

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की ओर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हम सभी को मिलकर एक साथ कार्य करने की जरूरत है। ये बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार केवी राजू ने बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कही। वो सलाहकार जीएन सिंह के साथ यहां आए थे। उन्होंने कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, समस्त अधिष्ठाता, निदेशक व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू ने कृषि के क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग, फ्लोरीकल्चर आदि के क्षेत्र में तेजी के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

# नेहरू और राहुल की यात्रा का उद्देश्य एक : प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने प्रतापगढ़ में अंग्रेजों के शासनकाल में किसानो के लिए यात्रा की थी और आज राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। दोनों लोगों की यात्रा का उद्देश्य एक ही है। उस समय अंग्रेजों के शासन से जनता त्रस्त थी और आज भी ऐसा ही है। उक्त बातें राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने बुधवार को बाबागंज स्थित होटल में प्रेसवार्ता में कही।



उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा की शुरुआत आज ही के दिन मणिपुर से हुई थी,उसमें भी मैं शामिल हुआ था। राहुल की यात्रा प्रतापगढ़ जिले में 19 को सुबह 8 बजे देल्हूपुर से प्रवेश करेगी। वहां से भूपियामऊ, भगवा चुंगी, चौक घंटाघर होते हुए आंबेडकर चौराहा पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा सुखपाल नगर, मोहनगंज अजगरा, लीलापुर, सगरा होते हुए घुइसरनाथ,सांगीपुर,अठेहा तक जाएगी। यहां से यात्रा अमेठी पहुंचेगी। प्रतापगढ़ जिले में राहुल की कोई जनसभा नहीं होगी।

## 21 को कानपुर आ सकते हैं राहुल गांधी



**कानपुर, अमृत विचार:** भारत जोड़ो न्याय यात्रा 21 फरवरी को शहर आएगी। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भव्य स्वागत की तैयारी कांग्रेस ने शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कानपुर लोकसभा कोआर्डिनेटर शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने तिलक हाल में बैठक की। इसमें मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांग रहे नेता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वागत की तैयारियां पूरी कर लें। भव्य स्वागत होना चाहिए। जगह- जगह स्वागत द्वार बनाए जाएं।

## प्रदेश में बनेंगे छह नए छात्रावास

**लखनऊ, अमृत विचार:** ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग छह नए छात्रावास बनवाएगा। नए छात्रावास के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे। एक छात्रावास के निर्माण में दो करोड़ से नौ करोड़ रुपये तक खर्च होने का अनुमान है। नए वित्तीय वर्ष से छात्रावास का निर्माण शुरू हो जाएगा। फिरोजाबाद में तीन, सुल्तानपुर, हाथरस और जौनपुर में एक-एक छात्रावास का निर्माण होगा। वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं।

# अधूरी जांच के आधार पर कर्मचारी की बर्खास्तगी अनुचित : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **शिक्षक नियुक्ति के मामले में हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शिक्षक नियुक्ति मामले में कहा कि किसी शिक्षक को सिर्फ इसलिए नहीं हटाया जाना चाहिए कि प्रबंधन ने चयन प्रक्रिया में पर्याप्त निष्पक्षता नहीं रखी है। जब तक शिक्षक को नियुक्ति हासिल करने के लिए प्रबंधन के साथ मिलीभगत करते हुए ना पाया जाए, तब तक उसे सेवा में बने रहने का अधिकार है। लंबे समय से कार्यरत शिक्षक को अपर्याप्त साक्ष्य के आधार पर कलम के एक झटके से बर्खास्त नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा नियुक्ति आदेश और अनुमोदन आदेश रद नहीं किए गए हैं तो ऐसे शिक्षक सेवा में माने जाएंगे और वे वेतन भुगतान के तब तक हकदार होंगे, जब तक कि उनका दावा खारिज कर नहीं दिया जाता। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने राकेश त्रिपाठी की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित की।

कोर्ट ने शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि क्षेत्रीय चयन समितियां बिना अभिलेखों को देखे, उनकी सत्यता की जांच किए बिना, लापरवाही से आदेश पारित न करें, क्योंकि ऐसा आदेश संबंधित अधिकारियों को निंदा का पात्र बनाता है।

मामले के अनुसार क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), प्रयागराज की अध्यक्षता वाली क्षेत्रीय चयन समिति ने याची के नियमितीकरण के दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया कि अल्पकालिक जिस रिक्ति पर उन्हें वर्ष 1997 में नियुक्त किया गया था, उसे 2008 में मूल रिक्ति में परिवर्तित कर दिया गया है, जबकि कोर्ट ने तथ्यों की जांच के बाद पाया कि समिति द्वारा उपलब्ध अभिलेखों को देखे बिना, सरसरी तौर पर आदेश पारित कर दिया गया था। अंत में कोर्ट ने याची को सेवा में बने रहने और वेतन भुगतान का निर्देश देते हुए मामले में नए सिरे से आदेश पारित करने के लिए क्षेत्रीय चयन समिति के पास वापस भेज दिया।

# भक्तों को राहत देगा सुग्रीव पथ

## हनुमानगढ़ी से राम मंदिर के बीच आवागमन का नया मार्ग बनेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**फैसला**

▸▸ **290 मीटर लम्बे सुग्रीव पथ के निर्माण पर खर्च होंगे 11.81 करोड़ रुपये**

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रोजाना आ रही लाखों की भीड़ को देखते हुए राज्य सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक एक नया पथ बनाकर आवागमन के मार्ग को सुलभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 290 मीटर नया कॉरिडोर सुग्रीव पथ के नाम से बनेगा। यह हनुमानगढ़ी और राम मंदिर परिसर के बीच भक्तों के आवागमन के लिए एक आयताकार सर्किट के रूप में होगा, जिसपर 11.81 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। इसे लेकर आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने अयोध्या में सुग्रीव पथ नाम से एक नए कारीडोर के निर्माण की स्वीकृति दी है। अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर से रामजन्मभूमि मंदिर तक बनने वाले सुग्रीव पथ पर लगभग 11.81 करोड़ की लागत आएगी, जिसमें से 5.1 करोड़ का उपयोग भूमि अधिग्रहण के लिए किया जाएगा। कॉरिडोर की चौड़ाई लगभग 17 मीटर होगी। पथ के पांच मीटर दोनों तरफ पैदल मार्ग के विकास के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### लोक निर्माण विभाग करेगा निर्माण

अयोध्या में बनने वाले सुग्रीव पथ के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता एसबी सिंह ने बताया कि सुग्रीव पथ के निर्माण के लिए पहले भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।



मथुरा के वृन्दावन में बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर बांके बिहारी मंदिर में भक्तों ने जमकर गुलाल उड़ाया। इस दिन सबसे पहले बांके बिहारी को बसंती वस्त्र पहनाए जाते हैं और फिर उनका भव्य श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद उन्हें गुलाल अर्पित किया जाता है। बसंत पंचमी के दिन से ही पूरे ब्रज में होली का त्योहार शुरू हो जाता है। खास बात यह है कि ब्रज में होली का यह महापर्व 40 दिनों तक चलता है। एजेंसी

## कार में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

**एटा, अमृत विचार :** शादी से लौट रहे लोगों की कार में मंगलवार की देर रात ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। भीषण हादसे में पिता-पुत्र और सात माह की बच्ची की मौत हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा। हादसा कोतवाली देहात क्षेत्र के मरथरा गांव के पास हुआ। चौराहे के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में टक्कर मारी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में विश्वनाथ की पुत्री मिस्टी (7 माह), नेपाल सिंह (40 वर्ष) और उनका बेटा निशांत (7 वर्ष) की मौत हो गई।

# योगी ने वनटांगिया गांव रजही में लगाई चौपाल

▸▸ **हर परिवार को देंगे फैमिली आईडी कार्ड, बिना भेदभाव मिल रहा सबको योजनाओं का लाभ**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की हकीकत जानने और योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए देश स्तर पर शुरू हुए गांव चलो अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गांव में चौपाल लगाई। बुधवार को गोरखपुर के रजही आजादनगर (वनटांगिया गांव) पहुंचकर उन्होंने घर-घर दस्तक दी। ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें मिले लाभ के बारे में जानकारी ली। बच्चों पर प्यार लुटाया, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

लाभार्थियों से संवाद के बाद मुख्यमंत्री ने रजही में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यह भी बताया कि योजनाओं का लाभ देने के साथ ही सरकार सरकार एक नया कार्ड यानी फैमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। हम फैमिली आईडी कार्ड हर परिवार को देंगे। इसमें जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है, उनका उल्लेख होगा और जिनको नहीं मिला है उनको आने वाले समय में जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यही रामराज्य है जहां बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ हर गरीब, किसान, नौजवान, महिला को उपलब्ध हो रहा है। इस मौके पर सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह आदि भी मौजूद रहे।



वाराणसी के सीरगोवर्धनपुर स्थित रविदास मंदिर में मत्था टेकते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### रविदास मंदिर में टेका मत्था

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी दौरे के दूसरे दिन बुधवार को सीरगोवर्धन स्थित रविदास मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मत्था टेका एवं विधिवत दर्शन पूजन किया। उन्होंने मंदिर के महंत से भी वार्ता की एवं उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने मंदिर के लंगर हाल का भी निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली मूर्ति सहित अन्य कार्यों का भी अवलोकन किया। खराब मौसम व बारिश के बीच सीएम ने दो दिवसीय दौरे पर देर रात तक कई विकास कार्यों की जमीनी हकीकत भी देखी।

### सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बसंत पंचमी पर खाद कारखाना परिसर गोरखपुर में एक हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 252 करोड़ रुपये की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में एक हजार जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से संवाद भी किया।

# संगम तट पर लाखों भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** संगम नगरी में माघ मेले के चतुर्थ स्नान पर्व बसंत पंचमी पर बुधवार को हर हर गंगे उद्घोष के बीच शाम छह बजे तक लगभग 42.90 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह से ही बादल छाए रहने और ठंडा मौसम रहने के बावजूद बुधवार शाम छह बजे तक करीब 42 लाख 90 हजार लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। तड़के सुबह से ही स्नानार्थियों का माघ मेला क्षेत्र में आना जारी रहा जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे। उन्होंने बताया कि स्नानार्थियों की सुविधा के लिए घाटों की लंबाई 6800 फुट से बढ़ाकर 8000 फुट कर दी गई है और कुल 12 घाट बनाए गए हैं एवं सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में वस्त्र बदलने की सुविधा स्थापित की गई है। पुलिस उप महानिरीक्षक (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे और पूरे मेला क्षेत्र में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और कई एआई आधारित कैमरे क्रियाशील हैं और इन कैमरों से जानकारी एकीकृत नियंत्रण कमान (इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर) तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर आने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। साथ ही एटीएस, आरएएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीम, महिला पुलिसकर्मी, घुड़सवार पुलिस, बम निरोधक दस्ते सभी मेला क्षेत्र में क्रियाशील हैं। बसंत पंचमी पर पुण्य अर्जित करने के लिए माघ मेला क्षेत्र और नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा पूड़ी सब्जी, हलवा पूड़ी आदि का वितरण किया गया। वहीं, माघ मेला क्षेत्र में लगे साधू संतों के शिविर में व्यापक स्तर पर भंडारे का आयोजन किया गया।



प्रयागराज : माघ मेले के चतुर्थ स्नान पर्व बसंत पंचमी पर बुधवार को संगम तट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

**बलिया :** जिले के उभांव क्षेत्र में बुधवार को एक भारी वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार मां-बेटे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के तिरनई खिजिरपुर गांव में एक मोटरसाइकिल और भारी वाहन की टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार उमेश यादव (30) और उसकी मां बिंदा देवी (55) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के बहुता चक गांव का निवासी उमेश अपनी मां के साथ मोटरसाइकिल से नगरा से उभांव की तरफ आ रहा था। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


### वर्ग पहेली-343

**बाएं से दाएं**

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना



**वर्ग पहेली - 342 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शु | | 2 झ | | 3 स |
| 4 मे | जा | | न | | ना |
| | 5 अ | भि | क | थि | त |
| | त | | म | | न |
| | | 6 मा | न | स | |
| | 7 जी | र | क | | |
| | | ना | | | |

# देश के औद्योगिक विकास को गति देगी जीबीसी-4.0

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार**

**अमृत विचार :** प्रदेश को वन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने को तत्पर योगी सरकार के प्रयासों से 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 का आयोजन होने जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश में कुल 10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को पूरी तरह तैयार हैं। इनमें 500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4 हजार 577 परियोजनाएं, 01 से 10 करोड़ की 8 हजार 735 परियोजनाएं शामिल हैं। सभी परियोजनाओं के धरातल पर आने के बाद 34 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

**अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी :** समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री नन्दी को तैयारियों के साथ ही अयोजन की भी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जीबीसी के दौरान ही 20 और 21 फरवरी को विभिन्न विषयों पर सेक्टोरल सेशन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें ज्ञानार्जन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी विभिन्न तकनीकी, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानों के छात्रों को आमंत्रित किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर लखनऊ ने बताया कि जीबीसी के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। जीबीसी के दौरान ही एफडीआई को लेकर इमर्जिंग डेस्टीनेशन फॉर फॉरेन इन्वेस्टमेंट इन इंडिया कॉक्लेव का आयोजन होगा। बैठक में आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर, सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, कमिश्नर लखनऊ रोशन जैकब, पुलिस कमिश्नर लखनऊ समेत तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे।

### बदलाव और रफ्तार यूपी की पहचान बना

बुधवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आयोजन को भव्यतम बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश के रूप में एक नई पहचान मिली है। 2018 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद आयोजित पहले भूमि पूजन समारोह में 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव को शामिल किया गया था। वहीं अब 10.15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाएगा।

### सुडोकू-60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | | |
| 3 | 8 | | | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | | 1 |
| 8 | | | | 5 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 2 | | 7 | | | | 6 |
| 6 | | | 3 | | 9 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | 3 | 8 |
| | | 4 | | | 8 | | | |

**सुडोकू - 59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10.12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** — आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**वृष** — आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

**तुला** — आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।


**धनु** — आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**मकर** — आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

**कुंभ** — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

**मीन** — आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 09.26 तक तत्पश्चात भरणी।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- वन टू थ्री — सुबह : 09.31
- भैयाजी सुपरहिट — रात : 07.17

**SONY MAX**
- इशकजादे — सुबह : 11.04
- चक दे इंडिया — रात : 07.02

**SONY PIX**
- मॉर्टल कॉम्बैट — सुबह : 10.17
- वेनम — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- ईना मीना डीका — सुबह : 10.30
- नमस्ते इंग्लैंड — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
- राम और श्याम — दोपहर : 12.03
- कल हो न हो — शाम : 07.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

## आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

### उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

## सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

# इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान



समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आर्कषित किया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 71,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,150-47,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

# ईडी, अन्य एजेंसी पेटीएम को भेज रहीं नोटिस, कंपनी दे रही स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी ने कहा-उपलब्ध करा रहे दस्तावेज व जानकारी

पेटीएम ब्रांड और उसकी बैंकिंग इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अंतर्गत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली वन97 कम्युनिकेशंस को संबंधित इकाइयों के ग्राहकों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों से नोटिस मिले हैं। पेटीएम ने कहा कि कंपनी और उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक अधिकारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार जानकारी, दस्तावेज उपलब्ध करा रही है।

पेटीएम ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पैसा बाहर भेजने का काम नहीं करती है। वित्तीय मंच ने कहा-न97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल), उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगी पीपीबीएल को समय-समय पर ग्राहकों के संबंध में ईडी सहित अन्य विभागों से सूचना, दस्तावेज और स्पष्टीकरण के लिए नोटिस और मांगें प्राप्त होती रही हैं...इस बारे में सभी जरूरी जानकारी अधिकारियों को दी जा रही है।

## कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक



किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

## राष्ट्रीय

# 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

## राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, ''देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?



राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

### जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

## कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिवसेना नेता पर गोलीबारी**

**ठाणे।** अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

# निर्वाचन आयोग ने लोकसभा और चार राज्यों में विस चुनावों के लिए मांगे 3.4 लाख सुरक्षाकर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा तथा सिक्किम में विधानसभा चुनावों के दौरान चरणबद्ध तरीके से तैनाती के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 3.4 लाख कर्मियों की मांग की है। निर्वाचन आयोग ने सभी उपयुक्त सुविधाओं के साथ पर्याप्त संख्या में ट्रेन की व्यवस्था करने की भी मांग की है ताकि चुनाव कार्यों को पूरा करने के लिए सीएपीएफ कर्मियों को सुगमता से और समय पर एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाना सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे एक पत्र में आयोग ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों

- उत्तर प्रदेश में 252 व पश्चिम बंगाल में 920 सीएपीएफ की कंपनी तैनात होने की उम्मीद

के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने ईवीएम और 'स्ट्रॉंग रूम की सुरक्षा के लिए सीएपीएफ की तैनाती का अनुरोध किया है। वहीं सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सीएपीएफ की अधिकतम 3,400 कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। पश्चिम बंगाल में सीएपीएफ की अधिकतम 920 कंपनी, जम्मू-कश्मीर में 635, छत्तीसगढ़ में 360, उत्तर प्रदेश में 252 कंपनी तैनात किए जाने की उम्मीद है।

### निर्वाचन आयुक्त पद से अनूप पांडे सेवानिवृत्त




अनूप चंद्र पांडे की बुधवार को 65 वर्ष की आयु होने पर निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हो गया, जिससे तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में एक पद रिक्त हो गया। केंद्र सरकार के साथ-साथ यूपी सरकार में 37 साल के करियर के बाद पांडे जून 2021 में आयोग में शामिल हुए थे। पांडे की सेवानिवृत्ति ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिनों बाद निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम के अनुसार, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली और दो केंद्रीय सचिवों वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए 5 उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी। वहीं खोज समिति की बैठक 7 फरवरी को होनी थी, लेकिन बैठक स्थगित कर दी गई। वर्तमान में राजीव कुमार मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं जबकि अरुण गोयल निर्वाचन आयुक्त हैं।

## एक नजर

### सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

### हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

**जम्मू।** पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

# नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भाजपा ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मप्र से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है।

राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन, उमेशनाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह, तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

# मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

## चुनावी बांड योजना की वैधता पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल दो नवंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बांड योजना को सरकार ने दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया था। इसे राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बांड भारत के किसी भी नागरिक या देश में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है।

## ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

# कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

**सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा




पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

### उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार-एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।

# सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

## भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात



**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

# नीदरलैंड 1-0 से जीता, भारतीय खेल में सुधार

**एफआईएच महिला प्रो लीग**

**राउरकेला, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड के खिलाफ बेहतर रक्षात्मक प्रदर्शन करने के बाद भी बुधवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में 0-1 से हार गई। भारतीय टीम के लिए लीग के मौजूदा चरण में 6 मैचों में यह पांचवीं हार है। नीदरलैंड की यह 10 मैचों में 10वीं जीत है। मौजूदा विश्व, ओलंपिक और प्रो लीग चैंपियन नीदरलैंड के लिए अल्बर्स फेलिस ने 27वें मिनट में गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। नीदरलैंद के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। एक सप्ताह पहले नीदरलैंड ने भुवनेश्वर में भारत को 3-1 से हराया था। मैच में बढ़त लेने के लिए नीदरलैंड को 27 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। एल्जेमीक जांडी गेंद पर अच्छी पकड़ के साथ भारतीय सर्कल में पहुंची और गोल पोस्ट की ओर प्रहार किया। सविता ने बचाव किया लेकिन गेंद अल्बर्स के पास चली गई। अल्बर्स ने दोबारा गोल कर दिया। नीदरलैंड ने अपने आक्रामक खेल से दबदबा बनाया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उनका मुकाबला किया।



### पुरुष टीम का लक्ष्य होगा हैट्रिक

**भुवनेश्वर।** एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

## खेल डायरी

### नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

### डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

**लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी।** ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

### भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

### नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर



**बेंगलुरू, एजेंसी।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

# इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

## राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

**राजकोट, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।





### भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इसकी संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं। जिसके लिए उसको रन बनाने होंगे।

### क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ उन्हें विकेट लेने में मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं, लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू करें। उन्होंने कहा कि जब वह शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

# भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा : स्टोक्स

**राजकोट, एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।



### बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

# मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा



**कोपेनहेगन, एजेंसी।** केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

# रोहित होंगे टी-20 विश्व कप में कप्तान

**राजकोट, एजेंसी**



बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बुधवार को कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत के कप्तानी होंगे। भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है, लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की। शाह ने कहा कि हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिल जीते। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी-20 विश्व कप) में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे। शाह खंडेरी में सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुख्य अतिथि थे। इस स्टेडियम का नाम अब क्रिकेट प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर है। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले और आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल मौजूद रहे। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अलावा रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## बॉलीवुड हलचल

### नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि... 'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला... राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

### नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।

### दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।



### करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

### अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीं इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**




**मंदिर के भव्य शिखर हैं खास:** मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

# सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

भारत-यूएई के रिश्तों में सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी विश्व की सबसे ऊंची इमारत। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।





### कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

### धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।





## एक नजर

### गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

### इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

### ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**दुबई।** ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

### अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

# घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।



### अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

### भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले:** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद** की समस्या: उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप:** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

# पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।



- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायामूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

### जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।


### इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

**जकार्ता।** मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

### बर्फबारी से 1100 उड़ानें रद...





**न्यूयॉर्क:** अमेरिका के कई हिस्से बर्फीले तूफान की चपेट में हैं। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट प्रांतों में मंगलवार को भीषण बर्फीला तूफान आया। सर्दी के सीजन में इस बर्फीले तूफान में नॉरईस्टर विंटर स्टॉर्म कहा जाता है। इस तूफान की वजह से न्यूयॉर्क में 5 से 8 इंच तक हिमपात हुआ है। न्यूयॉर्क के कैनेडी एयरपोर्ट की 1100 उड़ानों को रद करना पड़ा। साथ ही, न्यूयॉर्क के स्कूल-कॉलेज को भी बंद कर दिया गया है। ● एजेंसी

# हाई कोर्ट ने क्रूरता के आधार पर पति को दी तलाक की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**13** साल से अलग रह रही थी पत्नी

पारिवारिक विवाद से जुड़े एक मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि दंपती के बीच सुलह की कोई संभावना नहीं है। झूठे आरोपों और 13 साल से अधिक का लंबा अलगाव न सिर्फ समस्या बन गया है, बल्कि यह व्यक्ति के साथ मानसिक क्रूरता है। एक व्यक्ति को मानसिक क्रूरता के आधार पर तलाक की डिक्री देते हुए अदालत ने कहा कि इस रिश्ते को जारी रखने की कोई भी जिद दोनों पक्षों पर केवल और क्रूरता पैदा करेगी।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने पत्नी की क्रूरता के आधार पर तलाक की मंजूरी दी है। हाई कोर्ट एक फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ पति की अपील पर फैसला सुनाते हुए कहा कि दोनों पक्ष करीब 13 साल से अलग रह रहे हैं, जिस दौरान व्यक्ति को उसके वैवाहिक रिश्ते से वंचित कर दिया गया। कोर्ट ने कहा- पति को शिकायतों का भी सामना करना पड़ा, जो 'क्रूर कृत्य' थे। फैमिली कोर्ट ने पति की तलाक अर्जी को मंजूर करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता (पति ने) यह साबित किया है कि प्रतिवादी (पत्नी) ने उनके साथ क्रूरता की और वह तलाक के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा, स्पष्ट रूप से अपीलकर्ता के बयान की पुष्टि करता है कि वह अपने माता-पिता के प्रभाव में थी और उनसे अलग होने के साथ ही अपीलकर्ता के साथ संबंध बनाने में असमर्थ थी। कोर्ट ने विवाह और इसके साथ आने वाले दायित्वों को अस्वीकार कहते हुए तलाक का मंजूरी दे दी।

### युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।



अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

# 43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

**माले।** मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से



मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।

**विज्ञान** नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण

# लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।



लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

### रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

# भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत: पेंटागन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध को लेकर पेंटागन ने बयान जारी किया है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध बहुत अच्छे हैं।

सबरीना सिंह ने कहा किस क्षेत्र में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी जारी रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों के बारे में पेंटागन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 13 फरवरी से अमेरिका के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने पाकिस्तान में संपन्न हुए चुनाव को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंटागन, पाकिस्तान में चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है। पाकिस्तान में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी की जा रही है। भारतीय सेना में परिवर्तन, वैश्विक खतरे की धारणा, सेना में परिवर्तन-2030/2040, मानव संसाधन चुनौतियां, भविष्य की सेना का विकास और आधुनिकीकरण, और सह-उत्पादन जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

### जनरल रैंडी जॉर्ज से मुलाकात करेंगे मनोज



रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल रैंडी जॉर्ज, अमेरिका के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा और बातचीत करेंगे।